e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 236
बुधवार
28.08.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

एक विचार लो। उस विचार को अपना जीवन बना लो – उसके बारे में सोचो, उसके सपने देखो, उस विचार को जियो। अपने मस्तिष्क, मांसपेशियों, नसों, शरीर के हर हिस्से को उस विचार में डूब जाने दो और बाकी सभी विचार को किनारे रख दो। यही सफल होने का तरीका है।

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

# वीर शहीद पोटो हो
की क्रांतिकारी भूमि कोल्हान प्रमंडल
की लाखों माता-बहनों को
## खुशियों का उपहार

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत

**श्री हेमन्त सोरेन**
मानननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

## सम्मान राशि का करेंगे हस्तांतरण

28 अगस्त, 2024 | अपराह्न 12:00 बजे से
फुटबॉल मैदान, रापचा, गम्हरिया, सरायकेला-खरसावाँ

**कोल्हान प्रमंडल** (सरायकेला-खरसावाँ, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम)
**की सभी बहनों का समारोह में स्वागत है**

48 लाख से अधिक निबंधन

लगभग 45 लाख बहनों के आवेदन स्वीकृत

31 अगस्त से पहले सभी बहनों के खातों में होगी एक हजार रुपये की सम्मान राशि (पहली किस्त)

सितंबर से हर महीने की 15 तारीख को हर बहन के खाते में पहुँचेगी सम्मान राशि

झारखण्ड मुख्यमंत्री
**मंईयां सम्मान योजना**

## हर बहना को हर साल ₹12 हजार



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR-333846(Women, Child Development & Social Security)24-25

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

# पांकी-लोहरसी-सोनपुर पथ के निर्माण व बराज को लेकर भाजपा ने दिया धरना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अमित तिवारी और लोहरसी मंडल के मंडल अध्यक्ष रौशन सिंह पांकी मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह के नेतृत्व में पांकी लोहरसी सोनपुर पथ के, साथ-साथ तेतराई अमानत पुल होते हुए बराज जो करोड़ों की लागत से बनी हुई है, उसे लेकर एक धरना प्रदर्शन किया गया। जिला अध्यक्ष तिवारी ने कहा कि पांकी लोहरसी से सोनपुर का सड़क का टेंडर फाइनल हुए 1 वर्ष बीत गया है। लेकिन आज भी स्थिति जस की तस है। सड़क में गढ्ढा है कि गढ्ढा में सड़क है यह किसी को पता ही नहीं चल पाता है। जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और लोगों की जान जा रही है। तेतराई अमानत होते हुए अमानत बराज में करोड़ों रुपए की राशि लगा दी गई। उसका काम लगभग 70 प्रतिशत हो चुका है। कुछ लोगों को मुआवजा भी मिला लेकिन उस बराज से आज तक किसी को एक बूंद भी पानी नहीं मिला। जो स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उदासीनता को परिलक्षित करता है। कई विधायकों के तो दो पीढियां भी इस क्षेत्र का नेतृत्व कर चुकी हैं लेकिन किसी ने इस महत्व नहीं दिया। इस बराज के बनने से पांकी, तरहसी, मनातू, पाटन के हजारों किसान लाभान्वित होते और खेती-बाड़ी के लिए केवल वर्षा पर निर्भर होने की आवश्यकता नहीं थी। आए दिन अकाल और सुखाड़ होता है। इन्हीं सभी चीजों को दूर करने के लिए इस बराज को बनाया गया था। लेकिन लाभ के नाम पर बिल्कुल शून्य है। आज इस क्षेत्र से युवा पलायन कर रहे हैं। रोजगार के तलाश में अपने गांव गिराव से हजारों किलोमीटर दूर बाहर जाने को विवश हैं। आखिर इसका जिम्मेवार कौन है तरहसी से श्रीदहाल होते हुए बलियारी तक का सड़क भी आम जनमानस के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों को मुंह चिढ़ा रहा है और चुनौती दे रहा है की है हिम्मत तो बना कर दिखाओ जबकि इन सारी चीजों में सभी प्रक्रियाएं पूर्ण रूप से हो चुकी है। इन्हीं सब चीजों को लेकर धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम किया गया है और आगे भी अगर इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी तो चरणबद्ध तरीके से जोरदार आंदोलन किया जाएगा। सरकार को इस विषय में सोचना चाहिए। क्योंकि इससे न केवल युवाओं को बल्कि किसानों को भी बहुत लाभ होने वाला है। मौके पर कई भाजपा के नेता मंडल के पदाधिकारी मौजूद थे।

## दीपक कुमार लाल ने प्रत्याशी बनाने हेतु कांग्रेस में पेश किया दावेदारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** आसन्न विधानसभा चुनाव में 76, डाल्टनगंज भंडरिया विधानसभा क्षेत्र से दीपक कुमार लाल ने प्रत्याशी बनाने हेतु कांग्रेस पार्टी में अपनी दावेदारी प्रस्तुत किया है। कांग्रेस नेतृत्व के निर्देशों के अनुरूप उम्मीदवारी हेतु अपना आवेदन पलामू जिला कांग्रेस के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक (बिट्टू पाठक) को सौंपा है। ज्ञातव्य है कि दीपक कुमार लाल के पिता श्री सोमेश्वर प्रसाद जी को कांग्रेस पार्टी ने 1995 में यहां से अपना प्रत्याशी बनाया था। दीपक कुमार लाल छात्र जीवन से युवा कांग्रेस, जिला कांग्रेस, एवं प्रदेश कांग्रेस में पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहे हैं। वैश्य एवं पिछड़ी जाति बाहुल्य इस विधानसभा क्षेत्र में स्वर्ण मतदाताओं के बीच भी उनकी गहरी पैठ और मधुर संबंध स्थापित है। उनकी उम्मीदवारी से चुनाव काफी दिलचस्प होने की संभावना प्रबल है।

## श्याम बने जपला मुख्य डाकघर के प्रभारी उप डाकपाल



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू प्रमण्डल के जपला मुख्य डाकघर में नये प्रभारी उप डाकपाल के पद पर श्याम कुमार ने योगदान किया। मौके पर उन्होंने बताया की डाकघर में ग्राहकों की समस्याओं को बारी बारी से निदान किया जायेगा। उनके योगदान पर अरविन्द कुमार ओझा, अभिषेक प्रभाकर, पप्पू प्रसाद, संतोष टुड्डू, श्रवण कुमार, देवेन्द्र नाथ गुप्ता, राकेश तिवारी, रविकांत सिंह, संतोष ठाकुर, सुधीर ठाकुर, रंजीत सिंह, कैलाश मेहता, राजकुमार, ज्योति प्रसाद, अभिषेक कुमार, सोमनाथ प्रसाद, भगवान राम सहित सभी डाककर्मी व अभिकर्ताओ ने बधाई दिया है।

## बीडीओ के साथ मारपीट करने वाला गिरफ्तार, गया जेल



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विगत सोमवार को लगभग तीन बजे गाड़ी साइड लेने के विवाद में भवनाथपुर बीडीओ के साथ मारपीट किये जाने को लेकर भवनाथपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। उक्त बातें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतेंद्र नारायण सिंह ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कहा। उन्होंने कहा कि इस मामले में कांड संख्या 241/24 दर्ज कर तत्काल करवाई करते हुए भवनाथपुर निवासी स्व0 बैजनाथ राउत के 60 वर्षीय पुत्र सुबन राउत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस घटना में शामिल एक अन्य की तलाश में छापेमारी किया जा रहा है। जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आरोपी ने बताया है कि बीडीओ कार्यालय में अपने पेंशन को लेकर पिछले कई दिनों से चक्कर लगा रहा था।मेरा काम पेंडिंग ही पड़ा था। गाड़ी साइड लेने के क्रम में बीडीओ से विवाद होने पर वही उपस्थित था और अपना खुन्नस निकाल लिया। मौके पर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, एसआई प्रदीप कुमार सहित पुलिस के जवान मौजूद थे।

## प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ जन्माष्टमी सम्पन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** सगमा प्रखंड क्षेत्र में दो दिवसीय श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव जय कन्हैया लाल की हाथी घोड़ा पालकी गूंज से हुआ समापन। श्री कृष्ण जन्म उत्सव को लेकर प्रखंड क्षेत्र विभिन्न स्थानों पर कृष्ण भगवान की बाल रूप में जन्मे रात को बारह बजे जन्म होने के रूप में मनाया गया। इसे लेकर प्रखंड के हरेक गांव में काफी उत्साह देखा गया। कृष्ण भगवान के इस प्राकट्य उत्सव को लोगो ने अपने अपने परंपरागत तरीके से पूजा पाठ किया गया ।इस खुशी में बच्चे कृष्ण के बाल रूप गणवेश धारण कर घूम रहे थे तो छोटे छोटे बालिकाएं राधा जी के रूप में वेश धारण कर मंदिर में पूजा पाठ में सामिल हुए। इस कृष्ण उत्सव में मुख्य आकर्षण का केंद्र बीरबल गांव में मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री राम सेवा समिति के नेतृत्व में आयोजित मटका फोड़ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे धुरकी के थाना प्रभारी ने कार्यक्रम के सराहना करते हुए कहा की इस तरह का कार्यक्रम धुरकी थाना क्षेत्र लिए गर्व का विषय है मैं धुरकी पुलिस की तरफ से आयोजन समिति के सभी लोगो को हार्दिक दिल से आभार वयक्त करता हूं ।वही विशिष्ट अतिथि के रूप में सामिल बीरबल मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा,ने इस कार्यक्रम में सामिल अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा की इतना भव्य कार्यक्रम आयोजित करने वाले श्री राम सेवा समिति के साथ सभी ग्राम वासियों को धन्यवाद प्रकट किया ।इस मौके पर आर एस एस के खंडवाहक रामजन्म गुप्ता, ने मुख्य अतिथि धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार विशिष्ट अतिथि मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा मानस प्रवक्ता रामेंद्र मिश्रा प्रमुख अजय गुप्ता को अंग वस्त्र देकर समनित किया ।उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने वालो में श्री कांत यादव दया गुप्ता अशीस विश्वकर्मा राजेश विश्वकर्मा सुमित विश्वकर्मा आनंद यादव विवेक यादव अंगद यादव नागेंद्र विश्वकर्मा राजू प्रजापति देवनाथ यादव दीपक गुप्ता तेजू विश्वकर्मा विक्रांत यादव का नाम मुख्यरूप से शामिल है।

### नौड़ीहा बाजार परिसर में जला ट्रांसफार्मर, अंधेरे में रह रहे लोग

## बिजली विभाग के अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड मुख्यालय की विजली की हालत ऐसी बनी हुई है कि बाजार परिसर मे लगभग 200 घर अंधेरे मे रहने के लिए विवश है। गत शनिवार की 200 केवी का ट्रांसफार्मर जल चुका है। जिसके कारण विजली की व्यवस्था चरमरायी हुई है। साथ ही साथ व्यवसाय भी ठप है। बताते चलें कि फिलहाल झारखंड शिक्षक पात्रता की फॉर्म ऑनलाइन हो रहा है। बच्चों की शिक्षण कार्य भी बाधित हो रहे है। जबकी विजली की समस्या को लेकर स्थानीय विधायक व जन प्रतिनिधि किसी का भी सुधी लेने के लिए तैयार नहीं है। लोगों की भारी परेशानी की समाना करना पड़ पर रहा है। जिसे व्यवसाय लोगों की बिजली नहीं रहने से काफी परेशानी झेलना पड़ रहा है। पूरे व्यवसाय लोगों ने जल्द बिजली विभाग की अधिकारी से ट्रांसफार्मर बदलने की मांग कर रहे है। समाचार लिखें जाने से तक दूरभाष के माध्यम से सहायक अभियंता की फोन लगा कर सम्पर्क किया। लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। और किसी प्रकार की जबाब नहीं दिया। इसलिए नौड़ीहा बाजार की सभी व्यवसाय लोगों की बीच काफी आक्रोश देखने को मिला।

## जन्माष्टमी कार्यक्रम में शामिल हुई चंचला देवी चंद्रवंशी



**नौडीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भावी प्रत्याशी पाटन छतरपुर विधानसभा चंचला देवी चंद्रवंशी को छतरपुर प्रखंड के मिडिल स्कूल प्रांगण छतरपुर में जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर कृष्ण चेतना मंच छतरपुर के तत्वाधान में आयोजित सांस्कृतिकत कार्यक्रम में मुझे अतिथि के तौर पर बुलाया गया। जिसमें बिहार के मशहूर गायक गोपाल यादव एवं उनके पूरे टीम दूसरे पक्ष से सुदर्शन यादव एवं उनके पूरे टीम उपस्थित रहे। चंचला देवी ने कहा शुभ एवं पुनीत कार्य भगवान श्री कृष्ण जी के जन्मोत्सव को पूरे धूमधाम से मनाने पर छतरपुर एवं नौडीहा प्रखंड के तमाम यादव कुल में जन्म लिए यादव भाइयों एवं बहनों को दिल से धन्यवाद देता हूं।

## जनता का विकास करने वाला चाहिए विधायक : गोपाल राम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिश्रामपुर :** जिला स्थित नगर परिषद क्षेत्र बि मोड के निकट विश्रामपुर विधानसभा संयोजक व बहुजन समाज पार्टी के नेता गोपाल राम ने अपने सहयोगी के साथ प्रेस कांफ्रेंस किया, उन्होंने बिगत चल रही राजनीति पर चर्चा करते हुए विश्रामपुर विधानसभा की हालत व विकास को दुर्भाग्य बताया। उन्होंने बोला बिश्रामपुर विधानसभा जैसा क्षेत्र जहां तेजी से विकास होना चाहिए थी वही विकास थम सी गई है। किसी भी ग्रामीण क्षेत्र में जाकर देखा जा सकता है, वहीं उन्होंने आदित्य बिरला फैक्ट्री की चर्चा करते हुए क्लोरीन गैस की रख रखाव एवं लीक होने पर बचाव के लिए समुचित उपाय करने की बात कही, उन्होंने बताया फैक्ट्री द्वारा नमक काफी मात्रा में ड्रंप करने से पूरे नगर परिषद क्षेत्र में पानी में नमक का मात्रा हो गया है, टैंकर से घर- घर पहुंचाने वाला पानी भी ठीक ढंग से नहीं दे पता किसी तरह से लोग अपना काम चलाते हैं। पत्रकारों द्वारा विधानसभा चुनाव लड़ने को लेकर पूछे जाने पर उन्होंने बताया बहुजन समाज पार्टी के शीर्ष नेतृत्व करता बहन मायावती अगर हम पर विश्वास जताते हुए पार्टी से टिकट देती है तो मैं चुनाव अवश्य लडूंगा मौके पर, गौतम कुमार, अजय राम, अखिलेश कुमार, सुरेंद्र भारती, सूर्यमल राम समेत पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मुखिया की अधिकार कटौती को लेकर मुखिया संघ ने हड़ताल को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर मुखिया संघ ने अनिश्चितकालीन हड़ताल हेतु बीडीओ को एक ज्ञापन मंगलवार को सौंपा हैं। बता दें कि झारखंड मुखिया संघ के तत्वावधान में राज्यवित्त आयोग के राशि पंचायत को देने समेत विभिन्न मांगों को लेकर 27 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रहें हैं। और राज्य के सभी मुखिया प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक जाकिर हुसैन पार्क (राज भवन) के समक्ष शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया करेंगे। जिसका समर्थन चैनपुर प्रखंड के मुखिया संघ ने भी किया है। इस संबंध में चैनपुर प्रखंड का मुखिया संघ के अध्यक्ष अरविंद तिवारी ने बताया कि अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की जानकारी लिखित रूप से हमलोग ने बीडीओं को दे दिया है। यह भी कहा है कि बीते 24 एवं 29 जुलाई को झारखंड मुखिया संघ द्वारा सरकार को मांग पत्र सौपा गया था। साथ ही 20 अगस्त को मुख्यमंत्री से मुलाकात किया और वार्ता के लिए समय भी मांगा गया था। लेकिन कोई सुनवाई एवं साकारात्मक पहल नहीं होने कारण झारखंड के सभी मुखियागण आक्रोशित होकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिए है।

## बिश्रामपुर के ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर में मनाया गया श्री कृष्ण जन्मोत्सव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिश्रामपुर (पलामू) :** बिश्रामपुर के ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूम धाम के साथ मनाया गया.इस अवसर पर मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया था। मंदिर परिसर में भगवान श्रीकृष्ण का झूला भी लगाया गया था.रात्रि 12 बजे भगवान के प्रगट होने के समय श्रद्धालुओं ने आतिशबाजी भी की। इस विशेष पूजा अर्चना में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बिश्रामपुर राजपरिवार के सभी सदस्य शामिल हुए। राजा रंजित राय, रानी रागनी सिंह और युवराज शशांक राय ने बतौर जजमान खुद पूजा अर्चना किया. राजपुरोहित पंडित अच्युतानंद पांडेय ने पूजा संपन्न कराया। यहां बताते चलें कि हर वर्ष जन्माष्टमी पूजा का आयोजन राजपरिवार ही करता है.पंचमुखी मंदिर का देख रेख और रख रखाव भी राजपरिवार के द्वारा ही किया जाता है। राजा रंजित राय ने कहा कि भगवान कृष्ण के बताए मार्ग पर चलकर ही समाज का कल्याण किया जा सकता है.रानी रागनी सिंह ने कहा कि भगवान कृष्ण का उपदेश हम सब को अपने जीवन में उतारने की जरूरत है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, विजय कुमार रवि, राजेश कुमार मार्शल, गोपाल सोनी, दीपक कुमार, चंदन चंद्रवंशी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## कांग्रेसी नेता प्रभात दुबे जिला अध्यक्ष के समक्ष मजबूत देवदारी पेश किया




**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलमू कांग्रेसी नेता प्रभात कुमार (बडू) दुबे ने बिधानसभा चुनाव को लेकर अपनी उम्मीदवारी पलामू कांग्रेस जिला अध्यक्ष के समक्ष पेश किया है, उन्होंने कहा कि बिश्रामपुर विधानसभा को पिछले दस वर्षो से वर्तमान विधायक ने चारागाह बना दिया है, भय, भूख, भ्रष्टाचार काफी बढ़ चुका है जनता की कोई भी समस्या बिना पैसा के लेनदेन के बिना छोटी सी छोटी कार्य होना दूबर सा हो गया है, मैं विश्रामपुर मझिआंव की हर प्रखंड कि ग्रामीण क्षेत्र को घूमते हुए लोगों की समस्या से अवगत हुआ हूं, ऐसे में जहां का राजा अपना निजी कार्य को बढ़ावा देते हुए जनता का चिंता करना छोड़ दे तो जनता राम भरोसे ही बच जाती है उन्होंने बताया इस बार बिश्रामपुर विधानसभा की जनता सबक सिखाने को तैयार बैठी है, ऐसे में अगर जनता ने आशीर्वाद दिया तो बिश्रामपुर विधानसभा को राज्य में सबसे बेहतर बनाने कार्य करूंगा।

**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.**
**(CIN: U40108JH2013SGC001704)**
**Regd. Office: 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-02**
**(E-mail:cetjusnl@gmail.com)**

**TENDER CANCELLATION NOTICE**

Due to unavoidable circumstances, tender invited vide NIT no. 118/PR/JUSNL/2024-25 for Design, Engineering, Supply, Erection, Testing and Commissioning of 132 KV, D/C transmission line for connecting 132/33 KV sub-station, Banhardi with 132/33 KV, GSS Chandwa at 132 KV level & reconductoring with HTLS conductor in 132 KV interconnection line between 400/220/132 GSS and 132/33 GSS at Latehar on turnkey basis is hereby cancelled.

Sd/-
General Manager, C&M (NWBP)
JUSNL,Ranchi

PR No. 330745

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR.NO.333834 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25):D

## जपला में मनाया गया श्री कृष्ण जन्मोत्सव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** आज सम्पूर्ण विश्व में विशेषकर भारत में दिव्य गुणों से परिपूर्ण 16 कलाओं से युक्त तथा पूर्णतया निर्विकार श्री कृष्ण की जन्माष्टमी पूरे उत्साह व उमंग के साथ मनाई जा रही है।जपला सेवा केंद्र की ब्रह्माकुमारीज ने अपने केन्द्र, सद्भावना भवन में बच्चों – नव्या, अंशिका, श्रुति, प्रिंसी, स्नेहा, पीहू, बीके वंदना,इक्षा,चेरी के साथ नन्हें कृष्ण और उनकी सहेलियों (गोपियों) का अभिनय करके बड़े उत्साह और खुशी के साथ श्री कृष्ण के जन्मोत्सव का उत्सव मनाया। बच्चों ने कई सुंदर नृत्य प्रस्तुत किये।प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सद्भावना भवन सेवा केंद्र पर श्रीकृष्णा जन्माष्टमी के पर्व अलौकिक रीति से मनाई गई। सेवा केंद्र प्रभारी प्रियंका दीदी की देखरेख में शुरू किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व विधायक संजय सिंह यादव, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह टूटू सिंह, समाज सेवी कर्नल संजय सिंह, शशि कुमार (नगर पंचायत अध्यक्ष) मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। मंच के संचालन बी.के. नीरज भाई ने की। बी.के. नम्रता, बीके लाली बहन ने अतिथियो को ईश्वरीय शौग़ात से सम्मानित किया। वहीं श्री कृष्ण जन्माष्टमी का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए सेवा केंद्र प्रभारी राजयोगिनी प्रियंका दीदी ने कहा कि इस शुभ दिन पर, भगवान के प्रेम में लीन रहकर, हमेशा भगवान के करीब रहकर (उपवास) क्रोध, वासना, अहंकार, लोभ और मोह को अपने अंदर से मिटाने की शपथ ली जाती है। श्रीमद्भगवद्गीता या रामचरितमानस के अनुसार, ज्ञान के साथ प्रेम, पवित्रता, शांति, शक्ति, आनंद और खुशी को आत्मसात करके इन पाँचों विकारों पर विजय पाना ही वास्तविक विजय है। मौके पर बी.के धीरज, बी.के. मनोज भगत, रेखा बहन, वंदना बहन, राम नरेश यादव, धर्मेंद्र कुमार, संतोष गुप्ता, भगवान प्रसाद और सैकड़ो जिज्ञासु उपस्थित रहे।

## सत्संग की अग्नि में मनुष्य के सारे विकार नष्ट हो जाते है : जीयर स्वामी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पंडवा (पलामू) :** निगम क्षेत्र के सिंगरा चातुर्मास व्रत कथा में श्री लक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा-प्रवचन के दौरान कहा कि भागवत के ग्यारहवें स्कंध में भगवान् उद्धव से कहते है की संसार के प्रति सभी आसक्तियां सत्संग नष्ट कर देता है. भगवान् कहते है की हे उद्धव वे यज्ञ-यज्ञादि, वेद-पुराण, तीर्थ-व्रत, तपस्या-साधना और त्याग से वश में नही होते लेकिन सत्संग से वे जल्दी ही अपने भक्तों के वश मे हो जाते है. इसलिये सत्संग की बहुत महिमा है. जीवन में सत्संग को हमेशा बनाए रखना चाहिये. सत्संग सब मङ्गलों का मूल है. जैसे फुल से फल और फल से बीज और बीज से वृक्ष होता है, ठीक उसी प्रकार सत्संग से विवेक जागृत होता है और विवेक जागृत होने के बाद भगवान् से प्रेम होता है और प्रेम से प्रभु प्राप्ति की होती है. श्री स्वामी जी महाराज ने कहा कि सत्संग से मनुष्य के करोड़ों-करोड़ों जन्मो के पाप नष्ट हो जाते है. सत्संग से मनुष्य का मन बुद्धि शुद्ध होता है. सत्संग से ही भक्ति मजबुत होती है. आनन्द कहीं बाहर नही है वो हमारे भीतर ही है लेकिन मनुष्य ने मन के चारों तरफ संसार के मोह की चादर लपेट रखी है इसलिये आनन्द ढ़क जाता है और महसुस नही होता है. सत्संग से वही मोह रुपी चादर हट जाती है तो आनन्द मिलने लगता है. जैसे मूर्तिकार पत्थर को तराशता है और पत्थर से गंदगी हटाकर उसे मुर्ति का रुप देता है ठीक उसी प्रकार जीवन में जो अशांति, परेशानी, विकार आदि रहते है उनको सत्संग हटा देता है और मनुष्य का एक निर्मल चरित्र बना देता है. जो सुख साधु संग में, सो सुख बैकुंठ न होय मतलब संतो के संग से मिलने वाला आनन्द तो बैकुण्ठ में भी दुर्लभ है।

## पुरी मात्रा में राशन उपलब्ध कराने को डीलर संघ ने एमओ को सौंपा मांगपत्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** सोमवार को प्रखंड आपूर्ति कार्यालय में प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद रवि को डीलर संघ के अध्यक्ष ज्वाला प्रसाद के अगुवाई में प्रखंड क्षेत्र सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों ने खाद्यान्न आवंटन के हिसाब से पुरी मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध कराने को लेकर मांगपत्र सौंपा है।

**कार्यालयः जिला परिषद, रामगढ़**
**–: संवेदक के सूचीकरण/निबंधन हेतु सूचना :–**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद, रामगढ़ के अन्तर्गत निविदा के माध्यम से कार्यान्वित होने वाली सभी योजनाओं के लिए निविदा देने के लिए श्रेणी (I) एवं श्रेणी (II) में निबंधन हेतु संवेदको से विहित प्रपत्र (परिशिष्ट 'क') में आवेदन पत्र आवश्यक प्रमाण पत्रों के साथ आमंत्रित किया जाता है। आवेदन पत्र निर्धारित शुल्क 500/– (पाँच सौ) रू0 का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक (जो DDC-CUM-CEO ZILA PARISHAD RAMGARH के पदनाम से निर्गत एवं "रामगढ़ कैन्ट" में भुगतेय हो) जमा कर जिला परिषद, रामगढ़ के कार्यालय से दिनांक 28.08.2024 से 31.08.2024 तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकेगा।

नोट : सूचीकरण/निबंधन से संबंधित नियम व शर्तें जिला परिषद, रामगढ़ के सूचना पट्ट एवं जिला के वेबसाईट : www.ramgarh.nic.in में देखी जा सकती है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त
–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, रामगढ़।

PR 333778 District(24-25)D

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
वर्ष 11, अंक 236
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
बुधवार
28.08.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

एक विचार लो। उस विचार को अपना जीवन बना लो। उसके बारे में सोचो, उसके सपने देखो, उस विचार को जियो। अपने मस्तिष्क, मांसपेशियों, नसों, शरीर के हर हिस्से को उस विचार में डूब जाने दो और बाकी सभी विचार को किनारे रख दो। यही सफल होने का तरीका है।

ताजा खबरों के लिए देखें

## झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना: सीएम ने दुमका में 73 करोड़ 29 लाख रुपए किया हस्तांतरित

# महिलाओं में है अदभुत उत्साह : हेमंत सोरेन

**मुख्यमंत्री ने कहा**

### आपका भरोसा और उम्मीद हमें हर मुसीबतों तथा चुनौतियों से लड़ने की ताकत देता है

### जो आधी आबादी को मजबूत एवं सशक्त करेगा, वही राज्य आगे बढ़ेगा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**दुमका :** झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर राज्यभर की महिलाओं में जो उत्साह एवं खुशी देखने को मिल रहा है, वह अदभुत है। आपका ये उत्साह हमें हर मुसीबतों तथा चुनौतियों से लड़ने की ताकत देता है। आपकी उम्मीदों और भरोसेसे हम हर चुनौतियों का डटकर मुकाबला करते हुए निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। दुमका जिला के जामा प्रखंड स्थित पांजनपहाड़ी में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के संताल परगना प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधी आबादी को जो मजबूत और सशक्त करेगा, वही राज्य आगे बढ़ेगा। राज्य के विकास के लिए महिलाओं की भागीदारी हर हाल में जरूरी है। यही वजह है कि हमारी सरकार आधी आबादी को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से 4 वर्ष पहले कई ऐसे गांव थे, जहां के लोगों ने कभी ब्लॉक ऑफिस तक नहीं देखा था। डीसी-एसपी ऑफिस के बारे में जिन्हें कोई जानकारी तक नहीं थी। उनके दरवाजे पर आज पूरी सरकार पहुंच रही है।

### किसानों को वैकल्पिक कृषि के लिए सरकार कर रही पूरा सहयोग

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए सरकार कई योजनाएं लेकर आई है। विशेषकर आज मौसम में जिस तरह का बदलाव देखने को मिल रहा है, उसमे किसानों को पारंपरिक खेती के अलाव वैकल्पिक कृषि के लिए आगे आने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना और मुख्यमंत्री पशुधन योजना जैसी अनेकों योजनाएं हैं, जिससे जुड़कर किसान अपनी आय बढ़ा सकते हैं।

### गांवों की मजबूती से राज्य के विकास का रास्ता तय होगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों को मजबूत किए बगैर राज्य मजबूत नहीं बन सकता है। यही वजह है कि हमारी सरकार रांची हेडक्वार्टर की बजाय गांव- देहात से चल रही है। आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गांव-गांव टोले -टोले में शिविर लगाकर सरकार की योजनाओं से समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को भी जोड़ने का काम किया गया। यह कार्यक्रम निरंतर चलेगा। हमारा प्रयास आपकी हर समस्या का समाधान करना है

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस कार्यक्रम में मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री श्रीमती बेबी देवी, मंत्री हफीजुल हसन,मंत्री श्रीमती दीपिका पांडेय, मंत्री इरफान अंसारी, सांसद नलिन सोरेन, विधायक प्रदीप यादव, विधायक बसंत सोरेन, विधायक बादल, विधायक दिनेश विलियम मराण्डी, विधायक कल्पना सोरेन, जिला परिषद अध्यक्ष जॉयस बेसरा, प्रमंडलीय आयुक्त लाल चंद दादेल तथा संताल परगना प्रमंडल अंतर्गत आने वाले जिलों के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### पिछले साढ़े चार वर्षों में विकास का नया पैमाना बना

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों में हमारी सरकार ने इस राज्य और यहां के आदिवासी-मूलवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, किसान- मजदूर, बूढ़े- बुजुर्ग, महिला युवा समेत हर वर्ग- तबके के लिए जो कार्य किए हैं, उसने विकास का नया आयाम गढ़ा है। आज राज्य का कोई भी बूढ़ा बुजुर्ग पेंशन से वंचित नहीं है। किसानों के दो लाख रुपए तक के लोन माफ किए गए हैं। बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले इसके लिए उत्कृष्ट विद्यालय खोले गए हैं। यहां के बच्चे पढ़- लिख कर आगे बढ़ें, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के तहत उन्हें आर्थिक सहयोग किया जा रहा है।

### 7 लाख 32 हजार 906 बहन बेटियों को मिली 73 करोड़ 29 लाख 6 हजार रुपए सम्मान राशि

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संताल परगना प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम में 7 लाख 32 हजार 906 लाभुकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से 73 करोड़ 29 लाख 6 हजार रुपए सम्मान राशि के रूप में हस्तांतरित कर महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और मजबूत कदम बढ़ाया। इनमे दुमका की 1 लाख 58 हजार 724, देवघर जिले की 50 हजार 152, साहिबगंज जिले की 1 लाख 20 हजार 78, गोड्डा जिले की 1 लाख 58 हजार 289, पाकुड़ जिले की 1 लाख 20 हजार 110 और जामताड़ा जिले की 1 लाख 25 हजार 543 बहन- बेटियां शामिल हैं।

**मतदाता सूची 2024 का हुआ अंतिम प्रकाशन**

## राज्य में 41 मतदान केंद्र की हुई वृद्धि



**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मीडिया प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचन सदन में मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के अंतिम प्रकाशन के संदर्भ में प्रेस-वार्ता की।उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के तहत राज्य में चल रहे मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का 25 जुलाई को प्रारूप प्रकाशित किया गया था जिसका आज सभी जिलों, ब्लॉक एवं मतदान केंद्रों पर अंतिम प्रकाशन किया गया है। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन को सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी के रूप में सभी राजनीतिक पार्टियों को उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य के मतदाता इस नव प्रकाशित मतदाता सूची में अपने नाम की जांच अवश्य कर लें, किसी प्रकार की विसंगति के मामले में अविलंब सुधार करवा लें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची के प्रकाशन के उपरांत राज्य में कुल 2,57,78,149 मतदाता हैं जिसमें 1,30,65,449 पुरुष मतदाता, 1,27,12,266 महिला मतदाता एवं 434 थर्ड जेंडर के मतदाता है।उन्होंने बताया कि मतदान केंद्रों के विलोपन एवं गठन के उपरांत पूर्व में अनुमोदित 29,521 मतदान केंद्रों के स्थान पर अब 29,562 मतदान केंद्रों की संख्या है यानि कुल 41 मतदान सृजित हुए हैं।

## क्विक न्यूज

### निर्विरोध आईसीसी के अध्यक्ष चुने गए बीसीसीआई सचिव जय शाह

**नई दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अगले अध्यक्ष चुने गए हैं। अक्टूबर 2019 से बीसीसीआई का कामकाज संभाल रहे जय शाह एक दिसंबर 2024 से आईसीसी चेयरमैन का पद संभालेंगे। मौजूदा अध्यक्ष ग्रेग बार्कले का कार्यकाल 30 नवंबर को समाप्त हो रहा है और इस पद के लिए नामांकन करने की अंतिम तिथि 27 अगस्त थी।

### पुल टूटने से 30 गांवों में आवागमन बंद

**मुरादाबाद :** जिले के मूंढापांडे में भीकनपुर में सोमवार रात्रि पुल टूट जाने से 30 गांव का आना जाना बंद हो गया है। जिससे क्षेत्रीय ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। वहीं मंगलवार को रामगंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से उसका सहायक नाला उफान पर आ गया है।इससे विकनपुर में पुल के पास तेजी से कटान हो गया है। विकनपुर में कटान होने के कारण दलपतपुर-गोविंदपुर कला वाया कुंदरकी जाने वाली सड़क पूरी कट गई है। इससे दलपतपुर से मिलक विकनपुर, विकनपुर, गतौरा, गोविंदपुर कला रसूलपुर नगरी दौलतपुर अजमतपुर, लोधीपुर बासु आदि गांवों की आवाजाही बंद हो गई है। इन गांवों के लोगों को रौंडा-मूंढापांडे से ब्लॉक मुख्यालय और पीतल नगरी से जिला मुख्यालय जाना पड़ रहा है।

### छत्तीसगढ़ के 850 श्रद्धालु अयोध्या रवाना

**रायपुर :** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पहल पर शुरू की गई रामलला दर्शन योजना के तहत चलाई जा रही विशेष ट्रेन मंगलवार को रायपुर रेल्वे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-7 से रवाना हुई। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। इस विशेष ट्रेन से 850 श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। इस यात्रा से श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। श्रद्धालुगण भगवान राम का जय-जयकार करते हुए अयोध्या धाम के लिए निकल चुके हैं। ट्रेन में श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए भक्तिमय माहौल में श्री रामलला के दर्शन को जा रहे है।

### राजस्थान को पर्यटन में अग्रणी राज्य बनाने का है संकल्प : दीया कुमारी

**जयपुर :** उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि राजस्थान में पर्यटन विकास की असीम संभावनाएं हैं। राजस्थान को पर्यटन में अग्रणी राज्य बनाने के हमारे संकल्प को पूर्ण करने में राजस्थान पर्यटन विकास निगम की महत्वपूर्ण भूमिका है।उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी मंगलवार को पर्यटन भवन में राजस्थान पर्यटन विकास निगम की कार्ययोजनाओं की समीक्षा बैठक में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि राजस्थान पर्यटन विकास निगम लाभ की स्थिति में आये तथा अन्य राज्य के मुकाबले राजस्थान को पर्यटन का सिरमौर बनाने में अपनी भूमिका का निर्वहन कर सके इसके लिए कार्य किया जाना है। उन्होंने कहा कि इसके लिए अधिकारी कार्य योजना बनाकर काम करें। अधिकारी ज्यादा से ज्यादा फिल्ड में रहकर नियमित रूप से और निरंतर बेहतर कार्य करें।

### जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने जारी की 29 उम्मीदवारों की तीसरी सूची

**नई दिल्ली :** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को तीसरी सूची जारी कर दी है। इस सूची में कुल 29 उम्मीदवारों के नाम हैं। इस सूची में दूसरे चरण के 10 उम्मीदवार, तो तीसरे चरण के 19 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं।इससे पूर्व सोमवार को भाजपा ने राज्य के पहले चरण के चुनाव के लिए जारी अपनी पहली सूची में 15 व दूसरी में 01 नामों के साथ 16 उम्मीदवारों की घोषणा की थी।

### आज बीजेपी का बंगाल बंद

**कोलकाता:** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर से रेप और हत्या के खिलाफ आज छात्र संगठनों ने राज्य सचिवालय तक मार्च किया था। हालांकि, इस दौरान पुलिस प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठियों, आंसू गैस और पानी की बौछार का इस्तेमाल किया। अब इस कार्रवाई के खिलाफ भाजपा ने बुधवार को 12 घंटे के लिए बंगाल बंद का ऐलान किया है। हालांकि, ममता बनर्जी सरकार ने इस बंद की अनुमति देने से साफ इनकार कर दिया है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 28⁰ |
| न्युनतम | 22⁰ |

## कैंप पर उग्रवादी हमला कर्मियों को पीटा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गुमला :** जिले के बसिया में उग्रवादियों ने मंगलवार भोर चार बजे बसिया व सिसई प्रखंड को जोड़ने वाली सड़क निर्माण के लिए बनाये गये कैंप पर हमला किया। कई गाड़ियों के शीशे तोड़ डाले और कैंप में सो रहे कर्मचारियों को भी मारा-पीटा। लेवी की मांग को लेकर सिसई व बसिया सड़क का निर्माण कार्य बंद करने की धमकी दी और कैंप में खड़ी गाड़ियों पर हमला कर दिया। उस वक्त कई कर्मचारी सो रहे थे। उग्रवादियों के पहुंचने के बाद सभी की नींद टूट गयी। इसके बाद उग्रवादी सभी कर्मचारियों को घेरकर पीटने लगे। छह कर्मचारियों को चोट लगी है। बाकी कर्मचारी कैंप से भाग खड़े हुए। अभी तक कई फरार कर्मचारी कैंप में वापस नहीं लौटे हैं।गुमला जिले के बसिया प्रखंड के पोकटा गांव के समीप विनोद जैन कंस्ट्रक्शन द्वारा पुल बनवाया जा रहा है। सड़क की लागत 60 करोड़ रुपये से अधिक की है। पुल का काम अधूरा है। उग्रवादियों ने 40 लाख रुपये लेवी की मांग की थी। लेवी नहीं मिलने के बाद मंगलवार की सुबह नारेकेला जंगल की ओर से उग्रवादी पुल निर्माण स्थल के समीप बने कैंप पर पहुंचे और हमला कर दिया। घटना की सूचना पर बसिया अनुमंडल के एसडीपीओ मो. नजीर, इंस्पेक्टर व थानेदार घटनास्थल पर पहुंचे।

## मोदी-शाह पर भरोसा बढ़ा : चंपाई सोरेन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची** : झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने भाजपा में शामिल होने की वजह बताई। उन्होंने कहा कि पहले मैंने सोचा था कि मैं संन्यास ले लूंगा। फिर मैंने सोचा कि नया संगठन बनाऊंगा। लेकिन इसके लिए समय अभी कम है। बहुत मंथन करने के बाद मेरा प्रधानमंत्री और गृह मंत्री अमित शाह पर विश्वास बढ़ गया है और भाजपा में शामिल होने का हमने निर्णय ले लिया है। भाजपा में मेरे साथ मेरा बेटा भी शामिल होगा। इससे पहले बताया गया कि चंपई सोरेन 30 अगस्त को रांची में आधिकारिक तौर पर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होंगे। असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी थी। इससे पहले चंपई सोरेन ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। गौरतलब है कि चंपई सोरेन सोमवार को नई दिल्ली पहुंचे थे। बीजेपी में शामिल होने से पहले ही केंद्र सरकार ने चंपाई सोरेन की सुरक्षा बढ़ा दी है. उन्हें जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी गयी है. दिल्ली से लौटते ही उन्हें जेड प्लस सुरक्षा मिल जायेगी. अब चंपाई सोरेन की सुरक्षा में 33 जवान तैनात रहेंगे. चंपाई सोरेन ने एक सवाल के जवाब में कहा कि 28 अगस्त को झारखंड जा रहे हैं.कहा कि झारखंड में मैंने बहुत संघर्ष किया है, मेरा इतिहास आइने की तरह साफ है, इसलिए कोई कुछ भी कहे, उसका जवाब देना हम उचित नहीं समझते हैं. लेकिन हम भारतीय जनता पार्टी में शामिल होंगे.चंपाई सोरेन ने यह भी पुष्टि की कि उनके बेटे बाबूलाल सोरेन भी भाजपा का दामन थामेंगे.

## राज्य में कानून व्यवस्था फेल : हाई कोर्ट




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में 23 अगस्त को भारतीय जनता युवा मोर्चा की आक्रोश रैली के दिन 23 अगस्त को झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी के कांके रोड में जाम में फंसने मामले में झारखंड हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मंगलवार को सुनवाई की। साथ ही इसे हाई कोर्ट की एक्टिंग चीफ जस्टिस के पास विस्तृत सुनवाई के लिए भेज दिया। कोर्ट ने मौखिक कहा, प्रतीत होता है कि साजिश के तहत उन्हें रोका गया। कोर्ट ने कहा कि कांके रोड में कोई धरना-प्रदर्शन नहीं था। इसके बावजूद भी वहां 300 से ज्यादा पुलिसकर्मी सुरक्षा में तैनात थे। कोर्ट ने मौखिक कहा कि ऐसी घटना कानून व्यवस्था का फेलियर है। यह गंभीर मामला है। हाई कोर्ट के सिटिंग जज सुरक्षित नहीं है। लगता है सिर्फ सुरक्षा व्यवस्था राजनीतिज्ञ एवं मंत्रियों के लिए है। जब एक हाई कोर्ट का सिटिंग जज ने सुरक्षित नहीं है तो दूसरे अन्य कोर्ट का भी जज सुरक्षित नहीं है। हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान रांची डीसी, डीजीपी, रांची एसएसपी, ट्रैफिक एसपी सशरीर उपस्थित हुए। जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने तीनों पुलिस के वरीय अधिकारियों को फटकार लगाते हुए मौखिक कहा कि जब हाई कोर्ट के सिटिंग जज ने मुख्यमंत्री आवास के समक्ष जाम में फंस रहे हैं उन्हें निर्धारित स्थल पहुंचने में कई घंटे का समय लग रहा है। आम जनता की स्थिति क्या होगी यह समझा जा सकता है।

## कोलकाता कांड : प्रदर्शनकारी छात्रों पर लाठीचार्ज

एजेंसी



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में सैकड़ों छात्रों ने मंगलवार को कोलकाता के दो स्थानों से नबन्ना अभियान मार्च शुरू किया। इसे तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। मार्च आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल की एक महिला चिकित्सक से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या के मामले में निकाला गया। छात्र संगठनों की मांग है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। वे घटना के लिए जिम्मेदार लोगों की गिरफ्तारी की मांग भी कर रहे हैं। नबन्ना पश्चिम बंगाल सरकार का सचिवालय है।जानकारी के मुताबिक, प्रदर्शनकारी मुख्यमंत्री बनर्जी को महिलाओं को सुरक्षा नहीं दे पाने के लिए जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। उनका दावा है कि सरकार की लापरवाही की वजह से ही आरजी कर अस्पताल की घटना घटी। इसके विरोध में देशभर में प्रदर्शन हुए। छात्र संगठन 'छात्र समाज' और राज्य सरकार के कर्मचारियों के 'संग्रामी जौथा मंच' ने उत्तर कोलकाता के कॉलेज स्क्वायर और हावड़ा के संतरागाची से मार्च शुरू किया।बड़ी संख्या में पुलिस की तैनाती के बीच निकाले जा रहे मार्च में शामिल एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि कुछ भी हो जाए, हम नबन्ना तक पहुंचेंगे। हमें मुख्यमंत्री का इस्तीफा चाहिए। हमें राज्य सचिवालय पहुंचना है। उनकी सरकार इस जघन्य अपराध के लिए जिम्मेदार लोगों को बचाने की कोशिश कर रही है। प्रशासन घटना को दबाने की कोशिश कर रहा है।

### मप्र: कूनो राष्ट्रीय उद्यान में नर चीता पवन की मौत

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कूनो राष्ट्रीय उद्यान में बसाए गए एक और चीते की मौत हो गई है। नामीबिया से लाए गए नर चीते पवन का शव मंगलवार को नाले पर पड़ा मिला। आशंका जताई जा रही है कि नाले में डूबने से उसकी मौत हुई है। एपीसीसीएफ एवं लायन प्रोजेक्ट के निदेशक उत्तम कुमार शर्मा ने इसकी पुष्टि की है। प्रारंभिक तौर पर मौत का कारण डूबने से लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की जानकारी पता चलेगी।

असर्फी कैंसर संस्थान
वही तरीका वही इलाज
संभव है कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
PET CT Scan
की सुविधा उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity, Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad - 828105

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## रांची-झारखंड नवनिर्माण के लिए जेबीकेएसएस/ जेएलएमके को एक मौका दें : जयराम महतो



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के बदलाव संकल्प सभा में शामिल हजारों भीड़ से जयराम महतो ने कहा कि हमारे पार्टी के पढ़े लिखे युवाओं को एक मौका दें तो हम झारखंड के कुछ पॉलिसी में बदलाव करेंगे, जिससे यहां के लोगों के जमीन सुरक्षित होगा और झारखंड के विस्थापन एवं पलायन की समस्या का समाधान करेंगे एवं पारा शिक्षक, अस्थाई पुलिसकर्मी, सहिया दीदी आदि धरना अनशन पर बैठे हैं इनके लिए एवं झारखंडी को पहचान देने एवं युवाओं के लिए बेहतर नीति बनाने का वचन देते हैं। कांके के कदमा मैदान से जेबीकेएसएस के अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष क्रांतिकारी रिजवान अंसारी, दीपक महतो महासचिव, दमयंती मुंडा, पूजा महतो, जितेंद्र महतो, संजय महतो, आलोक उरांव, मोहनलाल महतो एवं कई नेताओं ने सभा को संबोधित किया। रांची महानगर अध्यक्ष संजय महतो ने केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो का स्वागत विकास रिंग रोड में करते हुए अपने पूरे काफिला के साथ विकास रिंग रोड से सभा स्थल तक अगुवाई करके ले गया।

## खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा ने किया औचक निरीक्षण



**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को खूंटी सांसद कालीचरण सिंह मुंडा का आगमन हुआ।इस दौरान उन्होंने तमाड़ प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि तमाड़ क्षेत्र की जनता के कार्य में तेजी लाई जाए।प्रदेश सरकार की बहुचर्चित मईंया योजना को धरातल पर उतारकर अधिक से अधिक मताओं बहनों तो लाभ पहुंचाएं।उन्होंने कहा कि सरकारी कार्य में किसी भी अधिकारी कर्मचारी की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।सांसद ने तमाड़ के अंचलाधिकारी अतुल रंजन भगत को निर्देश दिया कि बज्रपात से हुई मृत्यु की विस्तृत रिपोर्ट उन्हें सौंपे।उन्होंने पूछा कि अब तक कितने पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिलाया गया है। उन्होंने कहा कि मुआवजा देने के मामले में थोड़ी भी लापरवाही नहीं होनी चाहिए। तमाड़ प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष प्रजापति से सांसद ने कहा की प्रखंड के कर्मचारियों को के कार्यों को लागातार रिव्यू करें और विकास के कार्यों को युद्धस्तर पर पुरा करने की कोशिश करें।इधर सांसद के औचक निरीक्षण से कार्यालय परिसर में अधिकारियों के पसीने छूटने लगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने कार्यों को गंभीरता से लें और जनता की समस्याओं का समाधान करें।

## डीएवी खलारी में खेल पुरस्कारों का वितरण



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीएवी स्कूल खलारी में मंगलवार को एक समारोह आयोजित कर 'डीएवी राष्ट्रीय खेलों' के अंतर्गत होने वाले क्लस्टर और जोनल (राज्य) स्तर के खेलों में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात खेलविद, झारखंड वॉलीबॉल स्टेट संगठन के जनरल सेक्रेटरी शेखर बोस शामिल थे। मुख्य अतिथि ने विद्यालय के कुल 224 विजेता खिलाड़ियों को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्रदान करके सम्मानित किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों, विशेषकर बालिका वर्ग अंडर-14 वॉलीबॉल टीम की सराहना की। स्वर्ण पदक के साथ-साथ सर्वश्रेष्ठ टीम होने पर ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही अंतरा कुमारी को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब मिलने पर भी उन्होंने खुशी जताई। लड़कों के भारोत्तोलन-वेट लिफ्टिंग कैटेगरी में कक्षा दसवीं के अभय यादव को स्वर्ण पदक के साथ-साथ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का सम्मान दिया गया। वूशु में स्वर्ण पदक विजेता प्रगति शाक्या जैन को मेडल पहनकर सम्मानित किया। श्री बॉस ने विजेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमारी सफलता में अहम भूमिका है। खेल से हम समय प्रबंधन के साथ-साथ अनुशासन भी सीखते हैं। उन्होंने कहा कि वॉलीबॉल और कबड्डी के लिए स्पेशल कैंप दुर्गा पूजा के बाद लगाया जाएगा। जिसमें इच्छुक छात्र-छात्राएं भाग ले सकेंगे। इससे पहले विद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य डॉ.कमलेश कुमार ने शेखर बोस का गुलदस्ता भेंट करके स्वागत किया। प्राचार्य ने बताया कि राज्य स्तरीय टीम प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक विजेता और व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण एवं रजत पदक विजेताओं को डीएवी के राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने का मौका मिलेगा। इस अवसर पर खेल शिक्षक संतोष कुमार, गीता कुमारी, टीएन उपाध्याय एवं अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## चंदन बैठा ने समर्थकों के साथ कांग्रेस भवन में अपना उम्मीदवारी का आवेदन जमा किया



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी, बुढ़मू एवं काँके प्रखंड क्षेत्र से सैंकडों की संख्या में लोग मंगलवार को चंदन बैठा को समर्थन करने के लिए खलारी निवासी झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस लेबर सेल महासचिव राजन सिंह राजा के नेतृत्व में मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका पहुंचे.जहाँ पर चंदन बैठा, राजन सिंह राजा सहित उपस्थित सभी लोगों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन करते हुए आशीर्वाद लिया. जिसके बाद सभी लोग पदयात्रा करते हुए काँग्रेस भवन पहुंचे.काँग्रेस भवन में मौजूद काँग्रेसियों ने चंदन बैठा एवं राजन सिंह राजा का माला पहनाकर स्वागत किया. तत्पश्चात सैंकडों लोगों की उपस्थित में चंदन बैठा ने अपना उम्मीदवारी का आवेदन जमा किया.अंत में एक बैठक का भी आयोजन किया गया. जिसकी अध्यक्षता गौरीशंकर महतो, संचालन तनवीर आलम एवं धन्यवाद ज्ञापन रमण सिंह बंटी ने किया. इस अवसर पर चंदन बैठा, राजन सिंह राजा, जालिम सिंह, रविन्द्रनाथ चौधरी, तनवीर आलम, रमण सिंह बंटी, विक्की सिंह, गोपाल सिंह, गौरी शंकर महतो, साजन सिंह राठैड़, फारूक अंसारी, बाबु खान, रमेश चौहान, मोनू रजक, श्यामजी महतो, मनोज भुइयां, टुन्नू साव, राजा केशरी, भोला यादव, मनोज यादव, सुरेंद्र यादव, प्रकाश सिन्हा, शिवप्रसाद चौहान, सतेन्द्र खरवार, अजमूल अंसारी, फिरोज आलम, नसीम अंसारी, जावेद खान, मिट्ठू सिंह, विकास सिंह, मोनू सिंह, बबलू सिंह, धीरज बहादुर, इसराइल अंसारी, इकबाल खान, सुनिल रावत, सुरज रावत, विजय तुरी, सुरेश तुरी, रवि उराँव, राजेश मुँडा सहित सैकड़ों की संख्या में महिला पुरूष उपस्थित थे.

# पिपरवार के चिरैयांटांड़ मे तेज रफ्तार कोल वाहन ने घर को किया क्षतिग्रस्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में तेज रफ्तार कोल वाहनों का कहर लगातार जारी है।बीती रात तेज रफ्तार एक कोल वाहन ने पिपरवार थाना क्षेत्र के चिरैयांटांड़ के समीप एक घर को अपनी चपेट मे लेकर घर को क्षतिग्रस्त कर दिया।घटना के संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार बीती रात को तेज रफ्तार ट्रक जिसका नम्बर जेएच 13एफ-9104 ने किचटो निवासी धनी महतो के घर को अपनी चपेट मे ले लिया।

इस घटना मे घर की बाउंड्री तोड़ते हुए ट्रक आंगन में घुस गया।घटना मे घर का बाउंड्री पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया वहीं घर के आंगन में खड़ी एक स्कॉर्पियो वाहन भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।इस घटना में घर के सभी सदस्य बाल बाल बच गया।वही घटना मे कोल वाहन का अगला हिस्सा केबीन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।इस घटना के बाद ट्रक के चालक घंटो ट्रक के केबिन में फंसा रहा,इसके बाद घटना की सूचना पाकर पिपरवार पुलिस मौके पर पहुंचकर ट्रक में फंसे चालक को बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल भेजा।इस घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने कहा कि पब्लिक रूट पर कोल वाहनों के परिचालन से लोगों को काफी परेशानी हो रही है।आए दिन ग्रामीणों को इसमें नुकसान उठाना पड़ रहा है।घटना के बाद मुआवजा की मांग को लेकर घर के सदस्य व स्थानीय ग्रामीणों ने देर रात तक हंगामा किया।इसके बाद पिपरवार पुलिस ने इस पर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया,जिसके बाद ग्रामीण शांत हुए।

## सविमं करकट्टा के छात्रों ने विभाग स्तरीय प्रशन मंच प्रतियोगिता में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा के छात्रों का रांची मोरहाबादी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित विभाग स्तरीय प्रशन मंच प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। आयोजित प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्रों ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिसमें संस्कृति बोध परियोजना के तरूण वर्ग को प्रथम स्थान एवं अंग्रेजी में तरूण वर्ग को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं सस्कृति बोध परियोजना में किशोर वर्ग द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के शिक्षक संजीव ने बताया कि विद्यालय के आध्यात्मिक वातावरण से छात्रों को प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने में काफी मदद मिली। विद्यालय के प्राधानाचार्य शालिग्राम सिंह ने सभी बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को बधाई देते हुए भविष्य में होने वाले अन्य प्रतियोगिताओं में भी बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। मालुम हो कि 9 अगस्त को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में आयोजित हुए संकुल स्तरीय प्रशन मंच प्रतियोगिता में भी विद्यालय के छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन करने के बाद विभाग स्तरीय प्रशनमंच प्रतियोगिता में भाग लिया था।

## सरला बिरला के छात्रों का सिल्वर जुबली यंग थिंकर्स कॉन्क्लेव में शानदार प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने अजमेर के 'मेयो कॉलेज' द्वारा आयोजित 'सिल्वर जुबली कॉममेरिटिव यंग थिंकर्स कॉन्क्लेव' में अपनी अमिट छाप छोड़ी। कक्षा ग्यारहवीं की प्रज्ञाश्री होता को 'मल्टी-फॉर्मेट अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता' में सर्वश्रेष्ठ वक्ता (प्रारंभिक चरण) का पुरस्कार मिला। कक्षा नौवीं के प्रिंस व्यास को अंग्रेजी नाट्य प्रस्तुति में 'बेस्ट एडेप्टेशन' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कक्षा ग्यारहवीं की रोहिणी राज, निश्का राज और प्रज्ञाश्री होता को 'अंग्रेजी रचनात्मक लेखन' में तीसरे सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधिमंडल के रूप में सम्मानित किया गया। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों के असाधारण प्रदर्शन की सराहना की और उनके समर्पण और निरंतरता की प्रशंसा की, जिसके कारण विद्यालय का परचम ऊंचा बना हुआ है।

## कोयलांचल में अकीदत के साथ मनाया गया चेहल्लुम

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में अकीदत के साथ चेहल्लुम मनाई गई।इस मौके पर लोगों ने अपने-अपने घरों में हजरत इमाम हुसैन के नाम से फातिहा कराया।इस संबंध में बचरा जमा मस्जिद के इमाम हाफिज मुमताज ने बताया कि मोहर्रम के 40 दिनों के बाद चेहल्लुम मनाया जाता है,जिसमें कर्बला की जंग में शहीद हुए हजरत इमाम हुसैन की याद में फातिहा कराया जाता है।पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में सभी लोग अपने-अपने घरों में सिरनी फातिहा करा कर शांतिपूर्ण वातावरण मे चेहल्लुम मनाया।कोयलांचल क्षेत्र के बचरा,राय,कल्याणपूर,न्यु मंगरदाहा, पुरानीराय सहित अन्य इलाकों में अकीदत के साथ चेहल्लुम मनाया गया।

## प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड आज

**कर्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता)** प्रखंड के संत जोसेफ बालक हाई स्कूल खेल मैदान कर्रा में बुधवार को स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड शिक्षा परियोजना खूंटी के तत्वाधान में प्रखंड संसाधन केंद्र कर्रा के द्वारा एक दिवसीय खेलों झारखंड के तहत छात्र-छात्राओं का कबड्डी खो खो दौड़ वॉलीबॉल जैसे खेल का आयोजन किया गया है. जिसका उद्देश्य शिक्षा के साथ-साथ खेल के प्रति अभी छात्र-छात्रा तिरुचि बड़े और वह मानसिक के साथ-साथ शारीरिक रूप से भी मजबूत बन सके यह जानकारी बीपीओ मनमोहन साहू के द्वारा दिया गया।

# कर्रा प्रखंड के मुखियाओं अनिश्चितकालिन धरना में जाने को लेकर बीडीओ को ज्ञापन सौंपा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** प्रखंड अंतर्गत मंगलवार को झारखंड प्रदेश मुखिया संघ के बैनर तले कर्रा प्रखंड के मुखियाओं ने 28 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल व धरना में जाने को लेकर बीडीओ स्मिता नगेसिया को ज्ञापन सौपा. ज्ञात हो कि झारखंड प्रदेश मुखिया संघ के द्वारा राज्य वित्त आयोग की राशि पंचायत को देने सहित विभिन्न मांगों को लेकर 28 अगस्तसे अनिश्चितकालीन हड़ताल जाकिर हुसैन पार्क राजभवन के पास शांतिपूर्ण धरना पर जाने का निर्णय लिया. वही मुखियाओं ने बताया कि झारखंड सरकार को मांग पत्र सोपा गया तथा माननीय मुख्यमंत्री से वार्ता हेतु 20 अगस्त का समय मांगा गया था परंतु कोई सुनवाई एवं सकारात्मक पहल नहीं होने के कारण मुखिया में काफी आक्रोश है जिसे लेकर मुखिया अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रहे है. ज्ञापन सौंपने वाले में मुख्य रूप से प्रखड मुखिया संघ अध्यक्ष मंजुला उरांव, अनूप कुजूर, ज्योति मिंज, पूनम बारला, अजय खलखो, रश्मि लकड़ा, शांति तिर्की सहित अन्य मुखिया मौजूद रहे।

# पिपरवार कोयलांचल मे धूमधाम के साथ मनाया गया श्री कृष्ण जन्माष्टमी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको मे श्री कृष्ण जन्माष्टमी धुमधाम के साथ मनायी गई।पिपरवार के बचरा सहित सभी ग्रामीण इलाको के मन्दिरो सहित कई स्थानो पर बाल गोपाल का जन्मोत्सव मनाया गया।बचरा चार नम्बर शिव मन्दिर, बाजारटांड़ स्थित श्रीराम जानकी मन्दिर, बिशुझापा मन्दिर,राय कोलियरी, पुरानीराय, बेंती, बिलारी, किचटो ,चिरैयांटांड़, बहेरा, कल्याणपूर, बुंडु,राय सहित अन्य इलाको के मन्दिरो मे देर रात तक विधिवत पूजा अर्चना के बाद श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया।इस दौरान महिला श्रद्धालुओ ने फूलो से सजी पालकी मे श्री कृष्ण को झुला झुलाया।बचरा शिव मन्दिर के पुजारी शिवनन्दन पाण्डेय ने बताया कि हिंदू धर्म में कृष्ण जन्माष्टमी का विशेष महत्व है।भाद्रपद माह की कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ था।इस दिन हर साल जन्माष्टमी मनाई जाती है।कृष्ण जन्माष्टमी के दिन भगवान श्री कृष्ण के बाल स्वरूप लड्डू गोपाल की पूजा की जाती है।भगवान श्री कृष्ण को भगवान विष्णु का आठवां अवतार माना गया है।हिंदू देवी देवताओं में श्रीकृष्ण को सबसे अलग दर्जा दिया गया है।उनकी लीलाओं की वजह से ही भगवान श्री कृष्ण को कई नामों से जाना जाता है।कहीं कान्हा,कहीं लड्डू गोपाल,कहीं,बंशीधर, नंदलाला, देवकीनंदन व आदि कई नामों से पुकारा जाता है।पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में रात भर श्री कृष्ण जन्माष्टमी की धूम देखी गई।इधर बचरा राम जानकी मन्दिर मे श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर 12 घंटे का अखंड कीर्तन का भी समापन किया गया।इस अवसर पर सभी श्रद्धालुओ के बीच प्रसाद का भी वितरण किया गया।

## मुंबई में पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे झारखंड से डॉ राजाराम महतो व अन्य



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुंबई रीगल इंटरनेशनल फब होटल ऑफ साकिनका साकी नाका में आगामी 31सितंबर को आयोजित प्रो अनिल कुमार के द्वारा लिखी गई नियोक्ता कर्मचारी संतुलन अपेक्षाओं की जांच संबंधित पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे झारखंड से संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार सलाहकार समिति राष्ट्रीय पुस्तकालय सदस्य डॉ राजाराम महतो, लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत , सिल्ली पत्रकार व समाज सेवी डा तारकेश्वर महतो शामिल होंगे। इनके अलावा आईएएस डा विजय एन सूर्यवंशी ,आबकारी आयुक्त महाराष्ट्र सरकार, डा दिनेश कांबले पूर्व रजिस्टर मुंबई विश्वविद्यालय, डॉ अशोक येंडे पूर्व प्रमुख विधि विभाग मुंबई विश्वविद्यालय, धैर्यशील जोधव अतिरिक्त आयुक्त केडीएमसी, अंजेल मवेना तिर्की, अभिनेता युवा आईकॉन डॉ प्रदीप भारद्वाज सीईओ सिक्स सिग्मा , सेबेशन मेंडेस कुलपति यूरो एशियाई विश्वविद्यालय, डॉ एच ई एम एन सरदार निर्देशक पर्यटक बोर्ड श्रीलंका,मंडाजी नरसिम्हे चार्य प्रसिद्ध अन्वेषक वैज्ञानिक, डॉक्टर रेशन पालेवार ग्लोबल साइंटिस्ट फार्मा ग्लोबल लीडर ग्रुप सीईओ के शाहुल हमीद व्यापार आयुक्त भारत अफ्रीका व्यापार परिषद, समेत कई गण मान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

## सभी धर्म में है आपसी सद्भावना की बातें : शिल्पी नेहा तिर्की



**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि सभी धर्म में आपसी सद्भावना की बातें हैं और यही सबसे बड़ी खूबसूरती है. आज हातु बेड़ो में चेहल्लुम कमेटी के कार्यक्रम में श्रीमती तिर्की ने कहा कि सहिष्णुता के बल पर ही देश और समाज की उन्नति संभव है. आज के कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष करमा उराव, जिला परिषद बरोनिका मिंस, मचकुर सिद्दीकी, परवेज, सदर सईम हुसैन, नईम हुसैन, वेरोनिका कच्छप, संरक्षक जमशेद हुसैन, पूर्व मुखिया बुधराम बड़ा, सैफ हुसैन एजाज खान, फरीद मिरदाहा सहित अनेक लोगों के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.

## चान्हों में 200 पेटी अवैध शराब लोड पिकअप वैन पकड़ा गया



**चान्हों (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को रांची पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार की शाम चान्हो थाना क्षेत्र के एनएच-75 मुख्य मार्ग में पादुक पुल के पास एंटी क्राइम चेकिंग चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक बोलेरो पिकअप को रोका गया। जिसपर वाहन के चालक और एक अन्य व्यक्ति वाहन से उतरकर भागने लगे। जिसे पकड़ने का काफी प्रयास किया गया। लेकिन व्यक्ति अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गये। पिकअप वाहन की जांच करने पर उसमें 205 पेटी अवैध शराब बरामद किया गया।

## मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने की दो चिकित्सको को बहाल करने की मांग

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एक वर्ष से चिकित्सक विहीन इटकी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सको की पदस्थान को लेकर मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एंव परिवार कल्याण विभाग झारखंड सरकार सचिव को पत्र भेज कर अविलंब पीएचसी में रिक्त पड़े दो चिकित्सको को बहाल करने की मांग की है। अपने पत्र में इटकी पीएचसी में चिकित्सक नही होने से इटकी प्रखंड के 65 हजार आबादी को स्वास्थ्य संबंधी हो रही विभिन्न समस्याओं से जुझ रहे ग्रामीणों की परेशानी से स्वास्थ्य विभाग को अवगत कराया गया है। विधायक ने ग्रामीणों के दुख दर्द साझा करते हुए विभाग को बताया है कि पीएचसी में चिकित्सक नही होने कारण ग्रामीणों को स्वास्थ्य समस्याएं आने पर दूर दराज के प्रखंडों या फिर रांची के अस्पतालों में जाना पड़ता है फलस्वरूप ग्रामीणों को आर्थिक बोझ के साथ कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बिना देर किये दो चिकित्सक बहाल करने की बातें कही है। ग्रामीणों को हो रहे परेशानी को देखते हुए तात्कालिक तौर पर सदर अस्पताल रांची से एक चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति करते हुते आवश्यक करवाई करने को कहा है। ज्ञात हो कि इटकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संसाधन व चिकित्सक विहीन है। चिकित्सक बहाल करने की मांग को लेकर इटकी बुद्धिजीवी मंच व पेंशनर समाज के अगुवाई में ग्रामीण आंदोलनरत है। यहां तक कि चिकित्सक बहाल करने को लेकर विभिन धार्मिक स्थलों में भिक्षाटन कर बतौर रिश्वत राशि सीएस रांची को 2761 रुपये भेजी गई है। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने भी इटकी पीएचसी की बदहाली और चिकित्सक बहाल करने को लेकर विधान सभा मे भी आवाज उठा चुकी हैं। बावजूद स्वास्थ्य विभाग कान में तेल डालकर सोई हुई है।

## बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाया गया

**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पोलियो मुक्त भारत के तीन दिनी पोलियो अभियान के तहत इटकी और बेड़ो प्रखंड में 0 से 5 वर्ष तक के कुल 22332 बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाया गया। दोनों प्रखंड क्षेत्र में कुल 260 पोलियो बूथ सहित 6 ट्रांजिट बूथ बनाए गए थे। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुमित्रा कुमारी ने बताया की इटकी और बेड़ो प्रखंड में कुल 22464 बच्चों को खुराक देने का लक्ष्य था जिसमें 22332 (99.41%) बच्चों को खुराक दी गई।

## पिपरवार के कल्याणपुर में दो कोल वाहनों के बीच हुई जोरदार टक्कर, घंटो रही सड़क जाम

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर महादेव गढ़ा पुल के समीप मंगलवार की सुबह दो कोल वाहनो के बीच जोरदार टक्कर हो गई।इस घटना मे दोनो कोल वाहनो को नुकसान पहुंचा है,वही चालक के घायल होने की सूचना है।इस घटना के बाद पिपरवार-टंडवा मुख्य मार्ग जाम हो गया,जिसमे सैकड़ो छोटी-बड़ी वाहन घंटो जाम मे फंसी रही।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार हाईवा डम्पर जेएच 02बीजें-0571 पिपरवार मे कोयला अनलोड कर टडंवा की ओर जा रहा था,वही विपरीत दिशा से टंडवा से रांची की ओर जा रही ट्रक संख्या जेएच02एवाई-7430 के बीच कल्याणपूर महादेव गढ़ा पुल के बीच जोरदार टक्कर हो गई।इस घटना में हाईवा डंपर के चालक जख्मी हो गया जिसे स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए टंडवा अस्पताल भेजा गया। वही दोनों वाहन इस घटना में क्षतिग्रस्त हो गया।घटना के बाद पिपरवार-टंडवा मुख्य मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और सड़क जाम हो गया।इधर घटना की सूचना पाकर पिपरवार एवं टंडवा पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और देर शाम को क्रेन की मदद से दोनों वाहनों को घटनास्थल से हटाया गया,जिसके बाद उक्त मार्ग पर वाहनों का आवागमन चालू हो सका। घटना को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पिपरवार-टंडवा मुख्य मार्ग पर कोल वाहनों के तेज रफ्तार से लोगों को काफी परेशानी हो रही है।घनी आबादी वाले इलाको से कोल वाहन परिचालन से आए दिन यहां दुर्घटना होती रहती है जिसमें स्थानीय ग्रामीणों को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## बीमा जागरूकता अभियान का विस्तार किया गया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीमा नियामक, आईआरडीएआई के 2047 तक सभी के लिए बीमा प्राप्त करने के दृष्टिकोण का समर्थन करने के उद्देश्य से, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (टाटा एआईए) पश्चिम बंगाल में बीमा के बारे में जागरूकता और पहुंच बढ़ाने के लिए कई पहल कर रही है। नियामक द्वारा तैयार की गई राज्य स्तरीय बीमा रणनीति के अनुसार टाटा एआईए पश्चिम बंगाल में अग्रणी बीमाकर्ता है। कंपनी ने सिलीगुड़ी में जीवन बीमा सलाहकारों की भर्ती के लिए एक कैरियर अवसर प्रस्तुति का आयोजन किया। वित्तीय व्यवसायी कृष्णनगर, नादिया में एक अन्य ऐसे ही कार्यक्रम में शामिल हुए। इन दोनों कार्यक्रमों में लगभग 70 लोग शामिल हुए और उनमें से कई ने टाटा एआईए लाइफ के साथ एजेंसी करियर अपनाने का फैसला किया।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# नाग मोटर की भांति झामुमो ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, चंपाई के भाजपा में जाने से कोई फर्क नहीं पड़ने वाला : पिंटू दत्ता





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्व मुख्यमंत्री सह राज्य सरकार के जल संसाधन व उच्च शिक्षा मंत्री सह झामुमो के केंद्रीय उपाध्यक्ष चंपाई सोरेन के भाजपा में जाने की घोषणा पर झामुमो के पूर्वी सिंहभूम जिला उपाध्यक्ष पिंटू दत्ता ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने मंगलवार को एक विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि जिस तरह जमशेदपुर में नाग मोटर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट लोगों को चालक का प्रशिक्षण देती है उसी तरह झारखंड में झामुमो एक प्रशिक्षण संस्थान है जो अपने यहां नेता तैयार करती है। यह संस्थान किसी भी साधारण व्यक्ति चाहे वह रिक्शा चालक हो या किसी गांव का चरवाहा ही, किसी को कहीं से भी उठाकर महत्वपूर्ण पदों में बैठाने का काम करती है। ऐसा किसी और पार्टी में देखने को नहीं मिलेगा। इसलिए किसी भी नेताओं के पार्टी छोड़ने पर झामुमो को कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। उन्होंने बताया कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन, स्व विनोद बिहारी महतो, शहीद निर्मल महतो के द्वारा बनाई गई पार्टी है झामुमो। इतिहास पलटकर देख लें इससे निकलकर जो भी गया है पैदल हो गया है। झामुमो में जो सम्मान किसी भी नेताओं को मिलता है वह किसी और पार्टी में मिल नहीं सकता है। दत्ता ने कहा कि कुछ लोग उन्हें चंपाई सोरेन का करीबी बताते हैं, बात सौ फीसदी सच है लेकिन वह जब तक झामुमो में थे तब तक। झामुमो छोड़ने के बाद चंपाई सोरेन के साथ उनका कोई रिश्ता नहीं है। क्योंकि जिस पार्टी ने उन्हें मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठाया उस पार्टी में अपमान होने की बात कहना समझ से परे है। कोल्हान में चंपाई सोरेन को लेकर भाजपा जो सपना देख रही है वह कभी पूरा होना संभव नहीं है।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की प्रेस वार्ता, मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन को लेकर दी जानकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** समाहरणालय सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल द्वारा जानकारी दी गई कि द्वितीय संक्षिप्त मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसएसआर-2024) के तहत मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई है। मतदाता सूची का अवलोकन सभी मतदान केंद्र व एईआरओ, ईआरओ कार्यालय तथा जिला निर्वाचन कार्यालय में मतदाता कर सकते हैं। साथ ही ऑनलाइन माध्यम से भी मतदाता अपने नाम की जांच कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची के फाइनल प्रकाशन में कुल 18 लाख 54 हजार 767 मतदाता सूचीबद्ध किए गए हैं जिसमें 9 लाख 27 हजार 747 पुरुष, 9 लाख 26 हजार 883 महिला एवं 137 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान 20748 मतदाताओं का नाम विलोपित किया गया है। विधानसभावार बात करें तो बहरागोड़ा में कुल 2 लाख 38 हजार 49, घाटशिला में 2 लाख 48 हजार 753, पोटका में 3 लाख 8 हजार 74, जुगसलाई में 3 लाख 48 हजार 498, जमशेदपुर पूर्वी में 3 लाख 33 हजार 227 तथा जमशेदपुर पश्चिमी में 3 लाख 78 हजार 166 मतदाता सूचीबद्ध हैं। इलेक्टोरल रोल अपडेशन के दौरान मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। जारी मतदाता सूची में जिले में लिंगानुपात 999 है। वहीं विभिन्न श्रेणी के दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 15825 है। इस मौके पर राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बीएलओ को पहचान पत्र उपलब्ध कराया गया। 47 जुगसलाई के बूथ नंबर 164 की बीएलओ सुल्ताना खातून एवं बूथ नंबर 165 की बीएलओ फिरदौस खातून को जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पहचान पत्र दिया। प्रेस वार्ता में उप निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती प्रियंका सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव उपस्थित रहे।

## श्याम भटली परिवार के गगन रुस्तगी बने अध्यक्ष, ललित डांगा सचिव



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर की धार्मिक संस्था श्री श्याम भटली परिवार जमशेदपुर की एक बैठक में पुरानी कमिटी को भंग कर सर्वसम्मति से नई कमिटी का गठन किया गया। जिसमें गगन रुस्तगी को अध्यक्ष एव ललित डांगा को सचिव तथा संदीप बजाज को कोषाध्यक्ष बनाया गया। मंगलवार को बिष्टुपुर स्थित एक होटल में निर्वतमान अध्यक्ष राजेश पसारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। संस्था के नए अध्यक्ष गगन रुस्तगी ने बताया कि यह कार्यकाल दो साल का होगा। दो साल बाद दूसरे वरिष्ठ सदस्यों को पदाधिकारी बनाया जायेगा, किसी भी पदाधिकारी का उसी पद पर पुनः रिपीट नहीं होगा। बैठक में मुख्य रूप से सुधीर अग्रवाल, प्रवीण भालोटिया, मनीष सिंघानिया, मुरारी अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, मदन अग्रवाल, पंकज छावछरिया, महेश सिंघानिया, देवाशीष चौधरी, मनोज पलसानिया, नरेश अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, काव्य शर्मा व बन्टी चन्गिल आदि सदस्य मौजूद थे।

## असंवैधानिक ग्राम प्रधानों को हटाने की मांग पर धरना प्रदर्शन



**चांडिल (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चांडिल प्रखंड कार्यालय के समक्ष माझी पारगाना माहाल बारहा दिशोम के बैनर तले सैकड़ों आदिवासी महिला पुरुषों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर चांडिल अंचल अधिकारी को तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा। इस दौरान गांवों में बन चुके असंवैधानिक ग्राम प्रधानों को हटाने की मांग की गई। वहीं मांझी पारगाना माहाल बारहा दिशोम के सचिव बाबूराम सोरेन ने बताया कि झारखंड पंचायती राज एक्ट पेसा क़ानून के तहत परम्परिक ग्राम प्रधान यथा माझी, मुंडा, पाहन या परम्परा से प्रचलित प्रत्येक व्यक्ति को सूचीबद्ध किया जाये। यहां असंवैधानिक रूप से कई ग्राम प्रधान प्रखंड कार्यालय से बनाया गया है जो अनुसूचित जनजाति के सदस्य नहीं हैं। मौके पर बाबूराम सोरेन मांझी बाबा इंद्र टुडू, गुरुपद मार्डी, बबलू टुडू, बनमली हांसदा, सुनील मार्डी, पुटु लाल हांसदा, बद्री मार्डी, सूदन टुडू, मनोहर हांसदा व सुकू आदि उपस्थित थे।

## ट्रेनी महिला डॉक्टर दुष्कर्म के बाद हत्या के विरोध में 9 रोटरी क्लबों का प्रदर्शन



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को कोल्हान क्षेत्र के 9 रोटरी क्लबों ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में 9 अगस्त को एक ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ हुई दुष्कर्म के बाद हत्या के विरोध में साकची की सड़कों पर रैली निकाली। साथ ही जिले के उपायुक्त अनन्य मित्तल से मुलाकात की और सरकार से ऐसी घटनाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। मौके पर रोटरी सदस्यों ने महिलाओं, खासकर मेडिकल प्रोफेशनल्स के खिलाफ होने वाले अपराधों पर चिंता व्यक्त की और सरकार से अस्पतालों में डॉक्टरों की सुरक्षा बढ़ाने और उनके लिए विशेष सुविधाएं प्रदान करने की मांग की। डीसी अनन्य मित्तल ने उनकी चिंताओं को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। रैली में जमशेदपुर पश्चिम, जमशेदपुर ग्रीन, चाईबासा रोटरी क्लब, जमशेदपुर रोटरी क्लब मेन, जमशेदपुर दलमा रोटरी क्लब, जमशेदपुर मिड टाउन, रोटरी क्लब जमशेदपुर फेमिना, रोटरी क्लब जमशेदपुर स्टील सिटी और रोटरी क्लब जमशेदपुर ईस्ट के सदस्य शामिल थे।

## एक महीने से बिजली की समस्या से जूझ रहे नक्सल प्रभावित आमदापहाड़ी के ग्रामीण

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा प्रखंड की नक्सल प्रभावित गोबरघुसी पंचायत अंर्तगत आमदापहाड़ी के ग्रामीण पिछ्ले एक माह से बिजली की समस्या से काफी परेशान हैं। गांव में बिजली नहीं रहने से रात के अंधेरे में ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जंगल क्षेत्र होने के कारण अंधेरा होते ही गांव में जंगली जानवरों का उत्पात शुरू हो जाता है, ऐसे में बिजली नहीं रहने से जान माल का नुकसान होने की संभावना बनी रहती है। इस संबंध में आमदापहाड़ी के ग्रामीणों ने मंगलवार को गांव में बैठक कर स्थानीय विधायक मंगल कालिंदी एवं उनके प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू से मामले की शिकायत की। ग्रामीणों ने विधायक से कहा गांव में बिजली नहीं रहने की जानकारी लगातार विद्युत विभाग के अधिकारियों को दी गई पर आज तक इस मामले में कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने विधायक से गांव में स्थित बिजली समस्या को दूर करने की मांग की है। इस संबंध में पूछने पर विभाग के जेई अमीर हमजा ने बताया कि बारिश होने के कारण सोमवार को बिजली आपूर्ति शूरु नही हो पाई थी। मंगलवार को चालु कर दिया गया है।

## प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के समर्थन में गोलबंद हुए शिक्षक

**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ईचागढ़ प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी संजय कुमार जोशी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगने के बाद ईचागढ़ के तमाम शिक्षक खुलकर उनके समर्थन में उतर गए हैं। इसको लेकर मंगलवार को प्रखंड संसाधन केंद्र ईचागढ़ में सरकारी व पारा शिक्षकों एवं बीआरसी कर्मचारियों की सामूहिक बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से शिक्षक सह जिले के एसआरपी तरूण कुमार सिंह एवं मंगल सिंह बेसरा भी शामिल हुए। सभी शिक्षक बीइइओ के साथ बैठक के बाद दिलीप कुमार गुप्ता ने कहा कि बीईईओ मित्रवत एवं सहयोगपूर्ण क्रियाकलाप के कारण ईचागढ़ के शिक्षकों के दिलों में बसते हैं। उन पर लगा लांछन ईचागढ़ के संपूर्ण शिक्षक समुदाय के ऊपर लांछन लगाने की तरह है।

# जगन्नाथपुर में विधायक दशरथ गागराई ने जन्माष्टमी पूजा पंडाल का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** सरायकेला प्रखंड के महालीमुरुप के जगन्नाथपुर में ऐतिहासिक जन्माष्टमी पूजा पंडाल का उद्घाटन खरसावां के विधायक दशरथ गागराई के कर कमलो से संपन्न हुआ। बतौर मुख्य अतिथि दशरथ गागराई ने कहा कि उनका भरपूर प्रयास रहेगा आने वाले समय में जगन्नाथपुर में एक भव्य मेला के रूप में यह मेला प्रसिद्ध मिले। समारोह का संचालन देवीदत्त प्रधान जबकि धन्यवाद ज्ञापन हेमसागर प्रधान ने किया। मौके पर संजय प्रधान, भगत महतो, नागेश्वर प्रधान, जगन्नाथ प्रधान, हेम सागर प्रधान, विष्णु प्रधान, राजेंद्र प्रधान, देवीदत्त प्रधान, योगेश कुमार प्रधान, हीरालाल महतो, आशुतोष प्रधान,वशिष्ठ प्रधान, केशव कुमार प्रधान, विमल प्रधान, दीपक प्रधान, रामकृष्ण प्रधान, निमाई प्रधान एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# जन्माष्टमी पर विधायक सुखराम उरांव के पुत्र सन्नी उरांव ने राधा कृष्ण मंदिर में टेका मत्था



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** कराइकेला साहू टोला में श्री श्री राधा कृष्ण मंदिर में कृष्ण जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर पूरे मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया था। रात्रि 12 बजे भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव कार्यक्रम पूरे विधि विधान वैदिक मंत्रो के साथ पूजा अर्चना कर की गई। मंगलवार को विधायक सुखराम उरांव के पुत्र सन्नी उरांव कराईकेला पंचायत के साहू टोला स्थित राधा कृष्ण मंदिर पहुंचे एवं पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख शांति की कामना की। इसके उपरांत सन्नी उरांव ने भगवान श्री कृष्ण का प्रसाद का वितरण भक्तों के बीच किया। जिसमें हजारों लोग भक्त शामिल हुए। मौके पर सन्नी उरांव ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से धर्म एवं आपसी एकता और संस्कृति का विकास होता है । इस अवसर पर कमेटी के द्वारा सन्नी उरांव को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उपमुखिया प्रकाश साहू, कांग्रेसी नेता महेश साहू, गौरीशंकर साहू, फाल्गुनी साहू, राजीव साहू, बादल साहू, रंजीत मंडल, पिरु हेम्ब्रम, राजेश नायक, तारणी साहू आशीष साहू, धनंजय साहू, अमरेश साहू, आलोक साहू, अरूण साहू , राहुल साहू, द्वारिका साहू, आनंद साहू, परितोष साहू, विजय साहू, मोहगी साहू, प्रियांशु साहू, मुकेश साहू, उदयशंकर साहू, भोला साहू, दिलीप साहू, शंकर महापात्र, गोविंद साहू समेत काफी संख्या में भक्त गण उपस्थित थे।

# धरमसाई गांव में दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** जन्माष्टमी त्योहार के शुभ अवसर पर चक्रधरपुर प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र कुलीतोडांग पंचायत के धरमसाई गांव में दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।गांव के नया युवा विकास स्पोर्टिंग क्लब के तत्वावधान में आयोजित इस फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को किया गया। बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ. विजय सिंह गागराई, विशिष्ट अतिथि पंचायत के मुखिया मांझीराम जोंको, सम्मानित अतिथि रामराई जामुदा उपस्थित हुए। मंगलवार को प्रतियोगिता का फाइनल मैच मंगल सिंह डाकू पोकुवाबेड़ा की टीम व बहुत काला है पुरनिया की टीम के बीच खेला गया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि डॉ. विजय सिंह गागराई ने दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। इस दौरान दोनों टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। इससे निर्धारित समय में दोनों टीमों द्वारा एक भी गोल नहीं होने पर पेनल्टी शूटआउट में मंगल सिंह डाकू पोकुवाबेड़ा की टीम विजेता बनी। वहीं अतिथियों के हाथों विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान विजेता टीम को बीस हजार रूपए, उप विजेता टीम को पंद्रह हजार रूपए, तृतीय पुरस्कार छह हजार रूपए व चतुर्थ पुरस्कार छह हजार रूपए नगद राशि प्रदान किया। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष जयपाल जामुदा, सचिव करण जामुदा, कोषाध्यक्ष जाटा जामुदा, वार्ड सदस्य विरंग गागराई, सदस्यगण मांगता जोंको, विजय गोप, सतनाम जोंको,चामु जामुदा, प्रताप जोंको, सन्नी जामुदा, सुरेश जामुदा समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# टाटा स्टील ने श्रद्धापूर्वक मनाई सर दोराबजी टाटा की 165वीं जयंती

► **टाटा स्टील को पुनर्जीवित करने के लिए अपनी पूरी संपत्ति को समर्पित किया था सर दोराबजी टाटा**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील ने मंगलवार को सर दोराबजी टाटा की 165वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई। इस अवसर पर जमशेदपुर में सर दोराबजी टाटा पार्क में एक विशेष श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चैतन्य भानु, वाईस प्रेसिडेंट (ऑपरेशन्स), टाटा स्टील जमशेदपुर, सम्मानित अतिथि डॉ. टी मुखर्जी, पूर्व डेप्युटी मैनेजिंग डायरेक्टर (स्टील) और विशिष्ट अतिथि संजीव कुमार चौधरी, प्रेसिडेंट, टाटा वर्कर्स यूनियन, टाटा स्टील और समूह की अन्य कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी, टाटा वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारी और जमशेदपुर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

अपने संबोधन में, चैतन्य भानु ने सर दोराबजी टाटा के भारतीय औद्योगीकरण और राष्ट्र के समग्र विकास में उनके अमूल्य योगदान को याद किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार संकट के दौर में सर दोराबजी टाटा और मेहरबाई टाटा ने टाटा स्टील को पुनर्जीवित करने के लिए अपनी पूरी संपत्ति को समर्पित कर दिया था। संजीव कुमार चौधरी ने कहा सर दोराबजी टाटा ने मजदूरों की समस्याओं को समझा और यूनियन के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

गौरतलब हो कि सर दोराबजी टाटा का खेलों के प्रति जुनून अत्यंत स्पष्ट था। उन्होंने खेलों और पार्कों के लिए स्थान आरक्षित करने के अपने पिता के विजन को पूरी तरह अपनाते हुए, खेलों को कंपनी के लोकाचार का एक अभिन्न हिस्सा बना दिया। भारत को ओलंपिक में भाग लेते देखने की उनकी इच्छा ने 1920 में एंटवर्प ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय एथलीटों को प्रायोजित करने की पहल की। उनके प्रयासों के परिणामस्वरूप, 1924 के पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हुआ और उन्हें अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति में नियुक्त किया गया। वे भारतीय ओलंपिक संघ के पहले अध्यक्ष भी बने।

# डॉ. अजय कुमार ने की जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा से दावेदारी, कार्यकर्ताओं में उत्साह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत आनेवाले 6 विधानसभा क्षेत्रों में से सबसे हॉट सीट मानी जाने वाली जमशेदपुर पूर्वी (48) विधानसभा क्षेत्र से विगत 25 अगस्त को जमशेदपुर के पूर्व सांसद, पूर्व आईपीएस, पूर्व झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं निवर्तमान एआईसीसी प्रभारी (ओडिशा, तमिलनाडु एवं पुडुचेरी) डॉ. अजय कुमार ने अपनी उम्मीदवारी का आवेदन पूर्वी सिंहभूम के कार्यकारी जिलाध्यक्ष (नगर) धर्मेन्द्र सोनकर को सौंपा। मीडिया से बातचीत के क्रम में धर्मेन्द्र सोनकर ने बताया कि जमशेदपुर के सर्वमान्य, गरीब-जरूरतमंदो के मसीहा एवं हरदिल अजीज नेता डॉ. अजय कुमार का जमशेदपुरू पूर्वी विधानसभा को एक अर्से से इंतजार था। डॉ. अजय कुमार की उम्मीदवारी का आवेदन, अन्य दो आवेदनों (धर्मेन्द्र सोनकर-जमशेदपुर पश्चिमी एवं सुरेंद्र कुमार झा उर्फ बब्लू झा-जमशेदपुर पूर्वी) के साथ उसी दिन रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में जमा भी करवा दिया गया है। इस बीच जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा में डॉ. अजय कुमार को लेकर समाज के हर वर्ग में उत्साह स्पष्ट देखा जा सकता है। पारंपरिक नेताओं से बिल्कुल अलग छवि रखने वाले, तेज तर्रार पूर्व आईपीएस एवं कुशल प्रबंधन क्षमता वाले डॉ. अजय कुमार के आने से क्षेत्र के तमाम समीकरण बदल चुके हैं।

# एनजीटी के नाम से भ्रम फैला रही है कांग्रेस : सुधांशु ओझा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पुर्वी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भुइयांडीह से सटे कल्याणनगर व इंद्रानगर के 150 मकान तोड़े जाने संबंधी नोटिस पर भाजपा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। मंगलवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर की ओर से जारी विज्ञप्ति में भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कांग्रेस नेता डॉ. अजय कुमार पर लोगों को आधारहीन बातों से भ्रमित करने का आरोप लगाया। सुधांशु ओझा ने कहा कि एनजीटी में पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की ओर से लिखे गए पत्र में कल्याणनगर और इंद्रानगर समेत किसी भी बस्ती के अतिक्रमण का जिक्र नहीं है। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि डॉ. अजय के पास पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा द्वारा कल्याण नगर और इंद्रा नगर के घरों को तोड़ने के बारे में एनजीटी को लिखा कोई पत्र है तो उसे जारी करें नहीं तो प्रेस वार्ता में सार्वजनिक रूप से की गई ग़लतबयानी के लिए माफी मांगे। कहा कि स्वयं के राजनीतिक विश्वसनीयता पर संघर्ष कर रहे डॉ. अजय कुमार इस मामले में अपने झामुमो-कांग्रेस गठबंधन सरकार की करतूतों को छिपाने के लिए भाजपा पर झूठे और भ्रामक आरोप लगा रहे हैं। जिलाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने पर्यावरण और स्थानीय समुदाय के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए दलमा और डिमना घाटी क्षेत्र से सटे इलाकों में प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण सुनिश्चित करने का आग्रह किया था। यह मामला सिर्फ और सिर्फ पर्यावरण संरक्षण से जुड़ा है और इसमें किसी भी बस्ती का कोई जिक्र नहीं है। परंतु राजनीति में अप्रासंगिक हो चुके डॉ. अजय कुमार आज अपनी पार्टी की कार्यशैली के अनुरूप झूठे आरोपों के सहारे अपनी खोई हुई साख वापस पाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पर्यावरण संरक्षण के इस मुद्दों को इंद्रानगर और कल्याण नगर से जोड़कर राजनीतिक रंग देने में लगी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा द्वारा पर्यावरण की रक्षा के लिए उठाए गए कदमों को कांग्रेस ने झूठे और भ्रामक आरोपों के माध्यम से बदनाम करने की कोशिश की है।

# शिव मंदिर परिसर जलमग्न, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने की समाधान की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** विगत दिनों भारी वर्षात के कारण दीनबंधु शिव मंदिर, जेम्को में बारिश का पानी लगभग तीन फुट मंदिर सहित शिवलिंग को डुबो दिया। जिसकी सूचना पुजारी के द्वारा स्थानीय विधायक को 8 तारीख को दिया गया, जिस पर संज्ञान नहीं लिया गया। तत्पश्चात पुजारी के द्वारा कांग्रेस जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे को इसकी सूचना दी गई। जिसपर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने मंदिर परिसर का निरिक्षण किया एवं भयावह जलमग्न स्थिति देख कर जिलाध्यक्ष ने टाटा मोटर्स प्लांट हेड को स्थिति से अवगत कराया और धर्म एवं आस्था के केन्द्र शिव मंदिर से अविलम्ब जल निकासी करने की मांग की। जिस पर संज्ञान लेकर टाटा मोटर्स प्रबंधन ने कार्य प्रारंभ कराया 3 मोटर लगाकर पानी निकासी कराने लगे इसी बीच भारी बारिश के कारण पुनः भारी जल जमाव हो गया। इसकी सूचना पाकर जिलाध्यक्ष आज फिर प्रभावित स्थल पहुंचे और कंपनी टाउनशिप के हेड रजत सिंह को फोन कर मंदिर परिसर में बुलवाया स्थिति पर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे को रजत सिंह ने बताया कि नाली एवं होमपाईप बहुत गहराई तक जाम है उसके अंदर विषैला गैस है। जिसमें आक्सीजन डाल कर स्थिति को सामान्य की जा रही है। कम्पनी अपनी टेक्निकल टीम लगा रखी है मशीनरी लगायी गयी है। आशा है कि 2-3 दिनों के अंदर समस्त समस्याओं का समाधान कर लिया जाएगा और स्थिति समान्य कर ली जाएगी। जिलाध्यक्ष ने 3-4 दिनों में मंदिर परिसर साफ-सुथरा न हो पाने की स्थिति में कांग्रेस जनांदोलन को बाध्य होगी भगवान का अपमान हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लधु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के Tender No. 21/F2 /2024-25 जिसका प्रकाशन PR No. 333694 Minor Irrigation (24-25)#D है तथा जिसमें (नोट) क्रमांक 6 में आचरण की वैधता पूर्व की भांति निविदा निष्पादन की तिथि तक होनी चाहिए ।

PR 333815 Minor Irrigation (24-25)_D

कार्यपालक अभियंता,
लधु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला

संपादकीय

# हिंसा की जवाबदेही किसकी

देश ने स्वतंत्रता की 78वीं सालगिरह मनाई है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने ऐतिहासिक लालकिले पर 11वीं बार 'तिरंगा' फहराया और राष्ट्र को संबोधित किया। वह ऐसे प्रथम गैर-कांग्रेसी एवं भाजपाई प्रधानमंत्री हैं, जिन्हें देश ने इतना सम्मान दिया है। आज 98 मिनट के प्रधानमंत्री संबोधन का विश्लेषण करने का दिन था। प्रधानमंत्री ने पहली बार देश में 'धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता' पर चर्चा की बात कही है। उस विकृति की ओर भी संकेत किया, जो सर्वनाश का कारण बन सकती है। यह पराकाष्ठा की स्थिति है कि आखिर ऐसी विकृतियां किसकी गोद में पल रही हैं? प्रधानमंत्री के भाषण का फोकस 'विकसित भारत 2047' पर अधिक रहा। उन्होंने महिला अपराधों और अत्याचारों पर भी अपनी पीड़ा व्यक्त की और फांसी की सजा तक का सुझाव दिया। बेशक देश की स्वतंत्रता का मौका था, लिहाजा औसत नागरिक जश्न, उल्लास और आनंद के मूड में था, लेकिन संभ्रांत लोगों के शहर कोलकाता में, आधी रात के आसपास, अचानक एक भीड़ उमड़ आई। सैकड़ों होंगे अथवा हजारों होंगे, यह गणना बेमानी है। वे गुंडे-बदमाश, हिंसक और विध्वंसक थे। उनके हाथों में लाठियां, डंडे थे और वे काफी उग्र लग रहे थे। स्वतंत्रता की पूर्व रात्रि में भारतीय ही भारतीय पर हमलावर होगा, ऐसी आजादी की हमने कल्पना तक नहीं की थी। क्या हमें ऐसी ही आजादी चाहिए? भीड़ ने पहला हमला प्रदर्शनकारी डॉक्टरों पर किया। उन्हें तितर-बितर किया। मारा-पीटा, तोड़-फोड़ की और प्रदर्शन का मंच ही ध्वस्त कर दिया। उसके बाद भीड़ उस सरकारी अस्पताल के अंदर घुस गई, जहां कुछ दिनों पहले ही 31 वर्षीय ट्रेनी डॉक्टर के साथ बर्बर बलात्कार किया गया और बाद में दरिंदगी से उसकी हत्या भी कर दी गई थी। अस्पताल के भीतर भी खूब तोड़-फोड़ की। आपातकालीन कक्ष और बिस्तरों को भी नहीं छोड़ा। गंभीर चिकित्सा विभाग को भी अस्त-व्यस्त कर दिया। संभव है कि उस जघन्य, वहशियाना अपराध के कुछ सबूत भी मिटा दिए गए हों! आखिर वह भीड़ कहां से आई? कौन थे वे गुंडे और उनकी मंशा क्या थी? भीड़ की अराजकता से, अंततः, किसे लाभ हो सकता है? बंगाल पुलिस कहां थी? यदि ठुल्ले तैनात थे, तो वे तमाशबीन ही क्यों बने रहे? पुलिस और भीड़ में कोई सांठगांठ थी क्या? क्या सीबीआई जांच भी प्रभावित होगी? बहरहाल इन सवालों के जवाबों की प्रतीक्षा प्रधानमंत्री मोदी को नहीं करनी चाहिए। उन्हें राज्यपाल सीवी आनंद बोस की ताजा रपट मंगवानी चाहिए और केंद्रीय कैबिनेट को अनुच्छेद 356 के तहत पश्चिम बंगाल में 'राष्ट्रपति शासन' चस्पा कर देना चाहिए। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को चिल्लाने और संघीय ढांचे की दुहाई देने दो। दरअसल यह भीड़ और यह मार-काट बंगाल की नई परंपरा, नया रूटीन बन गई है। कभी संदेशखाली में, तो कभी 24 परगना अथवा किसी अन्य क्षेत्र में भीड़ हिंसा पर उतारू उमड़ती है। हत्याएं तक करना आम बात है। ममता बनर्जी 2011 से मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री हैं, लिहाजा कानून-व्यवस्था की बुनियादी जिम्मेदारी उन्हीं की है। क्या देश की स्वतंत्रता के दिन भी ऐसी उन्मादी, उग्र भीड़ तोड़-फोड़, मार-काट करने को स्वतंत्र है? देश की महिलाएं, देश की एकमात्र महिला मुख्यमंत्री से, पूछ रही हैं कि आखिर ममता किसकी 'दीदी' हैं? बेशक ममता अब धरने पर बैठ राजनीति करें, लेकिन उन्होंने आरोप लगाया है कि राम और वाम इक_ा हो गए हैं और अशांति फैला रहे हैं। 'राम' नाम का इस तरह प्रयोग घोर आपत्तिजनक है। बहरहाल भीड़ डॉक्टरों को हतोत्साहित नहीं कर पाई है, क्योंकि जो डॉक्टर काम पर लौट गए थे, वे फिर हड़ताल पर वापस चले गए हैं। भारत में डॉक्टरों की कमी पहले से ही संकट बनी हुई है, क्योंकि औसतन 1108 लोगों पर एक ही डॉक्टर है। बहरहाल, प्रधानमंत्री मोदी को बंगाल में अनुच्छेद 356 लागू कर देना चाहिए तथा प्रशासन में आमूल फेरबदल करना चाहिए।

> प्रधानमंत्री ने पहली बार देश में 'धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता' पर चर्चा की बात कही है। उस विकृति की ओर भी संकेत किया, जो सर्वनाश का कारण बन सकती है। यह पराकाष्ठा की स्थिति है कि आखिर ऐसी विकृतियां किसकी गोद में पल रही हैं? प्रधानमंत्री के भाषण का फोकस 'विकसित भारत 2047' पर अधिक रहा। उन्होंने महिला अपराधों और अत्याचारों पर भी अपनी पीड़ा व्यक्त की और फांसी की सजा तक का सुझाव दिया। बेशक देश की स्वतंत्रता का मौका था, लिहाजा औसत नागरिक जश्न, उल्लास और आनंद के मूड में था, लेकिन संभ्रांत लोगों के शहर कोलकाता में, आधी रात के आसपास, अचानक एक भीड़ उमड़ आई। सैकड़ों होंगे अथवा हजारों होंगे, यह गणना बेमानी है। वे गुंडे-बदमाश, हिंसक और विध्वंसक थे। उनके हाथों में लाठियां, डंडे थे और वे काफी उग्र लग रहे थे। स्वतंत्रता की पूर्व रात्रि में भारतीय ही भारतीय पर हमलावर होगा, ऐसी आजादी की हमने कल्पना तक नहीं की थी। क्या हमें ऐसी ही आजादी चाहिए? भीड़ ने पहला हमला प्रदर्शनकारी डॉक्टरों पर किया।

### भारत को उस खंडकाल में सोने की चिड़िया कहा जाता था

# अंततः अखंड भारत का सपना होगा साकार

प्रह्लाद सबनानी

> भारत के नागरिकों में आज "स्व" के भाव के प्रति जागृति तो दिखाई देने लगी है और वे "भारत के हित सर्वोपरि हैं" की चर्चा करने लगे हैं। परंतु, भारत में तंत्र अभी भी मां भारती के प्रति समर्पित भाव से कार्य करता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है, जिससे कभी कभी असामाजिक तत्व अपने भारत विरोधी एजेंडा पर कार्य करते हुए दिखाई दे जाते हैं और भारत के विभिन्न समाजों में अशांति फैलाने में सफल हो जाते हैं।

प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 अगस्त 2024 को पूरे भारतवर्ष में 77वां स्वतंत्रता दिवस बहुत ही धूम धाम से मनाया गया। दरअसल, भारतीय नागरिक 15 अगस्त 1947 के पूर्व अंग्रेजों के शासन के अंतर्गत पराधीन थे एवं 15 अगस्त 1947 को अंग्रेजों के शासन से मुक्त होकर भारतीय नागरिक स्वाधीन हुए। इसलिए इस पर्व को स्वाधीनता दिवस कहना अधिक तर्कसंगत होगा। स्वतंत्र शब्द दो शब्दों से मिलाकर बना है (1) स्व; एवं (2) तंत्र। अर्थात स्वयं का तंत्र, इसलिए स्वतंत्रता दिवस कहना तो तभी न्यायोचित होगा जब स्वयं का तंत्र स्थापित हो। भारत के नागरिकों में आज "स्व" के भाव के प्रति जागृति तो दिखाई देने लगी है और वे "भारत के हित सर्वोपरि हैं" की चर्चा करने लगे हैं। परंतु, भारत में तंत्र अभी भी मां भारती के प्रति समर्पित भाव से कार्य करता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है, जिससे कभी कभी असामाजिक तत्व अपने भारत विरोधी एजेंडा पर कार्य करते हुए दिखाई दे जाते हैं और भारत के विभिन्न समाजों में अशांति फैलाने में सफल हो जाते हैं। स्व के तंत्र के स्थापित होने से आशय यह है कि देश में हिंदू सनातन संस्कृति का अनुपालन सुनिश्चित हो। प्राचीन काल में भारत विश्व गुरु था। आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक क्षेत्रों सहित लगभग समस्त क्षेत्रों में भारतीय सनातन संस्कृति का दबदबा था। भारत को उस खंडकाल में सोने की चिड़िया कहा जाता था। भारत के विश्वविद्यालयों में शिक्षा ग्रहण करने के उद्देश्य से पूरे विश्व से विद्यार्थी भारत में आते थे। भारत पर शक, हूण, कुषाण एवं यवन के आक्रमण हुए, परंतु भारत पर उनके कुछ समय के शासन के पश्चात वे भारतीय सनातन संस्कृति में ही रच बस गए एवं भारत का हिस्सा बन गए। परंतु, अरब के देशों से मुसलमान एवं ब्रिटेन से अंग्रेजों के भारत पर चले शासन के दौरान उन्होंने भारतीय नागरिकों का बलात धर्म परिवर्तन करवाया, स्थानीय नागरिकों पर अकल्पनीय अत्याचार किए। भारत के बड़े बड़े प्रतिष्ठानों, मंदिरों एवं ज्ञान के स्थानों को नष्ट किया। अंग्रेजों ने तो भारतीय नागरिकों के साथ छल कपट करते हुए यह भ्रम फैलाया कि अंग्रेजों ने ही भारतीय नागरिकों को जीना सिखाया है अन्यथा भारतीय समाज तो असभ्य, अनपढ़ गंवार था। उन्होंने भारतीय सनातन संस्कृति पर गहरी चोट की। वे भारतीयों में हीन भावना भरने में सफल रहे। भारत की प्राचीन शिक्षा पद्धति को नष्ट किया। गुरुकुल नष्ट किए। अंग्रेजों को नौकर चाहिए थे अतः तात्कालिक शिक्षा प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन किए। इसी प्रकार की शिक्षा प्रणाली देश में आज भी चल रही है, जिसके अंतर्गत शिक्षित भारतीय केवल नौकरी करने के लिए ही उतावले नजर आते हैं। वे अपना स्वयं का व्यवसाय




स्थापित करने के प्रति रुचि ही प्रकट नहीं करते हैं। भारत में उद्योगपति अपने परिवार की विरासत से ही निकले हैं। भारत को आक्रांताओं एवं अंग्रेजों के शासन से मुक्त कराने के उद्देश्य से समय समय पर भारत के तत्कालीन राज्यों के शासकों ने युद्ध भी लड़े एवं अपने स्तर पर उस खंडकाल में सफलता भी अर्जित की। जैसे, शिवाजी महाराज, महाराणा प्रताप, राणा सांगा आदि के नाम मुख्य रूप से लिए जा सकते हैं। इसी प्रकार, अंगेजों के विरुद्ध लड़ाई लड़ने वाले वीर क्रांतिकारियों में रानी लक्ष्मीबाई, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद के नाम सहज रूप से लिए जा सकते हैं। स्वाधीनता प्राप्ति के उद्देश्य को लेकर मशाल आगे लेकर चलने वाले कई योद्धाओं में महात्मा गांधी, सरदार पटेल एवं सुभाषचंद्र बोस भी शामिल रहे हैं। इसी समय में विवेकानंद एवं डॉक्टर हेडगेवार ने भी सांस्कृतिक चिंतक के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन सफलतापूर्वक किया था। इस प्रकार, अंततः भारत को 15 अगस्त 1947 को अंग्रेजों के शासन से मुक्ति मिली एवं भारतीय नागरिकों को स्वाधीनता प्राप्त हुई। भारत के लिए यह एक नई सुबह तो थी परंतु यह साथ में विभाजन की त्रासदी भी लेकर आई थी। पूर्व एवं पश्चिमी पाकिस्तान के रूप में एक नए देश ने भी जन्म लिया और इस दौरान करोड़ों नागरिकों ने अपनी जान गवाईं थी। आखिर भारत का विभाजन हुआ क्यों? यदि इस विषय पर विचार किया जाय तो ध्यान में आता है कि दरअसल अंग्रेजों ने यह भ्रम फैलाया कि भारत में आर्य बाहर से आए हैं और इस प्रकार वे भारतीय नागरिकों में मतभेद पैदा करने में सफल हुए। साथ ही, उन्हें भारतीय नागरिकों में यह भाव पैदा करने में भी सफलता मिली कि भारत एक भौगोलिक इकाई है एवं यह कई राज्यों को मिलाकर एक देश बना है जबकि राष्ट्र एक सांस्कृतिक इकाई होती है न कि भौगोलिक इकाई। उस खंडकाल विशेष में अंग्रेजों द्वारा भारत में किया गया मुस्लिम तुष्टिकरण भी भारत के विभाजन के लिए जिम्मेदार है। राष्ट्रवादी मुसलमानों की उपेक्षा की गई थी एवं उस समय की जनभावना को बिलकुल ही नकार दिया गया था, इसके उदाहरण के रूप में 'वन्दे मातरम' कहने पर अंकुश लगाना एवं राष्ट्रीय ध्वज के रूप में भगवा ध्वज को स्वीकार नहीं करना, का वर्णन किया जा सकता है। और फिर, उस समय विशेष पर भारत का नेतृत्व भी मजबूत हाथों में नहीं था। उक्त कई कारणों के चलते भारत को विभाजन की विभीषिका को झेलना पड़ा था और करोड़ों नागरिक इससे बहुत बुरी तरह से प्रभावित हुए थे। वैसे तो भारत को पूर्व में भी खंडित किया जाता रहा है परंतु वर्ष 1947 में हुआ विभाजन सबसे अधिक वीभत्स रहा है। वर्ष 1937 में म्यांमार भारत से अलग हुआ था, वर्ष 1914 में तिब्बत को भारत से अलग कर दिया गया था, वर्ष 1906 में भूटान एवं वर्ष 1904 में नेपाल को भारत से अलग कर दो नए देश बना दिये गए थे एवं वर्ष 1876 में अफगानिस्तान ने नए देश के रूप में जन्म लिया था। यह सभी विभाजन भारत को पावन भूमि को विखंडित करते हुए सम्पन्न हुए थे। यह सिलसिला वर्ष 1947 में स्वाधीनता प्राप्ति के पश्चात भी रुका नहीं एवं वर्ष 1948 में भारत के भूभाग को विखंडित कर श्रीलंका के रूप में नए देश का जन्म हुआ। वर्ष 1948 में ही पाकिस्तान के कुछ कबीलों ने भारत के कश्मीर क्षेत्र पर आक्रमण कर कश्मीर के एक हिस्से को अपने कब्जे में ले लिया था, जिसे आज 'पाक आकुपाईड कश्मीर' कहा जाता है। वर्ष 1962 में आक्साई चिन भी भारत से विखंडित हो गया था। उक्त विखंडित हुए भूभाग से भारत का नाता आज भी बना हुआ है। जैसे, अफगानिस्तान में बामियान बुद्ध की मूर्तियां स्थापित रही हैं, जिन्हें बाद के खंडकाल में तालिबान ने खंडित कर दिया है। महाभारत काल में गांधारी आज के अफगानिस्तान राज्य की निवासी रही है। अफगानिस्तान शिव उपासना का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। इसी प्रकार पाकिस्तान में तो तक्षशिला विश्वविद्यालय रहा है, जिसमें विश्व के अन्य देशों से विद्यार्थी अध्ययन के लिए आते थे। हिंगलाज माता का मंदिर है, भगवान झूलेलाल का अवतरण इस धरा पर हुआ था, साधु बेला, संत कंवरराम, ऋषि पिंगल, ऋषि पाणिनि भी इसी धरा पर रहे हैं। भगत सिंह, लाला लाजपत राय एवं आचार्य कृपलानी जैसे देशभक्तों ने भी इसी धरा पर जन्म लिया था। बंगला देश में भी आज ढाकेश्वरी मंदिर स्थित है जिसके नाम पर ही बांग्लादेश की राजधानी को ढाका कहा जाता है। जगदीश चंद्र बोस एवं विपिन चंद्र पाल जैसे महान देशभक्तों ने भी इसी धरा पर जन्म लिया है। नेपाल तो अभी हाल ही के समय तक हिंदू राष्ट्र ही रहा है एवं यहां पर कैलाश मानसरोवर, पशुपति नाथ मंदिर, जनकपुर जहां माता सीता का जन्म हुआ था एवं विश्व प्रसिद्ध लुम्बिनी, आदि नेपाल में ही स्थित हैं।

दृष्टि कोण

# नशे की बढ़ती लत से समाज खतरे में

समाज के बदलते परिवेश में कुछ अलग करने की कामना, मानसिक तनाव और बहुत से शौक ऐसे कारण हैं जो नशे के प्रचलन को समाज में बढ़ा रहे हैं। इसका ज्यादातर शिकार हमारी युवा पीढ़ी हो रही है। वर्तमान में नशा युवाओं के लिए फैशन बन गया है, जो दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। नशे का हानिकारक प्रभाव न केवल नशा करने वाले व्यक्ति पर पड़ता है, अपितु यह पूरे परिवार और समाज को भी खोखला करने का काम करता है। एक समय हिमाचल को बदनाम करने वाले भांग, अफीम और चरस जैसे खतरनाक नशे की जगह अब चिट्टे ने ले ली है। चिट्टा वास्तव में एक बहुत ही खतरनाक ड्रग्स है। हिमाचल का शायद ही कोई ऐसा जिला होगा जहां पर पुलिस द्वारा चिट्टे की बरामदगी न हुई हो, खासकर सीमांत जिलों कांगड़ा, ऊना एवं सोलन जैसे जिलों में चिट्टे का सर्वाधिक प्रकोप है, जो कि कई युवाओं के जीवन को निगल चुका है। अक्सर नशेड़ी आदमी को शारीरिक, मानसिक, सामाजिक तथा आर्थिक रूप से भारी नुकसान उठाना पड़ता है। फिर भी न चाहते हुए भी वे इस लत से छुटकारा नहीं पा सकते। वर्तमान में हालात ऐसे बन चुके हैं कि स्कूल, कॉलेज एवं यूनिवर्सिटीज में पढ़ने वाले विद्यार्थी नशाखोरी की चपेट में आने लगे हैं। नशा माफिया छात्रों को किसी तरह से बहला-फुसला कर नशे की लत लगा देता है और जब ये छात्र इस महंगे नशे को खरीदने में असमर्थ हो जाते हैं तो नशा माफिया इन बच्चों को नशा तस्करी के दलदल में धकेल देता है। अभी कुछ समय पहले ही एनआईटी हमीरपुर में कई छात्र इस नशाखोरी के चक्कर में पकड़े गए थे। आजकल आधुनिकता की दौड़ में संयुक्त परिवार की जगह एकल परिवार को तरजीह दी जा रही है। ऐसे में बच्चों में अकेलापन, सामाजिकता का अभाव इत्यादि के कारण बच्चों में नशे की तरफ रुचि बढ़ जाती है। अगर एकल परिवार का लडक़ा या लडक़ी नशे के जाल में फंसते हैं तो उस परिवार का अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाता है। अक्सर देखने में आता है कि नशे में पड़ा छात्र झूठ बोलने लगता है एवं अपने परिवार, दोस्तों, रिश्तेदारों और समाज को धोखा देने लगता है। नशे के लिए पैसे का जुगाड़ करने के लिए चोरी, डकैती, अपने ही घर का सामान बेचना जैसी खबरें हम आए दिन अखबारों में पढ़ते रहते हैं। एक बार सिंथेटिक ड्रग्स की लत लग जाए तो इस नशे को छोड़ पाना इतना आसान नहीं होता। इसकी लत इतनी खतरनाक होती है कि अगर व्यक्ति को नशा न मिले तो यह नशेड़ी की मौत का कारण बन जाता है। आज जरूरत है समाज में इस दानव रूपी नशे के कारोबार को खत्म किया जाए। सरकारें भी इसके लिए प्रयासरत हैं, लेकिन इसमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका परिवार की होती है। माता-पिता अपने बच्चों की परवरिश करते समय अगर बच्चे की छोटी-मोटी गतिविधियों पर नजर नहीं रखेंगे तो बच्चे गलत संगत में पड़ कर नशे का शिकार बन सकते हैं। कई बार अपनी विधानसभा या हिमाचल के किसी और क्षेत्र में जाता हूं तो स्कूल-कॉलेज के छात्र सिरगेट के धुएं के छल्ले उड़ाते दिखते हैं, तो मन में पीड़ा होती है। कई बार गाड़ी रोककर ऐसे बच्चों को समझाने का भी प्रयास करता हूं। समय की जरूरत है कि सरकार नशे के कारोबारियों के खिलाफ कड़े कानून बनाए। शिक्षण संस्थानों में 100 मीटर के दायरे में तम्बाकू-गुटखा बेचने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। इसके अलावा एनजीओ, धार्मिक संगठनों, सिविल सोसाइटीज, पंचायतों, शहरी निकायों, स्टूडेंट्स यूनियनों, यूथ क्लबों, नेहरु युवा क्लबों, शिक्षकों को तन-मन-धन से नशे के खिलाफ सहयोग करना चाहिए। जब स्टूडेंट्स कॉलेज-यूनिवर्सिटी में एडमिशन लेते हैं तो उनको नशे के खिलाफ वर्कशॉप और ओरिएंटेशन प्रोग्राम्स में विस्तृत जानकारी दी जानी चाहिए। सरकारों को युवाओं के लिए अवसर, खेलों एवं रोजगार की तरफ विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए, ताकि युवा अपनी एनर्जी और क्रिएटिव पावर्स का समाज और देशहित में प्रयोग कर सकें। पंजाब का उदाहरण हमारे सामने है। पंजाब अब उड़ता पंजाब कहलाता है। वहां पर नशे की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण वह अब खेलों में भी पीछे हो गया है।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## रामगढ़ विधान का चुनाव हर हाल में जीतेंगे : अनील टाईगर

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ : मारवाड़ी धर्मशाला में रामगढ़ विधानसभा अस्त्रीय बैठक हुई। बैठक का मुख्य कार्य विधानसभा से पूर्व 81 विधानसभा की स्मिक्छा झारखंड प्रदेश के अनुसार, नवनयुक्त पदाधिकारियों,मोर्चा का प्रिचयत्मात्मक बैठक कर चुनावी रणनीति स्मपन हुई। जिसमे रामगढ़ विधानसभा प्रभारी अनिल टाईगर, जिला प्रभारी शशि भूषण भगत थे इनका मंच पर जोरदार स्वागत हुए पूर्व मे राष्ट गान कर सभा प्रारंभ हुई, मंच संचालन जिला महामंत्री राजु चतुर्वेदी, अध्यक्षता प्रवीण मेहता जी ने किया धन्यवाद ज्ञापन विजय जयसवाल जी ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रो0 संजय सिंह जिला महामंत्री विजय जयसवाल,उपाध्यक्ष रंजन सिंह, महेंदर प्रजापति , स्नेह लता चौधरी मंत्री दिलीप सिंह,अनमोल सिंह, संजय प्रभाकर,बलराम कुशवाहा, जिला मीडिया प्रभारी भीम सेन चौहान, राजीव रंजन आईटी प्रवीण सोनू, धीरज साहू,शहदेव ठाकुर, राजेश ठाकुर, मोर्चा अध्यक्ष कुश श्रीवास्तव, महिला मोर्चा अध्यक्ष शीतल सिंह,मंडलअध्यक्ष सूर्यवांश श्रीवस्तव,मनोज गिरी, संजय शाह, नरेश कुमार, गणेश प्रसाद,बबलू साव , इला रानी पाठक, कृति गौरव शिव कुमार महतो, आलोक कुमार, ब्रजेश पाठक, रमेश वर्मा, जुगेश महतो पंचम चौधरी ,मनोज महतो,मुख्य रूप से उपस्थित थे।



## श्री कृष्ण विद्या मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ : श्री कृष्ण विद्या मंदिर के बच्चों ने कृष्ण एवं राधा के रूप में ऑनलाइन प्रस्तुति देकर जन्माष्टमी महोत्सव को सार्थक बनाया। कक्षा नर्सरी से अनन्या कुमारी, शिवांगी ठाकुर, कुमार रूद्र एवं देवांश सिंह, कक्षा एलश केश जीश से पृथ्वी कुमार सिंह कुमार शिवा, अथर्व गुप्ता, शिवांश कुमार सिंह तथा कक्षा यूश केश जीश से युवान सिंह, शान्वी तिवारी, आरोही कुमारी, प्राची आदि ने कृष्ण के बाल रूप एवं राधा - रानी के बाल रूप में स्वयं को प्रस्तुत किया। कक्षा तीसरी की निवृत्ति गुप्ता ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर राधा के चरित्र को परिभाषित किया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी राधा और कृष्ण के अटूट प्रेम को प्रकट करने के लिए बच्चों के बीच मनाया जाता है। आज के ही दिन श्री कृष्ण का जन्म हुआ था जिन्होंने प्रकृति, प्राणी एवं संपूर्ण जगत में प्रेम की धारा प्रवाहित करते हुए हमें गीता का ज्ञान दिया था। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई देते हुए सभी को श्री कृष्ण के जीवन एवं उनके द्वारा दिए गए गीता ज्ञान का लाभ लेने की आवश्यकता पर जोर दिया।



## उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं



जल्द निष्पादन हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ : मंगलवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, सड़क, रोजगार, विभिन्न विकास कार्यों, योजनाओं के लाभ सहित अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## श्रम अधीक्षक कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों के उपायुक्त ने की समीक्षा



रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता): श्रम अधीक्षक कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की मंगलवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने कार्यालय कक्ष में समीक्षा की। इस दौरान श्रम अधीक्षक, रामगढ़ अभिषेक वर्मा के द्वारा बैठक के दौरान उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त को श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग अंतर्गत श्रम अधीक्षक कार्यालय द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने निर्माण सेफ्टी किट योजना, मेधावी पुत्र पुत्री छात्रवृत्ति योजना, झारखंड निर्माण कर्मकार मृत्यु/ दुर्घटना सहायता योजना, अंत्येष्टि सहायता योजना, विवाह सहायता योजना, मुख्यमंत्री असंगठित श्रमिक औजार सहायता योजना, साइकिल सहायता योजना, मातृत्व प्रसुविधा योजना के तहत इस वर्ष अब तक किए गए कार्यों की जानकारी दी। मौके पर उपायुक्त ने योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करते हुए योग्य लाभुकों को चिन्हित कर उन्हें लाभ देने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने बाल श्रम उन्मूलन के तहत किए गए कार्यों की जानकारी लेते हुए बाल श्रम पर पूरी तरह से रोक सुनिश्चित करने एवं कहीं से भी बाल श्रम संबंधित सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने बाल श्रम उन्मूलन को लेकर जिला स्तरीय बैठक आयोजित करने का संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए।

## बूथ लेवल पदाधिकारियों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने प्रदान किया पहचान पत्र



रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता): निर्वाचन संबंधित विभिन्न कार्यों को संपादित करने में बूथ लेवल पदाधिकारियों को सहूलियत प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय झारखंड द्वारा बूथ लेवल पदाधिकारियों को पहचान पत्र उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में सांकेतिक रूप से तीन बूथ लेवल पदाधिकारियों को पहचान पत्र प्रदान किया गया।गौरतलब होकि 22 बड़कागांव एवं 23 रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत कुल 862 बूथ लेवल पदाधिकारी कार्यरत है वर्तमान में जिले को 40 बूथ लेवल पदाधिकारियों के लिए पहचान पत्र राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त हुआ है वहीं शेष बूथ लेवल पदाधिकारियों को भी जल्द पहचान पत्र उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

## अरगड्डा महाप्रबंधक कार्यालय में विजिलेंस अवेयरनेस कैंपेन मनाने हेतु एक बैठक आयोजित की गई

सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता): अरगड्डा महा प्रबंधक कार्यालय के स्थित सभागार में विजिलेंस अवेयरनेस कैंपेन के तहत महाप्रबंधक संजय कुमार झा की अध्यक्षता में विजिलेंस अवेयरनेस कैंपेन मनाने हेतु एक बैठक आयोजित की गई जिसमें सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के सभी विभाग अध्यक्ष एवं अधिकारीगण उक्त बैठक में सम्मिलित हुए एवं इस विजिलेंस अवेयरनेस कैंपेन मनाने हेतु कई महत्वपूर्ण कदम उठाने पर चर्चा हुई और यह कैंपेन दिनांक 16 अगस्त से 15 नवंबर तक यह कार्यक्रम चलेगा जिसमें क्षेत्र में कई तरह के आयोजन किए जाएंगे और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने हेतु महाप्रबंधक के निर्देशों का अनुपालन करते हुए कई और महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए और अंत में धन्यवाद देते हुए बैठक का समापन किया गया



# जिला स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का शुभारंभ

## खेल से संबंधित प्रतिभा है तो मेहनत करते रहिए सफलता जरूर मिलेगी : रमेश घोलप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिला स्तरीय खेलों झारखंड खेलकूद प्रतियोगिता 2024 -25 का आज जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि जिले के उपायुक्त श्री रमेश घोलप ने शामिल होकर विधिवत जिला स्तरीय खेलों झारखंड खेलकूद प्रतियोगिता 2024 -25 का शुभारंभ किया। उक्त मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष श्री ब्रिज किशोर तिवारी, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक, जिला ओलंपिक संघ चतरा के सचिव श्री राकेश कुमार सिंह माननीय मंत्री श्री सत्यानंद भोक्ता के प्रतिनिधि श्री जितेंद्र चंद्रवंशी उपस्थित थे।कार्यक्रम का शुरुआत खेलो झारखंड के झंडोतोलन कर किया गया, तत्पश्चात कस्तूरबा विद्यालय चतरा के बच्चों द्वारा सुंदर स्वागत गीत के माध्यम से स्वागत किया गया तथा अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडों से आए हुए खिलाड़ियों द्वारा मार्च पास्ट किया गया तथा मसाल प्रज्वलित कर प्रखंड के सभी कप्तान द्वारा मैदान का चक्कर लगाया गया एवं शपथ ग्रहण लिया गया। खेलो झारखंड प्रतियोगिता दिनांक 27अगस्त 2024 से 3 सितम्बर 2024 तक चलेगा जिसमें मुख्यतः एथलेटिक्स, फुटबॉल, कबड्डी, हॉकी, खो खो, वालीबॉल, क्रिकेट , उसु, चेस ,बैंड , योगा आदि खेलों का आयोजन किया जाएगा।

**उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा :** उपायुक्त श्री रमेश घोलप ने प्रखंड के विजेता खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए अपने संबोधन में कहा आज आप सभी खिलाड़ी प्रखंड से जीतकर जिलास्तर पर पहुंचे हैं। खेलो झारखंड के माध्यम से वैसे बच्चे जो सुदूरवर्ती क्षेत्र से है उन्हें आगे बढ़ने का मौका नहीं मिलता है उन्हें आगे बढ़ने का अच्छा मौका है, मुझे उम्मीद ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि चतरा जिला निश्चित रूप से अपना जौहर दिखाकर चतरा जिला का नाम रौशन करेगा। यहां जो खेल होने है वो बारह तरह के हैं।झारखंड सरकार द्वारा हर साल खेलो झारखंड प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है, ताकि हमारे जो बच्चे हैं अगर उनमें खेल के प्रति प्रतिभा है तो वो प्रतिभा को अवसर मिल सके। निश्चित तौर पर इसके अच्छे परिणाम भी आते है। खेलो झारखंड प्रतियोगिता के माध्यम से कई अच्छे खिलाड़ी निकलकर आएं है और राज्य के साथ साथ जिले का नाम देश में रौशन कर रहे हैं। झारखंड खेल के क्षेत्र में अलग पहचान पहले ही बना चुका है। झारखंड कई सारे खिलाड़ी देश को दिया है और ऐसा नहीं था कि उन सभी खिलाड़ियों के पास बहुत सारी संसाधन और सुविधाएं थी, खिलाड़ी अपने जुनून जजवा और विश्वास पर यकीन करते हुए उन्होंने साबित किया है। आप सभी से भी उम्मीद है कि आपलोग के अंदर भी खेल से संबंधित प्रतिभा है तो मेहनत करते रहिए सफलता जरूर मिलेगी। सरकार उनकी जो विभिन्न नीतियां है खेल से संबंधित वो नीतियों के माध्यम से भी चाहे वो प्रोत्साहन राशि, पेंशन चाहे किसी भी प्रकार कि सहयोग की बात हो सरकार हमेशा खिलाड़ियों के साथ खड़ी रहती है। पंचायत स्तर पर खेल से संबंधित क्लब का गठन हो, विभिन्न योजना चाहे मनरेगा के माध्यम से वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, इंडोर, आउटडोर खेल के लिए प्रयासरत है। आप सभी खिलाड़ियों से जिला प्रशासन की ओर से अपेक्षा रखता हूं कि आप अच्छा परफॉर्मेंस दीजिए और जब यहां से चयनित होकर राज्य स्तर पर खेलने जाएंगे तो वहां भी जाकर अपने जिला का नाम रौशन करें। उन्होंने आगे कहा, किसी ने कहा है कि वसीहते अपने नाम करवाने से कुछ नहीं होता ये तो उड़ान तय करती है कि आसमान किसका होगा। जिला परिषद उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी ने कहा चतरा जिला खेल कूद कार्यक्रम में पूर्व से ही आगे रहा है यही कारण है कि विभिन्न खेलों में आज हमारा जिला कई जिला से आगे है।हमारे माध्यम से बच्चों के खेल कूद कार्यक्रम को आगे बढ़ाने में जो सहयोग होगा मैं करूंगा ।

# कहां जा रहा है बोरे के वजन का खाद्यान्न गोदाम स्टॉक मिलान की जरूरत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** जन वितरण प्रणाली सिस्टम में भ्रष्टाचार के कड़ी में एक और कड़ी जोड़कर चरम सीमा पार करने की हत्ता कोशिश हुई है। वैसे तो उक्त सिस्टम के भ्रष्टाचार की चक्की में आखिरकार पीडीएस के गरीब लाभार्थियों को ही पिसना पड़ता है हालांकि पीडीएस विक्रेता भी इसके जद्द में आ रहे हैं। ऐसे में अचंभित करने वाले मामले प्रकाश में आया है जो एक बड़े घोटाले व गबन के तरफ इशारे कर रहा है। बरवाडीह के सभी डीलरों को लगभग चार पांच माह से सैंकड़ों बोरे के वजन का राशन नहीं दिया जा रहा है जबकि नियमानुसार उन्हें बोरे के वजन के साथ पुरी मात्रा में राशन आवंटित करना है। वहीं इस संबंध आखिरकार सभी डीलरों ने सोमवार को प्रभारी एम ओ अरविंद रवि को मांगपत्र सौंपा है।बता दें कि बरवाडीह में कुल 56 जन वितरण प्रणाली के दुकान संचालित है। इसके अलावा सैंकड़ों विद्यालय , आंगनबाड़ी केंद्रों के खाद्यान्न का आवंटन लगभग 4000 किवंटल खाद्यान्न की मात्रा हो रहा है ऐसे में हिसाब से कुल 8000 बोरे हो रहे हैं। जहां एवरेज से एक बोरे का वजन 500 ग्राम है तो कुल 40 किवंटल खाद्यान्न हर माह गोदाम में स्टॉक हुआ, इस तरह कुल पांच महीने में 200 किवंटल खाद्यान्न स्टॉक हुआ, तो फिर गोदाम के स्टॉक का मिलान किस तरह किया जा रहा है, कहीं ऐसा तो नहीं के उपर से ही मेंटेन कर लिया जा रहा है या फिर गोदाम में खाद्यान्न के एवज परिवहन का चालान आ रहा है।यह तो जांच का विषय है । इस तरह बड़े घोटाले व गबन की अंदेशा को देखते हुए गोदाम स्टॉक मिलान करने जिले के उपायुक्त गरीमा सिंह को स्वतः संज्ञान लेने की आवश्यकता है।

# जिला अनुकंपा समिति की बैठक में उपायुक्त ने पदाधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता 27अगस्त 2024 दिन में मंगलवार को जिला अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति द्वारा सामान्य के आश्रितों के कुल 11 अभ्यावेदनों की विस्तार से समीक्षा की गई। समिति द्वारा सामान्य के आश्रितों के अभ्यावेदनों पर विचार विमर्श के बाद 11 में से 10 अभ्यावेदनों की अनुशंसा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला स्थापना उप समाहर्ता उदय कुमार, व अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्टेशन परिसर में रुप सज्जा प्रतियोगिता आयोजित की गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड के बाजकुम लातेहार स्टेशन स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में 27 अगस्त 2024 दिन मंगलवार को विद्यालय परिसर में श्री राधा-कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कृष्ण कांत दूबे अध्यक्ष, आरती देवी उपाध्यक्ष, विवेक कुमार गुप्ता सचिव की गरिमामयी उपस्थिति में राजबल्लम शर्मा प्रधानाचार्य के निर्देशानुसार कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया। इस कार्यक्रम में 28 भैया-बहनों ने प्रतिभागी के रूप में भाग लिए जो कक्षा प्रथम से पंचम के भैया-बहन थे। इनके द्वारा भिन्न-भिन्न प्रकार से मुक्ति के श्रृंगार से सुसज्जित श्री राधा-कृष्ण का रूप प्रस्तुत किया गया।जो अत्ति मनमोहक था। निर्णायक मंडली द्वारा सभी प्रतिभागीयों का अवलोकन के पश्चात् प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान दिया गया जो इस प्रकार हैः सलोनी कुमारी कक्षा-प्रथम (राधा) प्रथम स्थान, यश राज कक्षा- अरुण (कृष्ण) प्रथम स्थान,काव्या कुमारी-कक्षा- तृतीय (राधा) द्वितीय स्थान, सुशैन कुमार सिंह-का-उदय (कृष्ण)? द्वितीय स्थान, सान्वी कुमारी - कशा - प्रथम (राधा) तृतीय स्थान,आर्याष कुमार गुप्ता-कक्षा-उदय (कृष्ण) नैन्सी प्रिया-कक्षा- तृतीय- (राधा) अनमोल गुप्ता-कथा-प्रथम -(कृष्ण)अंजला सिन्हा-कक्षा- अरुण- (राधा) सभी तृतीय स्थान कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी आचार्यों, दीदी एवं सभी कर्मचारीयों की सहभागिता सराहनीय रहा।अन्त में प्रधानाचार्य के द्वारा श्री राधा-कृष्ण के जीवन चरित्र पर चर्चा व्याख्या करते हुवे कार्यक्रम का समापन किया गया।

## कुष्ठ रोगी खोजो अभियान का बुधवार से होगा शुभारंभ : सिविल सर्जन



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर अस्पताल स्थित सिविल सर्जन कार्यालय में मंगलवार को सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह ने प्रेसवार्ता का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने बताया की बुधवार को कुष्ठ रोगी खोजो अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। इसका शुभारंभ जिले के उपायुक्त गरिमा सिंह द्वारा अस्पताल परिसर से किया जाएगा। यह अभियान 13 सितंबर तक चलेगा। मौके पर जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ शोभना टोप्पो ने बताया की कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए 1160 टीम में कुल 2320 सदस्य बनाए गए हैं। जबकि 166 पर्यवेक्षक बनाए गए हैं।मौके पर अन्य लोग मौजूद थे।

## प्रभारी एमओ ने डीलरों के साथ की समीक्षा बैठक दिये कई निर्देश



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को प्रखंड सभागार में प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के साथ प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद रवि ने समीक्षा बैठक की। इस दौरान क्षेत्र के सभी डीलरों को नियमित खाद्यान्न एन एफ एस ए, ग्रीन कार्डधारियों को माह सितंबर, अक्टूबर 2023 का खाद्यान्न जल्द ही पुरी मात्रा में उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया है साथ ही माह मई का दाल वितरण कई डीलरों द्वारा नहीं किया गया है उन्हें तत्काल वितरण करने को कहा गया है। इस संबंध में उन्होंने बताया कि नियमित खाद्यान्न वितरण करने में कोई भी डीलर लापरवाही बरतते हैं तो उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुशंसा किया जाएगा। मौके पर अशोक राम, निजाम खां, कुलदीप सिंह, एकबाल सिंह,नन्दु बैठा, विरेन्द्र कुमार, ज्वाला प्रसाद, मनोहर प्रसाद अशोक कुमार सिंह, प्रमिला कुंवर, जोखन प्रसाद राम प्रताप तिवारी दशरथ राम समेत दर्जनों डीलर मौजूद रहे।

## आम्रपाली कोल परियोजना के तानाशाही के खिलाफ तीन सूत्री मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन आज से होगा शुरू

**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम सेरनदाग के ग्रामीण एशिया महादेश की सबसे बड़ी कोल परियोजना आम्रपाली कोल परियोजना के खिलाफ अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन बाजार टांड़ में आज से शुरू करेंगे। एक कहावत आपने सुना होगा विधानसभा और न लोकसभा सबसे बड़ा ग्रामसभा। परंतु सेरनदाग ग्रामिणो का आरोप है की भ्रष्टाचार की जड़ इतना मजबूत है कि अधिकारी अपने टेबल पर बैठे बैठे बिना किसी भय के ग्रामीण जनता, मुखिया का भी फर्जी हस्ताक्षर एवम मोहर कर ग्राम सभा का रजिस्टर तैयार कर लिए थे। ग्रामीणों के द्वारा उपायुक्त के नाम से शिकायत आवेदन दिया गया और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई परंतु एक वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। दूसरी ओर अंचल अधिकारी टंडवा के द्वारा 29 अगस्त को फिर से अनापत्ति हेतु ग्राम सभा का आयोजन किया गया।

# पंचायत भवन से आधार सेवा केंद्र का ताला तोड़ कर लाखों की चोरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** कुन्दा थाना क्षेत्र के बौधाडीह पंचायत भवन से आधार सेवा केंद्र में देर रात अज्ञात चोरों द्वारा ताला काटकर वहां रखे सामानों की चोरी कर ली। चोरी गये सामानों में एक लैपटॉप, एक प्रिंटर, एक वेब कैमरा,दो फिंगर मोरफो सहित कई सामान शामिल है। इस संदर्भ में सीएससी एवं आधार केंद्र संचालक जयराम भारती ने थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर आवेदन दिया है। सीएससी संचालक के सूचना के बाद एएसआई जयकुमार सिंह घटनास्थल का जायजा लिया।वही चोरों के धर पकड़ के लिये छापेमारी चलाने की बात कही। सीएससी संचालक ने बताया कि यहां प्रखंड स्तरीय आधार सेवा केंद्र संचालित हो रहा था। इससे प्रखंड के लोगों को आधार से संबंधित सभी सेवायें मिल रही थी। संचालक ने बताया कि लैपटॉप व वेब कैमरा सहित कई सामानों के चोरी हो जाने के कारण यह आधार सेंटर बंद हो गया है, चोरी गई उपकरण की अनुमानित कीमत 2 लाख बताया है। वही आधार केंद्र बंद होने से लोगों को काफि परेशानी उठानी पड़ रही है।

## गणेश महोत्सव से पूर्व टंडवा में अश्लील थियेटर लगाए जाने का लोगों ने किया विरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** प्रखंड के सुप्रसिद्ध चुंदरू धाम परिसर में आयोजित होने वाले गणेश महोत्सव से पूर्व अश्लील थिएटर लगाए जाने का स्थानीय लोगों ने जमकर विरोध किया है। थिएटर लगाए जाने की सूचना पर ग्रामीणों ने थिएटर कंपनी के द्वारा लगाए जा रहे पंडाल के समीप पहुंचकर स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया। लोगों का कहना है कि गणेश पूजा महोत्सव पूरे प्रखंड में आस्था का केंद्र है। इस आस्था को लेकर आयोजित महोत्सव के मेले में कुछ लोगों के द्वारा अश्लीलता से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।जिसे हम सभी कभी सफल नहीं होने देंगे। वहीं हिंदू जागरण मंच के राजेश सोनी ने भी थिएटर लगाए जाने का पूरी तरह विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि कुछ असमाजिक तत्व अथवा घृणित विचार के लोगों के द्वारा टंडवा को सोनपुर बनाकर अश्लीलता परोसने की तैयारी चल रही है। जिस मनसूबे को हम कभी सफल नहीं होने देंगे।

# महुआडाड़ में धूमधाम से मनाया गया श्री कृष्ण जन्माष्टमी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडाड़ (लातेहार) :** महुआडाड़ प्रखंड क्षेत्र में बड़े धूमधाम के साथ श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार मनाया गया। श्री कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर प्रखंड भर के विभिन्न मंदिरों में साज सजावट देखने को मिली। सुबह से ही भक्ति गीतों से पूरा प्रखंड गुंज्यमान रहा।मंदिर में पूजा अर्चना और भजन कीर्तन का भी आयोजन श्रद्धालुओं के द्वारा किया गया। जिसमें भारी संख्या में भक्तगण पुरी रात भक्ति गीतों में झूमते हुए एवं भजन कीर्तन करते नजर आए। प्रखंड अंतर्गत सभी मंदिरों में ब्राह्मणों के द्वारा पूरे विधि विधान से श्री राधा कृष्ण की पूजा अर्चना कराई गई। इस अवसर पर विशेष कर महिलाएं अपने बच्चों को राधा कृष्ण का रूप देने में लगी रही वहीं शाम होते ही अपने बच्चों को राधा कृष्ण के रूप में मंदिर लेकर पहुंची। वही बच्चों में भी काफी उत्साह देखा गया। श्री कृष्णा और राधा के रूप में मंदिर पहुंचे बच्चे भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के लिए तैयार किए गए पालना झूलते नजर आए।जिससे प्रत्येक ओर छोटे-छोटे राधा कृष्ण की नृत्य एवं क्रीड़ा की झलकियां देखने को मिली। महुआडाड़ प्रखंड मुख्यालय स्थित शिव मंदिर, चटकपुर, हामी, ओरसा, नेतरहाट समेत प्रखंड भर के मंदिरों में धूमधाम से श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया।

# प्रदेश के सभी जिलों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सहयोग से संवाद आपके साथ कार्यक्रम का हो रहा है आयोजन : कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

- कांग्रेस पार्टी की नीतियों और नियत के साथ पार्टी को सशक्त और मजबूत बनाना है लक्ष्य : जय शंकर पाठक
- आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर तन - मन - धन से एकजुट होकर महागठबंधन के प्रत्याशियों को सफल बनाना है : संजय लाल पासवान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा है कि प्रदेश के सभी जिलों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सहयोग से संवाद आपके साथ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत कांग्रेस के कार्यकर्ता बुजुर्गों से आशीर्वाद युवाओं से सहयोग और महिलाओं से भागीदारी कांग्रेस पार्टी में करने की बात कही है। जबकि हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक ने कहा कि प्रदेश के सभी कांग्रेसी कार्यकर्ता के साथ-साथ आम लोगों को भी कांग्रेस पार्टी से संगठन की नीतियों और नियत के साथ पार्टी को सशक्त और मजबूत बनाना है तो दूसरी तरफ झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय पासवान ने कहा कि प्रदेश के सभी कार्यकर्ता आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर तन मन धन से एक जुट होकर महागठबंधन के प्रत्याशियों को सफल बनाने का प्रयास करेंगे ।चतरा जिला मुख्यालय में एक निजी होटल में संवाद आपके साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारी तादाद में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से कांग्रेसी कार्यकर्ता एकजुट होकर पहुंचे थे। कार्यक्रम में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीति पर विशेष चर्चा की गई। संवाद आपके साथ एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नव नियुक्त केशव महतो कमलेश का स्वागत समारोह होटल केशव प्लेस में हुआ ।प्रदेश अध्यक्ष के आदेश अनुसार भोजन की व्यवस्था जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पाठक के आवास में रखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चतरा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद कुमार दुबे एवं संरक्षण झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव एवं चतरा जिला प्रभारी विनोद कुशवाहा के द्वारा किया गया। इस मौके पर झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री एवं चतरा लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी केएन त्रिपाठी, मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन रविंदर सिंह, धार्मिक न्यास बोर्ड के चेयरमैन जय शंकर पाठक, झारखंड प्रदेश आवास बोर्ड के चेयरमैन संजय लाल पासवान, एसटी के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान, झारखंड प्रदेश के महासचिव भीम, झारखंड प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी सतीश पाल मुंजरी, मदन शर्मा, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पाठक, पंचायती राज के जिला अध्यक्ष प्रेम पासवान, यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष मोती पासवान, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष धीरज अंबेडकर, नसरुद्दीन अंसारी, एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष हर्षित चित्रांश, कार्यालय प्रभारी अजीमुद्दीन ख्वाजा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष अनीता देवी, आभा ओझा, आनंद भारती, के कौसर, अनिल सिंह, रविंदर सिंह, विक्रम सिंह, अरुण यादव, गौतम पासवान, सभी प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जेएमएम फुटबॉल टूर्नामेंट का मंत्री बैजनाथ राम ने किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** स्थानीय प्रतिभाओं को निखारने एवं सामने लाने के उद्देश्य से बालूमाथ स्तिथ हाई स्कूल के मैदान में झारखंड मुक्ति मोर्चा बालूमाथ कमिटी द्वारा सात दिवसीय जेएमएम फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया ।जिसका विधिवत उद्घाटन मंगलवार को झारखंड सरकार के शिक्षा एवं मघ निषेद मंत्री बैजनाथ राम ने फुटबॉल को किक मारकर और खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया ।इससे पूर्व मंत्री वैजनाथ राम का स्वागत ढोल मांदर की थाप पर पारंपरिक नृत्य के साथ करते हुए मंच तक लाया गया ।मौके पर बोलते हुए मंत्री बैजनाथ राम ने कहा कि खेल से मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है। इस फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को खेल से जोड़ना है। टूर्नामेंट के आयोजन से लोगो का मनोरंजन भी होगा। वही इस टूर्नामेंट से स्थानीय स्तर के छुपे हुए प्रतिभाएं भी सामने आएगी ।राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में आज राज्य का चौंमुखी विकास हो रहा है। मौके पर मंत्री बैजनाथ राम ने खिलाड़ियों के जर्सी एवं फुटबॉल का वितरण किया। वही फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजनकर्ता बालूमाथ झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उराँव ने बताया की जेएमएम फुटबॉल टूर्नामेंट में कोई भी टीम मुफ्त में इंट्री ले सकता है। जिसमे प्रथम पुरस्कार 51,000, द्वितीय पुरस्कार 25,000, तृतीय पुरस्कार 15,000, चतुर्थ पुरस्कार 10,000 रखा गया है ।समाचार लिखे जाने तक टूर्नामेंट में पहला मैच पुरूष वर्ग में मारंगलोइया बनाम रजवार के बीच खेला गया। मैच में रेफरी की भूमिका राज किशोर पासवान ने निभाया। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष मोती लाल नाथ शाहदेव, मो.मुज्जमिल, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष राजेश यादव, मो.इमरान, हरी साव, राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव, मो.अजहर, मो.जफर, हाई स्कूल की प्रधानाचार्य रूबी बानो, मो.अबुल, श्यामसुंदर, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष नागदेव उराँव, शमशुल होदा, समेत कई लोग उपस्थित थे।

# आभार जताने अति उग्रवाद प्रभावित चोरदाहा पहुंचे सांसद मनीष जायसवाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चौपारण :** आजादी के बाद पहली बार कोई निर्वाचित सांसद अति उग्रवाद प्रभावित तथा सीमांत चोरदाहा पंचायत के अत्यंत पिछड़े गाँव अहरी पहुंचा। सांसद आने मात्र से ग्रामीण काफी खुश थे। मंगलवार को आभार यात्रा के तहत सांसद मनीष जायसवाल पूर्व विधायक मनोज यादव के साथ अहरी गाँव पहुंचे जहां ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों के स्वागत से अभिभुत सांसद ने आभार जताते हुए कहा कि जनता के आशीर्वाद से ही मोदी जी प्रधानमंत्री बनें हैं। आपसभी की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास होगा। ग्रामीणों ने गाँव में बिजली, सडक तथा शिक्षा जैसे मुलभुत समस्याओं को दुरूस्त करने की मांग रखी जिस पर सांसद ने समाधान का आश्वासन दिया। वहीं पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि चोरदाहा की जनता ने जो सहयोग दिया है, उसे विकास कार्य से पूरा किया जायेगा। नेताद्धय ने चोरदाहा गाँव में भी आमजनों से मिले। मौके पर मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, राजेन्द्र चनद्रवंशी, भाजपा नेता मुकुंद साव, रामस्वरूप पासवान, आशीष सिंह, भरत सिंह, बालेश्वर साव, बालेश्वर राणा, सियाराम सिंह, संतेन्द्र सिंह, मुखिया पप्पू रजक, युवा नेता रंजन सिंह, मुकेश सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

**सिंघरावां में ग्रामीणों ने अंडर कैटल पास की रखी मांग**

पंचायत भवन सिंघरावां में आभार यात्रा व जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उप प्रमुख प्रिती गुप्ता व समिति सदस्य विजय मधेसिया ने सामूहिक रूप से सिंघरावां में अंडर कैटल पास व सिंचाई सुविधा की मांग की। सांसद मनीष जायसवाल ने मौके से एनएच पीडी से टेलीफनिक जानकारी दी कि योजना दूसरे जगह स्विफ्ट कर दिया गया है। सांसद ने ग्रामीणों से नया प्रस्ताव देने की बात कही। मौके पर पूर्व विधायक मनोज कुमार, स्थानीय मुखिया सन्तोष सिंह, बद्री साव, सुभाष राणा, बबलू खान, नौसाद खान, राजेन्द्र रवीदास, लालेश साहू, सहित अन्य मौजूद थे।

**बूथ जितने वाले भाजपा कार्यकर्ताओ को सांसद ने किया सम्मानित :** चोरदाहा पंचायत के सूदूरवर्ती गांव अहरी में पहली बार कोई सांसद पहुँच। सांसद मनीष जायसवाल को अपने बीच पाकर ग्रामीण उत्साहित दिखे। इस दौरान सांसद व पूर्व विधायक अहरी बुथ से जीत दिलाने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं को भगवा वस्त्र देकर समान्नित किया। मौके पर पूर्व मुखिया संघ



अध्यक्ष सुखदेव पासवान, भाजपा नेता राजकुमार यादव, परमेश्वर यादव, कृष्णा पासवान, बिगन यादव, सुकर भूईयाँ, आशीष चौधरी, कैलास चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।

**जल जमाव की समस्या का होगा समाधान :** पंचायत भवन चौपारण में एनएचआई व सड़क निर्माण कंपनी रिलाइंस के संवेदक संग चौपारण में जल जमाव की समस्या को लेकर बैठक की। सांसद ने अधिकारियो को अविलंब नाली निर्माण की बात कही। सांसद ने बताया कि गोरहर से चोरदाहा तक सड़क चौड़ीकरण मामले को लेकर हमने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से शिकायत की है। फ्लाई ओभर निर्माण व नाली की समस्या का समाधान नही हुवा तो कंपनी को करूँगा ब्लैक लिस्टेड।

# बड़कागांव में हाथियों का कहर, फसल को रौंदा, घरों को तोड़ा

**दो दिनों से वन विभाग के द्वारा हाथियों को भागने के लिए नहीं की गई कोई करवाई**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के तलसवार पंचायत के कोयलंग के जोभिया तथा बघपंजा में बीती रात 22 हाथियों का झुंड रातभर जमकर उत्पात मचाया तथा कई घरों को छतिग्रस्त व फसलों को नष्ट कर दिया। बघपंजा निवासी मास्टर तेरस गिद्धी का घर व चारदीवारी को हाथियों ने अपने चपेट में लिया। हाथियों के तांडव से स्थानीय ग्रामीण दहशत में है। हाथियों के झुंड में कुल 22 हाथी हैं जिसमें हाथी के चार बच्चे हैं। रविवार की रात अचानक हाथियों के झुंड को फिर से बड़कागांव प्रखंड में दस्तक देने से ग्रामीणों में काफी डर का



माहौल बना हुआ है। मंगलवार की शाम हाथियों के झुंड दीपदाहा जंगल में विचरण कर रहा था। इसके आसपास गांव के लोग काफी दहशत में हैं। हाथियों को भगाने के लिए वन विभाग के द्वारा विगत दो दिनों से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिसके कारण हाथियों को भगाने के लिए ग्रामीणों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बड़कागांव के पूर्व प्रमुख सह भाजपा नेता टुकेश्वर प्रसाद ने कहा कि हाथियों के आवागमन कॉरिडोर को ही बंद कर दिया गया है जिसके कारण हाथी गांव में घुस रहे हैं। लोगों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। सरकार इस ओर विशेष ध्यान दें सभी पीड़ित लोगों को मुआवजा दें। हाथी भगाने के लिए वन विभाग को दो दिनों से कहा जा रहा है लेकिन कोई हाथी भागने नहीं आए हैं। ग्रामीणों को कई कठिनाइयों से गुजरना पड़ रहा है जान माल के नुकसान का भय सता रहा है।

## भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता शोकसभा में हुई शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा क्षेत्र के दारू प्रखण्ड स्थित रामदेव खरिका पंचायत के मुखिया झरना देवी के पति कौशल सिंह के शोकसभा एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा दारू प्रखण्ड अध्यक्ष देवद्रथ प्रसाद के माता के निधन पर आयोजित शोकसभा में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता शामिल हुई तथा गहरी शोक संवेदना प्रकट किया। परिवारजनों से मिलकर ढाढस बंधाया तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति हेतु कामना की। मौके पर मनोज पांडे, राहुल पांडे, नवीन पांडे, रोहित पांडे, मनीष कुमार, ओमप्रकाश, रंजीत राम, रोहित राम, मोनू अजीत, आशीष सिंह एवं ऋषव ज्योति सहित कई ग्रामीण शामिल रहे।

## एनटीपीसी बादम कोल खनन परियोजना के द्वारा 300 छात्रों के बीच छाते का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** सामुदायिक विकास कार्यक्रम के तहत एनटीपीसी बादम खनन परियोजना के द्वारा ग्राम बादम में बालिका प्राथमिक हिंदी विद्यालय और बालिका उच्च विद्यालय के विद्यार्थीयों के बीच लगभग 300 छाते वितरित किए गए। साथ हि बच्चो के लिये अल्पोहार कि व्यवस्था कि गयी। बरसात के दिनों में विद्यार्थियों को स्कूल जाने में काफी परेशानी होती है और उनकी किताबें भीग जाती हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई में मदद करने और बारिश से बचाने के लिए छाते वितरित किए गए। बादम खनन परियोजना जनसमुदाय कि मदद एवं सहकार्य करने के उद्देश्य से काम कर रहा है। बादम खनन परियोजना का लक्ष्य ऐसी कई योजनाओ के माध्यम से समुदाय का विकास करना है। एनटीपीसी लिमिटेड बादम खनन परियोजना शिक्षा स्वास्थ एवं आधारभूत संरचना विकास कार्यो में सहकार्य हेतू प्रतिबद्ध है। मौके पर एनटीपीसी के अधिकारी उपस्थित थे।

## खेरौन एवं केदरूत में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर हांडी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन मुखिया प्रतिनिधि हुए शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत केदारुत एवं खेरौन में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर हांडी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केदारूत पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव हुए शामिल इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव ने कहा कि जन्माष्टमी पर्व को भगवान श्री कृष्ण के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व पूरी दुनिया में पूर्ण आस्था एवं श्रद्धा के साथ मनाया जाता है । जन्माष्टमी को भारत में ही नहीं, बल्कि विदेशों में बसे भारतीय भी पूरी आस्था व उल्लास से मनाते हैं। श्री कृष्ण युगों-युगों से हमारी आस्था के केंद्र रहे हैं। वे कभी यशोदा मैया के लाल होते हैं, तो कभी ब्रज के नटखट कान्हा। उन्होंने क्षेत्र वासियों से भगवान श्रीकृष्ण से प्रेरणा लेकर धर्म के मार्ग पर चलने की अपील की। कहा कि भगवान श्रीकृष्ण मानवता के सबसे बड़े मार्गदर्शक रहे है, मौके पर उप मुखिया कंचन देवी ने कहा की लोगों में भक्ति, श्रद्धा और आस्था के प्रति लोगों की चाहत बढ़ी है। उन्होंने कहा की भगवान श्रीकृष्ण हमारे आदर्श हैं और सदियों से उन्हीं के आदर्शों को आत्मसात कर हिंदू समाज के लोग आदर्श कार्य कर रहे हैं लेकिन वर्तमान कलयुग में भगवान श्री कृष्ण के आदर्शों को विशेष



आत्मसात करने की आवश्यकता है ।खेरोन में हुए हांडी फोड़ प्रतियोगिता में शेर क्लब खेरौन की टीम विजेता रही वहीं केदरूत में हुएं हांडी फोड़ प्रतियोगिता में केदारूत की टीम विजेता रही विजेता टीम को अतिथियों के द्वारा कप दे कर पुरस्कार किया गया मौके पर मुखिया प्रतिनिधि बिशेश्वर यादव, उप मुखिया कंचन देवी, भोला सिंह, अर्जुन सिंह,भाजपा नेता सर्वण सिंह, मनोहर सिंह, प्रदुमन सिंह, लोकेश सिंह, गोपाल साहू, भुनेश्वर पांडेय, रंजीत सिंह, लछ्मन यादव, मुख्य पुजारी मुकेश यादव, दिपक साहू, चंदन सिंह, सुजित सिंह, अमन सिंह मनोज यादव अनुज यादव अमन सिंह, गुलेदर यादव, सौरभ यादव, रामू यादव, चेतलाल यादव, राजेश यादव,सुरेश यादव, काली यादव, गोरी यादव, मखू यादव, संकर यादव, भोला यादव, मोहित सिंह, संदीप सिंह, आशीष सिंह, संजय साहू, सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## बरही चौक पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का हुआ भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**बरही :** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का बरही चौक पर गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया गया। स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनके आगमन पर उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया। केशव महतो कमलेश ने अपने संबोधन में पार्टी की आगामी रणनीतियों पर चर्चा की और जनता से समर्थन की अपील की। मौके पर बरही विधायक उमाशंकर अकेला, कांग्रेस एससी सेल प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान, कांग्रेस पार्टी प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, मंटू यादव, जीप सदस्य रविशंकर अकेला, सुनील साव तौक़ीर रज़ा, अशोक सिंह, पूनम यादव, कार्ति पासवान, रिजवान अली, उदय केशरी, गुलजार अंसारी, पंकज पासवान, रेवाली पासवान, मो कुर्बान, धीरज कुमार, दसरथ यादव, महेंद्र साव, बीरबल साव, विकाश गुप्ता, राजेश साव, प्रकाश यादव, तोखन रविदास, अभिमन्नु भगत, नवीन यादव, अनिल बरवाल, महेश केशरी, बैजु गहलोत, दिगम्बर भुइयाँ, नागेंद्र कुशवाहा, अर्चना हेम्ब्रम, शिवकुमार सिंह, दीपक सोनी, संतोष चंद्रवंशी, बालकिशुन यादव, शुखदेव यादव, सोनू दास, प्रमोद यादव समेत अन्य मौजूद थे।

## 17 माइल होटल में घुसा जंगली हाथी, राहगीरों में मचा हड़कंप



**टाटीझरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टाटीझरिया प्रखंड के विष्णुगढ़ से हजारीबाग जाने वाले मुख्य सड़क एन एच 522 मार्ग के डहरभंगा पंचायत अंर्तगत गोधेया जंगल स्थित 17 माइल चौक में मंगलवार की शाम 3 बजे जंगली हाथी ने झोपड़ी में चल रहे होटल में घुस गए। लोगों ने कहा कि गोधेया निवासी संतोष पासवान के जीविकापार्जन कर रहे होटल में जंगली हाथी ने घुस गया ।जिससे चौक पर अफरा तफरी मच गया। हाथी को देखने के लिए राहगीरों का ताता लगा रहा। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा की जंगली हाथी पहले सड़क के बीचों बीच खड़ा रहा जिससे दो पहिया ,चार पहिया ,राहगीरों का आवागमन बाधित रहा।बाद में हाथी ने झोपड़ी में चला रहे होटल संतोष पासवान के यहां घुस गया । जहां होटल में रखा सरसो तेल ,सब्जी मशाले,रखे बर्तन को अपने पैरो तले रौंद दिया। जिससे लोगो मे काफी भयभीत व्याप्त है ।हालांकि खबर लिखे जाने तक उक्त घटना की जानकारी वन विभाग अधिकारी को दिया गया है। लेकिन वन विभाग अधिकारी आना कानी कर चुप्पी साधे बैठे है।

## टाटीझरिया प्रखंड में बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव



**टाटीझरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के भराजो कोल्हू खंभवा में श्रद्धालुओं द्वारा बहुत ही हर्षोलास के साथ श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया गया। वही झरपो गांव के प्रसिद्ध राधा कृष्ण मंदिर ठाकुर बाड़ी में भी बहुत ही सुंदर और आकर्षक ढंग से मंदिर व्यवस्थापक के ओर से जगमगाता हुआ लाइट से सुसज्जित किया गया एवं मंदिर के पुजारी पुरोहित ठाकुर बाड़ी महंथ रामलखन पाण्डेय ,पंडित अरविंद पांडेय के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण कर भक्त गणों का पूजन करवाया गया।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव भक्ति में लीन दिखे ग्रामवासी

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत भेलवारा पँचायत के भुताही मुरगाँव के श्री श्री राधा श्याम सुंदर मंदिर में जन्माअष्टमी के पावन अवसर पर सोमवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। रात्रि में पूजन आयोजन के पूर्व श्री कृष्ण भक्तों ने नगर भ्रमण किया जिसमें भक्तों ने हरे कृष्णा हरे रामा की धुन में नृत्य करते हुए सम्पूर्ण गाँव भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान हो गया। सँध्या को भागवत कथा की भक्ति में ग्रामवासी भक्ति में लीन दिखे। मंगलवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में दही हांडी के कार्यक्रम में मातृशक्ति ने अद्भुत प्रदर्शन करते हुए करीब बीस फिट ऊँचे दही हांडी से भरे मटके को फोड़ कर जन्माष्टमी का लुत्फ उठाया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीताराम मंडल, सूरज मंडल,प्रदोष मंडल, महादेव महतो,सुखदेव मंडल, अशोक मंडल,सुरेश मंडल,अजय मंडल,मिथलेश बर्मन समेत समस्त ग्रामवासी एवं दूरदराज से आये भक्तगण इस महोत्सव में शामिल थे।

## सैकड़ो महिलाओं से लाखों रुपये लेकर चंपत होने पर पाँच के खिलाफ विष्णुगढ़ थाने में मामला दर्ज

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ के ग्राम रमुआ में पिछले कुछ महीने पूर्व रमुआ निवासी डेजी सिन्हा एवं उसके पति राजू सिन्हा के द्वारा 20 से उपर की संख्या में महिलाओं से 48 लाख 50 हजार रुपये ठगी कर विष्णुगढ़ से फरार होने का आरोप लगाया गया था। विष्णुगढ़ पुलिस प्रशासन के दबाव में दोनो दंपत्ति थाने में हाजिर होकर उसे चुकाने की हामी भरी थी,परन्तु फिर दंपति एवं उसके परिवार के सदस्य यहाँ से फरार हो गए,नियत समय पर कर्ज ना चुकाने पर आज थाने में डेजी सिन्हा पति राजू सिन्हा उम्र करीब 42 वर्ष ,राजू सिन्हा समेत कुल पाँच लोगो पर 48,33,000 लाख रुपये की कर्ज राशि ना लौटाने के कारण विष्णुगढ़ थाने में कांड संख्या 143/2024 318(4),316 (2),3(5)भारतीय न्याय संहिता के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए मामला दर्ज कर लिया गया।

## कांग्रेस नेता डॉ आरसी मेहता ने किया सदर प्रखंड के कई गाँवों में जनसंपर्क

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कांग्रेस नेता सदर विधानसभा के उपविजेता डॉ आरसी मेहता किए ने किया सदर प्रखंड के मोरंगी, बकासपुरा ,डेमोटांड़, डंडई इत्यादि दर्जनों गांव का दौरा कर जनसंपर्क किया। बकासपुर में डॉ मेहता ने कहा की झारखंड के विभाजन के बाद पहली बार सरकार द्वारा झारखंड वासियों के हित के लिए दर्जनों सौगात दिया गया है जिसमें मैंइया महिला सम्मान योजना महिलाओं के कल्याणकारी योजना है इस योजना का लाभ सभी परिवार के लोग उठावें। किसी कारण राशन कार्ड में नाम नहीं है तो माता पिता के घर का राशन कार्ड का उपयोग कर सकते हैं जो फार्म भर कर भेजे है 1000 रुपए सरकार द्वारा भेजा जाएगा। अबुवा आवास सभी कच्चे मकान घरवाले लोगों मिलेगा उसका लाभ उठाएं 2 लाख तक कृषि कर्ज माफी 200 यूनिट निशुल्क बिजली सोना सोबरण साड़ी धोती 51 से लेकर जीवन पर्यत सभी वर्ग के महिलाओं को पेंशन संपूर्ण झारखंड में यात्री बस की सुविधा लाखों



लोगों को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ना बेरोजगारों को बोलोरो गाड़ी सब्सिडी पर पशुधन देना, मुर्गी फॉर्म झारखंड सरकार द्वारा हजारीबाग वासियों को नगवा टोल टैक्स को संपूर्ण जिला वासियों के लिए फ्री किया गया है, हत्यारे पूर्व हजारीबाग डीसी सिंपसन पार्क से सिमसंन शब्द हटाना, होमगार्ड को सहायक पुलिस का दर्जा दे झारखंड पुलिस के बराबर वेतन दिया जाएगा पारा शिक्षकों को सहायक शिक्षक का दर्जा देना कृषकों को सब्सिडी में विज देना झारखंड के गांव को सड़क से जोड़ना नदी तालाब बनाना इत्यादि सैकड़ो सराहनीय कार्य झारखंड सरकार द्वारा किया गया है । उपरोक्त जन कल्याणकारी योजना से सर्वांगीण विकास हो रहा है पुण; डॉ मेहता ने कहा इसी उपरोक्त कल्याणकारी सरकार के कार्यक्रम को जनता तक पहुंचाने के लिए मैं प्रखंड पंचायत गांव और चूल्हा चक्की तक जा रहा हूं। उपरोक्त मुद्दे को लेकर कांग्रेस पार्टी आगामी होने वाले विधानसभा चुनाव में जाएगी और पुनः गठबंधन की सरकार बनेगी। जिसमें कांग्रेस कि भूमिका अहम होगी जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से कोऑपरेटिव जिला अध्यक्ष राजू मेहता सदर पूर्वी जिला परिषद सुनीता देवी प्रोफेशनल कांग्रेस कोऑर्डिनेटर डॉ दीपक सिंह पूर्व प्रमुख चंद्र देव मेहता विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष संजय दास राकेश गुप्ता इत्यादि ने भ्रमण कार्यक्रम में भाग लिए।

## खेल को अपना लक्ष्य मानकर खेले सफलता निश्चित मिलेगी : आनंद सोरेन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** चुरचू प्रखंड के चरही पटेल मैदान में युवा एकता क्लब चरही के बैनर तले तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय - युवा एकता मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घघाटन मुख्य अतिथि मांडू विधानसभा के युवा समाजसेवी आनंद सोरेन व विशिष्ट अतिथि झारखंड आदिवासी दलित मंच के संयोजक महा लाल हंसदा , चरही के पूर्व मुखिया महादेव सोरेन ने फुटबॉल किक कर मैच का उद्धघाटन किया। उदघाटन मैच एफसी फुसरी बनाम बीएमसी कर्मा बेड़ा के बीच खेला गया जिसमें कर्माबेडा ने फुसरी को 2-0से पराजित किया .मौके पर समाजसेवी आनंद सोरेन ने कहा की इस तरह के आयोजन से सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाडियों को अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलता है खिलाडी खेल को लक्ष्य मानकर कर खेलें सफलता निश्चय ही प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है इस अवसर पर महालाल हँसदा,महादेव सोरेन , मुकेश भुइयां ,दिनेश भुइयां ,दिनेश रविदास , राजू रविदास, दिनेश भुइयाँ, रोहित राम,सनी गंजू,फिलन होरो , चुन्नू हँसदा, राजू रविदास, गुरुदयाल रविदास, कोलेश्वर भुइयाँ, बिनोद भुइयाँ, तिरु भुइयाँ, सुरेश भुइयाँ, राजेंद्र भुइयाँ, शेरू भुइयाँ,रोहित भुइयाँ, बासुदेव रविदास, दिलु रविदास, मंटू रविदास सहित कई लोग मौजूद थे।

## बरही के मुखिया संघ ने अनिश्चितकालीन धरना को लेकर बीडीओ के नाम सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** (हजारीबाग) झारखंड प्रदेश मुखिया संघ के आदेश अनुसार बरही प्रखंड के मुखिया संघ के द्वारा अनिश्चितकालीन धरना के संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी के नाम से उनकी अनुउपस्थित में बड़ा बाबू गोपाल राम को ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि झारखंड प्रदेश मुखिया संघ के द्वारा राज वित्त आयोग की राशि पंचायत को न देने सहित अन्य मांगों को लेकर 27 अगस्त 2024 से अनिश्चित कालीन धरना जाकिर हुसैन पार्क रांची राजभवन के पास शांतिपूर्ण तरीके से किया जा रहा है। इस बाबत बरही प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय यादव ने बताया कि झारखंड प्रदेश मुखिया संघ के आदेश अनुसार बरही प्रखंड के सभी मुखियागण 27 अगस्त से शुरू होने वाले धरना में सम्मिलित होने जा रहे हैं।

## बीडीओ ने कृषि मित्रो साथ की बैठक,कृषि सम्बधी अहम विषयो पर चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय सभागार में प्रखण्ड के सभी किसान मित्रों की बैठक की गई । बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने किया। बैठक में कृषि उत्पादन बढ़ाने एवं उन्नत कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बैठक में चर्चा की गई।बैठक का मुख्य उद्देश्य, बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान सामृधि योजना, कृषि उन्नति योजना अंतर्गत उपदान/कृषि यंत्र, से संबंधित विषय पर विशेष चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से अंचलाधिकारी नित्यानंद दास,प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी,प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, पंचायतो के मुखिया एवं सभी पंचायत के पैक्स अध्यक्ष एवं कृषक मित्र बैठक में उपस्थित हुए ।

## बरसात में गिरा आशियाना, टूटे घर में रहने पर मजबूर है विकलांग परिवार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बाराटांड अंबेडकर नगर में एक विकलांग परिवार टूटे मकान में अल्बेस्टर की छत के सहारे जीने पर मजबूर है। विकलांग परिवार में विकलांग सितारा देवी 27वर्ष, उनकी विकलांग सास चंचला देवी 50वर्ष, उनके विक्षिप्त ससुर देवधारी भुईयां 65वर्ष अपने पति विक्कू भुईयां के मजदूरी के सहारे उनका परिवार की दैनिक जीवन चल रहा है। विक्कू भुईयां ने बताया कि बरसात में कच्चा मकान गिर गया है। मेरा पूरा बेसहारा परिवार एक रूप में रहने पर मजबूर हैं। उन्होंने बताया कि मेरी पत्नी अबुआ आवास के लिए शिविर के माध्यम से आवेदन दी है। मुझे किसी से पता चला कि अबुआ अवास के दूसरे लिस्ट में मेरी पत्नी सितारा देवी के नाम से 144 वां क्रमांक में नाम आया है। मुझे सरकार पर पूरा भरोसा है कि मेरा अबुआ अवास जरूर बनेगा लेकिन मकान गिरने के बाद से ही मेरा विकलांग परिवार असहनीय संकट से जूझ रहें हैं। मौके पर उपस्थित बाराटांड़ के प्रतिनिधि मनोज रविदास सहित वहां की महिलाएं ने इस बात की हामी भरी की ऐसे परिवार को आवास पहले मिलना चाहिए। उन्होंने बीडीओ से विनम्र आग्रह किया है कि यथासंभव अति शीघ्र अबुआ आवास के लिए अनुशंसित करें।

## प्रखंड कार्यालय टाटीझरिया में कृषक मित्रो का संगोष्ठी का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** प्रखंड मुख्यालय में बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को लेकर बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी रश्मि खुशबू मिंज अध्यक्षता ने किया। बैठक के दौरान बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना ,किसान समृद्धि योजना, कृषि उन्नति योजना अंतर्गत कृषि यंत्र से संबंधित अन्य कई मुद्दों पर चर्चा किया गया। मौजूद सभी किसान मित्र को समयानुसार लक्ष्य प्राप्ति के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। ताकि सभी योग्य किसान लाभुको को योजना लाभान्वित किया जा सके। वही बैठक में टाटीझरिया बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज ने कहा कि इस योजना से क्षेत्र के किसानों को अधिक लाभ होगा और इस योजना का लाभ प्रखण्ड के सभी किसान को समयानुसार मिलना चाहिए। उन्होंने किसान मित्रो से यह भी कहा की योजनाओं का प्रचार प्रसार करने में कोई कसर नही छोडे । ताकि समय से फसल बीमा योजना का ऑनलाइन हो जाय । नही तो किसानों को योजना का लाभ मिलने से परेशानियों करना पड़ सकता है । बता दे की कृषि पदाधिकारी सुधीर कुमार राय ने सभी किसान मित्रो को अविलंब किसानों से फसल बीमा कराने को लेकर प्रेरित किया । बैठक स्थल में एटीएम रमा कुमारी , कृषक मित्र , सुजीत रजक , शिबू प्रसाद सोनी ,अशोक यादव ,भोला ठाकुर , दीपचंद यादव , इंदर देव यादव , सुरेश प्रसाद संग कई कृषक मित्र शामिल थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची, बुधवार, 28 अगस्त 2024


## पतरातु झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा जनता दरबार लगाया गया




**पतरातु(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: झामूमो युवा मोर्चा प्रखंड समिति पतरातू द्वारा प्रखंड सह अंचल कार्यालय के परिसर मे हर सप्ताह के भांति इस सप्ताह भी जनता दरबार लगाया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष आजाद राय और संचालन प्रखंड संयुक्त सचिव फैजल राजा ने किया। जिसमे क्षेत्र के विभिन्न समस्या को सुना गया। जनता दरबार मे मुख्य रूप से झामूमो युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष योगेंद्र यादव, झामुमो के वरिष्ठ नेता चरेन्दर बेदिया,चंद्रनाथ सोरेन,हिरालाल महली,सतीश मुंडा,हरी पांडेय, तोफिक अंसारी इत्यादी लोग उपस्थित थे।

## सुनीता चौधरी ने रामगढ़ खेल टूर्नामेंट में खिलाड़ियों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का किया वादा



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रामगढ़ के छावनी फुटबॉल मैदान में आयोजित फुटबॉल व वॉलीबॉल टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक सुनीता चौधरी व विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी सह युवा नेता पीयूष चौधरी ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। उन्हें बेहतर प्रशिक्षकों के माध्यम से तैयार किया जाएगा, साथ ही प्रशिक्षकों पर भी ध्यान दिया जाएगा ताकि वो तन, मन,लगाकर अपना बहुमूल्य योगदान खिलाड़ियों को दें। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा मोर्चा ज़िला सह प्रभारी रोहित कुमार सोनी एवं संचालन नीतीश दांगी के द्वारा किया गया। आज से क्वार्टर फाइनल की सुरुवात होगी।मोके पर मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो कुंदरु मुखिया किशोर मुंडा, युवा मोर्चा ज़िला सह प्रभारी अरविंद महतो आजसू छात्र संघ जिला अध्यक्ष देना महतो, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष अनुपमा सिंह ,मीरा देवी, उपाध्यक्ष अरुण महतो ,मुकेश राम,रामगढ़ जिला स्वर्णकार संघ अध्यक्ष तरुण वर्मा, कार्य अध्यक्ष पंकज सोनी, पप्पू सोनी,जिमी राम,लाल बाबू, ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष सीडी सिंह , वालीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष गोपाल राम, रमेश महतो, जिला सह प्रभारी मनोज महतो, नगर उपाध्यक्ष पंकज दांगी, अजय पांडे, अंकित अग्रवाल, शिवम पिल्लै,संजय सिंघानिया,अजीत गुप्ता, दीपू गुप्ता,आनंद मुंडा,अंकित सिंह आदि उपस्थित थे।

## सांसद खेल महोत्सव 2024 के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के तीसरे चरण का घाटो में हुआ आगाज

❍खेल खिलाड़ियों के हितार्थ समर्पित हैं सांसद मनीष जायसवाल : करण जायसवाल



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर संपूर्ण लोकसभा क्षेत्र के लिए सांसद खेल महोत्सव- 2024 का आगाज किया है। इसके तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के तीसरे चरण का मंगलवार को मांडू विधनसभा क्षेत्र के घाटो स्थित 15 नंबर फुटबॉल मैदान में विधिवत शुरुआत हुआ। यहां नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के तीसरे चरण के उद्घाटन के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के पुत्र करण जायसवाल शामिल हुए और फुटबॉल में किक मारकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। मौके पर करण जायसवाल ने कहा की हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल खेल खिलाड़ियों के उत्थान और सहयोग के लिए समर्पित हैं। नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के तहत जहां शामिल होने वाले सभी खिलाड़ियों को आकर्षक नमो जर्सी और सभी टीमों को फुटबॉल भेंट किया जा रहा है वहीं क्षेत्र के खेल प्रेमियों को खेल के मनोरंजन के लिए जोड़ने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है। घाटो में आयोजित इस टूर्नामेंट में इस क्षेत्र के कुल 34 टीमों ने भाग लिया है। टूर्नामेंट का पहला मैच हांसदा ब्रदर्स उरू साडम बनाम फुटबॉल क्लब मुरपा के बीच खेला गया। उद्घाटन के अवसर पर यहां टूर्नामेंट में शामिल खिलाड़ियों का भव्य समागम हुआ और सभी ने मशाल जलाकर आकर्षक नमो ट्रॉफी के साथ मैदान में मार्च पास्ट किया । मौके पर विशेषरूप से स्थानीय भाजपा मण्डल अध्यक्ष गिरिधारी महतो,भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष संजीत कुमार, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रणधीर सिंह, जिला उपाध्यक्ष बलराम महतो, ओबीसी मोर्चा महामंत्री दासो महतो, पंचायत समिति सदस्य छाया कुमारी रजवार, मुखिया प्रतिनिधि किशोर रजवार, उपमुखिया मनोज कुमार, पिंटू रजवार, वार्ड सदस्य रंजीत सिंह, ध्रुव सिंह, विनोद प्रसाद केशरी, वरिष्ठ नेता महादेव महतो, राजेश रजवार, विरु टुडू, वासुदेव भोक्ता, आजसु नेता वासुदेव महतो, बंटी तिवारी जयप्रकाश, विक्तमादित्य सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## रामगढ़ नगर परिषद के कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल पांचवें दिन भी जारी



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रामगढ़ नगर परिषद कार्यालय के समक्ष झारखंड लोकल बॉडीज इंप्लाइज फेडरेशन के आह्वान पर मंगलवार को रामगढ़ नगर परिषद कार्यालय के श्रमिक दैनिक कमी) मानदेय कमी अपनी मांगों को लेकर पांचवें दिन अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहे ।वक्ताओं ने कहा कि सभी कर्मियों की सेवा नियमित की जाए कर्मियों को जीवन बीमा चिकित्सा का लाभ राज्य सरकार प्रदान करें ।इस मौके पर अध्यक्ष रंजीत गोप उपाध्यक्ष मुमताज अंसारी संयुक्त उपाध्यक्ष प्रकाश राम शिवराम सचिव अशोक महतो संयुक्त सचिव संजय ठाकुर सूरज कुमार चंदन कुशवाहा सहित रामगढ़ जिला के कर्मी शामिल थे।

# इंद्रा मे जंगली हाथीयो ने जमकर मचाया उत्पात, घरो को तोडा





❍इंद्रा के पीड़ितों से मिले आजसू केन्द्रीय सचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** बडकागांव प्रखण्ड के लुरुंगा व इंद्रा मे बिते सोमवार रात झुंड में आए 22 जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। यहां इंद्रा में दो घरों को हाथीयों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। और खेतों में लगे रोपनी को भी हाथीयों ने नुकसान पहुंचाया। वहीं मंगलवार को सुचना मिलते ही आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सह विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी ने इंद्रा के पीड़ित परिवार से मिले। वहीं हाथीयों द्वारा क्षतिग्रस्त किए गए घरों का मुवायना किया। मौके पर श्री चौधरी ने कहा कि अभी तक पीड़ित परिवार से कोई भी प्रतिनिधि या शासन प्रशासन के लोग सुध लेने नहीं पहुंचे हैं। यह अति निंदनीय बात है। मैं हर परिस्थिति में इंद्रा के ग्रामीणों को हर संभव सहयोग के लिए तैयार हूं। वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों ने कहा कि रौशनलाल चौधरी नेता नहीं आपके परिवार का बेटा बनकर सेवा में समर्पित है। वहीं हाथीयों द्वारा अजय सोरेन, राहुल सोरेन के घरों को क्षति पहुंचाया है। और जेकप सोरेन, गणेश सोरेन, सुनील सोरेन के खेतों में लगी रोपनी को हाथीयों ने नुकसान पहुंचाई है। वहीं इस मौके पर सुनील उरांव,गौतम वर्मा, गणेश मांझी, दशरथ प्रजापति,तालो बेसरा, आरती देवी,सीमा देवी, लालमुनि देवी, सुमित्रा देवी, चुनु मांझी,टेम्पू उरांव,हदन सोरेन, राजेश उरांव,संजू सोरेन,कतिलाल सोरेन,प्रदिप सोरेन, बिनोद करमाली, अशोक बेदिया आदि लोग मौजूद थे।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य पर तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ सभी मुख्य अतिथियों को पौधा देकर सम्मानित किया गया उसके बाद फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन मुकेश पाण्डेय के द्वारा वैदिक मंत्रोचारण एवं पूजन कर किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों और संबद्ध स्कूलों की सक्रिय भागीदारी हुई। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह ने राष्ट्रीय खेल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कार्यक्रम सफलता की कामना की। सचिव प्रियंका कुमारी ने सभी को अनुशासित होकर खेल खेलने के लिए प्रेरित किया। स्वागत भाषण कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल ने दिया और कहा की खेलो को खेल की भावना से खेले ,इससे प्रतिभाओं में निखार आता है। कार्यक्रम में उपस्थित कुलपति प्रो. (डॉ) समरेंद्र नाथ साहा , प्रतिकुलपति प्रो. (डॉ) रश्मि, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार ,परीक्षा नियंत्रक प्रो. (डॉ) अशोक कुमार ,प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार , विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, व्याख्यातगण एवम छात्र -छात्राएं उपस्थित थे। फुटबॉल टूर्नामेंट का नेतृत्व शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अमन वर्मा, व्याख्याता योतेंद्र मंडल, प्रदीप कुमार रजक, संजय राय चौधरी, धनेश्वर बीपी, अजीत कुमार, एवं राजू साव कर रहे है।

## झारखंड के विकास के लिए 2024 में निश्चित तौर पर बदलाव करने की जरूरत है : टाइगर जयराम महतो



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ के मांडू प्रखंड अंतर्गत बड़का चुम्बा में बदलाव संकल्प सभा का आयोजन किया गया। एक साधारण सा फुटबॉल खेल में नियम होता है ,लेकिन झारखंड के 24 जिला, 05 प्रमंडल 45 अनुमंडल ,260 प्रखंड , 4402 पंचायत , लगभग 4 करोड़ 6 लाख की आबादी तथा क्षेत्रफल 79714 वर्ग किलोमीटर बिना नीति व नियम के चल रहा है। कंपनी के लोग जयराम महतो को कार्यक्रम करने से मना कर रहे थे, उनका मुँहतोड़ जवाब दिया जाएगा। जमीन भी देंगे और रोजगार के लिए भीख मांगेगे। फैक्ट्री मालिक जब तक फैक्ट्री रहता है तब फैक्ट्री मालिक कहलाता है, ठीक उसी प्रकार जब तक फैक्ट्री रहेगा तब तक जमीन मालिक भी जमीन मालिक रहना चाहिए। इसके लिए कानून बनाने की आवशयकता है। सभी लोगों ने टाइगर जयराम महतो को मांडू विधानसभा से चुनाव लड़ने का आग्रह किया गया। निश्चित तौर पर 2024 एक बदलाव का संकेत है। सभी साथियों को टाइगर जयराम महतो के विचारों को घर-घर तक पहुंचाने की जरूरत है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय पदाधिकारी ,जिला पदाधिकारी, जिला मीडिया प्रभारी, प्रखण्ड पदाधिकरी, पंचायत पदाधिकारी, सक्रिय सदस्य व हजारों ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## उरीमारी पीओ ने कर्मीयों को पदोन्नति पत्र देकर किया सम्मानित

❍मेन पावर में खाली पदों को जल्द से जल्द भरा जाएगा-पीओ दिलीप कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी परियोजना के खान प्रबंधक कार्यालय के समीप मंगलवार को उरीमारी परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार के द्वारा परियोजना में कार्यरत अलग-अलग विभागों के 15 मजदूरों को पदोन्नति पत्र दिया। वहीं पदोन्नति पाने वालों में उत्खनन विभाग के मुबारक अंसारी, नीलकंठ प्रसाद, रामजीत सोरेन,जगदीश,रामेश्वर महतो,दिलीप कुमार महतो,विष्णु महतो,संदीप कुमार चक्रवर्ती। वही ई पी फिटर डी से ई पी फिटर सी में जाने वाले जागो साव,कांडे मुंडा,बीरू भुइया,रविंद्र लकड़ा ,नंदू साव को टंडेल जमादार कैट ङ्क से ङ्कढ्ढ में किया गया। ड्रिल ऑपरेटर में सवाना मांझी ड्रिल ऑपरेटर ष्ठ से ष्ट में किया गया। अमर राजभर को कैट ढ्ढ से शोबल ऑपरेटर कैट ष्ठ में किया गया है। वहीं इस मौके पर खान प्रबंधक पी के सेनगुप्ता , परियोजना अभियंता,एम पी गुप्ता , गौतम कुमार,एस पी तिवारी,विजय प्रसाद,अरुण कुमार सिंह, दिलीप राम, प्रवेश कुमार सिंह,कुंजेस्वर मंडल,रामप्रित,अनिल कुमार,जगदीश प्रसाद,बल्ले मुंडा,कुलदीप कुमार,उमेश प्रसाद,महेश राम आदि लोग उपस्थित थे।

## 5251 वां भगवान श्री कृष्ण का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुजू :** आरा सारूबेरा के सीसीएल सर्किट हाउस के पास पुराना हनुमान मंदिर में सोमवार को 12ः00 रात में पुरोहित शिवकुमार झा एवं यजमान के रूप में तेज प्रताप सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी नीलम सिंह ने 10ः00 बजे रात्रि से मंत्र उच्चारण एवं विधि विधान के साथ कृष्ण के जन्म के पूर्व पूजा संपन्न किया। धार्मिक मान्यता के अनुसार 12ः00 बजे रात्रि के बाद कृष्ण जन्म लिए, इसे मानते हुए विधि विधान के अनुसार जन्म संपन्न करने के बाद श्री कृष्ण का आरती हुआ, उसके बाद वहां मौजूद स्त्री एवं पुरुष जो व्रत रखे हुए थे, पालनहार श्री कृष्ण की पूजा पाठ किया। भगवान श्री कृष्णा ने अर्जुन के माध्यम से पूरी दुनिया को यह संदेश देना चाहा कि मनुष्य को अपना अच्छा कर्म करना चाहिए और जीवन में वही उसके साथ जाता है।

**पूर्व मध्य रेल**

**सूचना**

इच्छा की अभिव्यक्ति

विज्ञापन सं० एच/मेड/सर्विश/धनबाद/24

दिनांक 24.08.2024

धनबाद मंडल/पूर्व मध्य रेल/धनबाद के क्षेत्राधिकार के अधीन CGHS/ESI/ECHS से पैनलबद्ध निजी अस्पताल अथवा अन्य निजी अस्पताल जो धनबाद, रांची, रामगढ़, डाल्टनगंज, हजारीबाग, कोडरमा (झारखण्ड), दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल), वाराणसी, मुगलसराय, चंदौली (उत्तर प्रदेश) अथवा सिंगरौली (मध्य प्रदेश) क्षेत्र में अवस्थित हो तथा मंडल रेल अस्पताल, पूर्व मध्य रेल, धनबाद से दो वर्ष के लिए अनुबंध करने के लिए इच्छुक है, ऐसे अस्पताल से इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) बन्द शील्ड लिफाफा में आमंत्रित किया जाता है। इन अस्पतालों को CGHS दर या उससे कम दर पर रेल कर्मचारियों एवं इनके आश्रितों को सुविधा देनी होगी। इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) हेतु आवेदन फार्म का प्रारूप तथा शर्तें ईसीआर के पोर्टल पर अपलोड किया गया है। ऐसे निजी अस्पताल जो पहले से मंडल रेल अस्पताल/धनबाद से अनुबंध है उन्हें आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

**मुख्य चिकित्सा अधीक्षक**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

पीआर/00969/डीएचएन/चि०/एन/24-25/32

**कार्यालय, जिला परिषद, रॉची**
**(अभियंत्रण शाखा)**

**अति अल्पकालीन पुनः निविदा आमंत्रण सूचना**

**संख्या –07/2024–2025 PR No. 330859**

1. विज्ञापनदाता का नाम : जिला अभियंता जिला परिषद रॉची
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : सहायक अभियंता, जिला परिषद रॉची। जिला अभियंता, जिला परिषद, कार्यालय, रॉची
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 04.09.2024 (अपराह्न 2.00 बजे तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 05.09.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, रॉची।
6. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 05.09.2024 को अपराह्न 3:30 बजे।
7. निविदा खोलने का स्थान : जिला परिषद, कार्यालय, रॉची।
8. कार्य का विस्तृत विवरणी : 15th finc.

| क्र०सं० | ग्रुप स० | प्रखण्ड/शहरी क्षेत्र | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 03 | BERO | ETTA | ग्राम खिरदा पंचायत ईटा में सरना घेराव खाता नं0 62 प्लॉट नं0 263, रकबा 1085 डी0 | 949600.00 | 19000.00 | 1250.00 | तीन माह |
| 2 | 05 | NAGRI | DEVRI | पंचायत देवरी, कुड़वा तालाब में सिढ़ी का निर्माण। | 475000.00 | 19000.00 | 1250.00 | तीन माह |
| | | NAGRI | BALALONG | पंचायत बलालौंग, गागी टोला तालाब में सिढ़ी निर्माण। | 475000.00 | | | |
| | | | | | **950000.00** | **19000.00** | **1250.00** | |
| 3 | 24 | KANKE | KHATANGA | कॉके प्रखण्ड अन्तर्गत खटंगा पंचायत के परतोल गॉव के श्मशान घाट में शेड का निर्माण | 729700.00 | 15000.00 | 1250.00 | तीन माह |

नोटः 1. निविदा की अन्य शर्ते जिला परिषद, कार्यालय, रॉची के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2. इस निविदा में **जिला परिषद, रॉची** अन्तर्गत निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक भाग लेगें।

जिला अभियंता
जिला परिषद रॉची।

PR 333830 (Panchayati Raj) 24-25 (D)

**झारखंड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला।**

**अल्पकालीन ई– निविदा आमंत्रण सूचना।**

ई–निविदा संख्या:- 10/2024-25/RWD/W/EE/GUMLA दिनांकः–27-08-2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि। | टेंण्डर कॉल सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/W/EE/ GUMLA/ 09/ 2024-25 | सिसई बसिया आर0सी0डी0 पथ से करौन्दाजोर भाया लमकी तक पथ निर्माण कार्य। (लं0–5.00 कि0मी0) | 489.836 | चार करोड़ नवासी लाख तीरासी हजार छः सौ रू0 मात्र। | 18 माह | प्रथम |
| 2 | RWD/W/EE/ GUMLA/ 10/ 2024-25 | पहामु बाजार टांड से टुठी तेतर आर0सी0डी0 पथ भाया बामपुर पानीलता तक पथ निर्माण कार्य। (लं0–2.700 कि0मी0) | 305.763 | तीन करोड़ पॉच लाख छिहत्तर हजार तीन सौ रू0 मात्र। | 15 माह | प्रथम |
| 3 | RWD/W/EE/ GUMLA/ 11/ 2024-25 | बजार टांड हेसागुटू से कोटारी आर0सी0डी0 पथ भाया कल्हुटोली तक पथ निर्माण कार्य। (लं0–2.500 कि0मी0) | 293.647 | दो करोड़ तीरानब्बे लाख चौसठ हजार सात सौ रू0 मात्र। | 15 माह | प्रथम |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 31.08.2024
3 ई– निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–09.09.2024 अपराहन 05.00 बजे तक।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 10.09.2024 अपराहन 05.05 बजे।
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला, विकास भवन, गुमला के बगल में, पिन–835207
6 ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश सं0–06524–465040 ।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, गुमला।

PR 333816 (Rural Work Department) 24-25 (D)

**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**
**Office of the Gumla Nagar Parishad, Gumla**

**Very Short Term Tender Notice**

**NIT No: GML/NP/01/2024-25 (Civic Amenities)**

| Sl No/ Group No | Name of work | BOQ value of work in Rs | Earnest Money | Cost of Documents Online (In Rs) Non-Refundable | Period of completion in months |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Culvert & Drain in DSP Road in Ward No 21, Under Nagar Parishad, Gumla . | 4,79,369.00 | 9600.00 | 1000.00 | 02 Month |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Procurement Officer | Executive Officer , Nagar Parishad, Gumla. |
| 2 | Place of opening tender | Nagar Parishad, Gumla. |
| 3 | Date & Time of Sale of BOQ | 02.09.2024 (11.00 AM) to 03.09.2024 (05.00 PM) |
| 4 | Submission of Tender Documents | 04.09.2024 till 05.00 PM |
| 5 | Date & Time of Opening of Tender | 05.09.2024 at 12.00 PM |

नोट :–
(1) नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकेगें। उक्त निविदा डबल बिड प्रणाली पर आधारित होगी।
(2) परिमाण विपत्र (B.O.Q.) के क्रय हेतु वैध एवं अद्यतन संवेदक निबंधन प्रमाण पत्र, GST Registration तथा आचरण प्रमाण पत्र की मूल प्रति दिखाना अनिवार्य होगा। अवकाश के दिन परिमाण–विपत्र की बिक्री नहीं की जायेगी।
(3) परिमाण विपत्र (B.O.Q.) का क्रय बैंक डिमान्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के माध्यम से किया जायेगा जिसकी वैधता परिमाण बिक्री की तिथि से कम से कम तीन माह तक होनी चाहिए। बैंक डिमान्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक EXECUTIVE OFFICER, NAGAR PARISHAD, GUMLA के पदनाम से GUMLA में भुगतेय होगा।
(4) बिना कारण बताए एक या एक से अधिक निविदा को स्थगित करने, रद्द करने या एक से अधिक संवेदकों के बीच कार्य बॉटने का अधिकार निविदा समिति को सुरक्षित रहेगा ।
(5) कार्य की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। परिणाम विपत्र में अंकित प्राक्कलित राशि के आधार पर अग्रधन की राशि एवं परिणाम विपत्र का मूल्य मान्य होगा।

प्रशासक
गुमला नगर परिषद, गुमला

PR 333819 District (24-25)_D

e-Procurement Cell
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION GUMLA**
**Very Short Notice Tender Inviting**
**(2nd Call)**

Tender Reference No.-06BCD/GUMLA/2024-25

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | CONSTRUCTION OF MULTIPURPOSE CENTRE AT VILLAGE **HADUP IN BISHUNPUR** BLOCK UNDER GUMLA DISTRICT. | **60,01,400.00** | 8 महिने |
| 4 | CONSTRUCTION OF MULTIPURPOSE CENTRE AT VILLAGE **JALIM IN BISHUNPUR** BLOCK UNDER GUMLA DISTRICT. | **60,01,400.00** | 8 महिने |
| 6 | CONSTRUCTION OF MULTIPURPOSE CENTRE AT VILLAGE **JUDWANI IN BISHUNPUR** BLOCK UNDER GUMLA DISTRICT. | **60,01,400.00** | 8 महिने |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 03.09.2024 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 09.09.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि/समय | 10.09.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department Building Division, Gumla | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 8709489994 | |
| vi | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9990708350 | |

- इस निविदा/कोटेशन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.inपर किया जा सकता है।

***Note : New Updated UCAN Registration is mandatory for all Bidders.***

**Nodal Officer,**
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Gumla

PR 333812 Building(24-25)D

## विधायक की गरिमामय उपस्थिति में टुंडी बाजार में चश्में की दुकान का शुभ उद्घाटन संपन्न



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो की गरिमामय उपस्थिति में आज मंगलवार को टुंडी बाजार में आई आप्टिकल नामक चश्में की दुकान का फीता काट कर विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के दौरान उपस्थित जनसमूहों को संबोधित करते टुंडी विधायक ने कहा कि बुजुर्ग हो या बच्चे सबों के लिए इस दुकान में चश्में मुहैया कराया जाएगा तथा नेत्र विशेषज्ञ द्वारा जांच कर एक अच्छे प्रोडक्ट की चश्में लोगों को सस्ते दरों में उपलब्ध कराया जाएगा ताकि आंखों से पानी आना सिरदर्द, आंखों का दर्द जैसे तकलीफों से निजात मिलेगी। विधायक द्वारा कई जनसमस्याओं का निपटारा करते हुए भी देखा गया। आज के इस उद्घाटन में मुख्य रूप से नेत्र विशेषज्ञ राजेश कुमार महतो, प्रोपराइटर अभिषेक कुमार बर्मा, विधायक के निजी सचिव बसंत महतो, झामुमो नेता कामेश्वर प्रसाद सिंह, फूलचंद किस्कू, मनोज निषाद, अब्दुल रशीद अंसारी, नौशाद अंसारी, मैनेजर मंडल, दिलीप राम, विकास कुमार बर्मन, प्रदीप स्वर्णकार,छोटू अंसारी, समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## हरेन्द्र सिंह ने हमारा लक्ष्य धनबाद फर्स्ट के तहत किया विशेष सभा का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ एवं सामाजिक कार्यकर्ता हरेन्द्र सिंह ने हमारा लक्ष्य धनबाद फर्स्ट के तहत धनबाद नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत धोवाटांड के शास्त्री नगर पश्चिम में एक विशेष सभा का आयोजन किया। इस सभा का मुख्य उद्देश्य 2029 के लिए धनबाद का एक ड्राफ्ट विजन तैयार करना था जिसमें मुख्य रूप से क्षेत्र के विकास और समाज के कल्याण के लिए जागरूकता फैलाना और नए परियोजनाओं पर चर्चा करना रहा। इस विजन को तैयार करने के लिए, हरेन्द्र सिंह ने धोवाटांड के शास्त्री नगर पश्चिम के लोगों को एकत्रित कर उनसे जानकारी इकट्ठा की और शहर की प्रमुख समस्याओं पर उनसे राय मांगी। सभा के दौरान लोगों ने कई जन समस्याओं को हरेन्द्र सिंह के समक्ष रखा जिसे शीघ्र निदान कराने की बात उन्होने कही। हरेन्द्र सिंह ने कहा की धनबाद फर्स्ट हमारा सामूहिक प्रयास है, जिसमें हम सब मिलकर अपने शहर को बेहतर बनाने के लिए काम करेंगे। हमारा लक्ष्य है कि 2029 तक धनबाद को एक ऐसा मॉडल शहर बनानां, जहां हर व्यक्ति को उन्नति और खुशहाली के समान अवसर मिले।

## सरिया नगरपंचायत में नागरिकों के बीच डस्टबिन का वितरण



**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरिया नगरपंचायत कार्यालय द्वारा मंगलवार को नागरिकों के बीच डस्टबिन वितरण को लेकर सरिया डीएवी स्कूल के समीप व नगरपंचायत कार्यालय परिसर में वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य आतिथि बिधायक विनोद कुमार सिंह उपस्थित थे । इस दौरान लगभग 100 से अधिक नागरिकों के बीच डस्टबिन का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बिधायक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि सरिया नगरपंचायत क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए हम सभी कृत्संकल्पित हैं लेकिन इसमें आमजनों का सहयोग भी अति आवश्यक है। आप सभी इस डस्टबिन में घर की गंदगी रखकर उसे बाहर दरवाजे पर रख दें, प्रतिदिन सुबह नगरपंचायत के सफाईकर्मी कचरा वाला गाडी लेकर जायेंगे और आपके डस्टबिन से उसमें डालकर ले जायेंगे। इन्होंने कहा कि गंदगी से बीमारी बढती है इसलिए अपने घर व आसपास को स्वच्छ रखें। मौके पर नगर सांसद प्रतिनिधि छोटू मंडल, भोला मंडल, हरिहर मंडल, विपिन शर्मा, नगर प्रबंधक शशिप्रकाश, विशाल सिन्हा,राजू मंडल, जिम्मी चौरसिया समेत अन्य लोग शामिल रहे।

# कोई भी योग्य छात्र साइकिल वितरण योजना से नहीं रहे वंचित : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** साइकिल वितरण योजना तथा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। कोई भी योग्य छात्र योजना से वंचित नहीं रहे। सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार अधिकारी इसे गंभीरता से लें।

उपरोक्त निर्देश उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने मंगलवार को कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान दिया।

वहीं बलियापुर, बाघमारा, निरसा एवं टुंडी में अपेक्षा से कम प्रगति हासिल करने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को योजना का महत्व समझते हुए कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया।

बैठक में उपायुक्त ने बिरसा फसल बीमा योजना की समीक्षा की और अग्रणी जिला प्रबंधक को योजना में तेजी लाने का निर्देश दिया।

निदेशक सामाजिक सुरक्षा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024 - 25 में 5260 छात्र - छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया जाएगा।

वहीं 28608 छात्र-छात्राओं को पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज़ अहमद, जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक अमित कुमार मौजूद थे।

## अधिवक्ता की पत्नी प्रसव इलाज के दौरान मौत, परिजनों ने मनीष हॉस्पिटल को घेरा



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह ज़िले के युवा अधिवक्ता गौरव भदानी की पत्नी के निधन के बाद आक्रोशित परिजनों और अधिवक्ताओं ने सोमवार की रात शव को लेकर सिरसिया स्थित मनीष क्लिनिक पहुंचे और दोषी डॉक्टर के खिलाफ कार्यवाई की मांग की। हंगामे के बीच मुफ्फसिल थानेदार श्याम किशोर महतो और नगर थानेदार शैलेश प्रसाद दल बल के साथ पहुंचे और आक्रोशित लोगों को शांत कराया।इधर जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव चुन्नुकान्त और उपाध्यक्ष अजय कुमार सिन्हा ने दोषी चिकित्सक के खिलाफ कड़ी कार्यवाई करने की मांग की। क्लिनिक में हंगामे की खबर सुन कर कई डॉक्टर भी पहुंचे। डॉक्टरों का कहना था कि कोई भी डॉक्टर अपने मरीज की जान क्यों लेगा।हादसे के कई कारण हो सकते हैं। मृतक महिला के परिजनों का कहना था कि ऑपरेशन से बच्ची का जन्म हुआ था। ऑपरेशन में लापरवाही बरती गई थी जिस कारण प्रसूता की स्थिति खराब हो गई। आनन फानन में उसे तीन दिन पहले रेफर किया गया था। जहां सोमवार सुबह उसकी मौत हो गई। इधर डॉक्टरों का कहना था कि क्लिनिक में तोड़फोड़ और मारपीट की गई।

## रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** मुख्यालय, हाजीपुर में 05 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया । महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है।

इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं ।

### विवादित बयान को लेकर राम गरी पंडित को गिरफ्तार करने की उठी मांग

# नामूस रिसालत पर आंच नाकाबिले बर्दाश्त : जफर इकबाल कादरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** हम, बहैसियत मुसलमानान-ए-हिंद, हुकूमत-ए-हिंदुस्तान से मुतालबा करते हैं कि वह फ़ौरन राम गरी पंडित को गिरफ्तार करे, जिसने रसूल अल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की शान में गुस्ताख़ी करके मुल्क के मुसलमानों के मज़हबी जज़्बात को मजरूह किया है। रसूल अल्लाह सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की इज़्ज़त व नामूस हर मुसलमान के ईमान का बुनियादी हिस्सा है। उनकी शान में गुस्ताख़ी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जा सकती। हिंदुस्तान का आइनी मज़हबी जज़्बात को मजरूह करने वाली



किसी भी हरकत की सख़्ती से मुख़ालिफ़त करता है। राम गरी पंडित की गुस्ताख़ी हिंदुस्तानी क़ानून के तहत एक संगीन जुर्म है, जिस पर सख़्त कारवाई की जानी चाहिए। उक्त सारी बातें झरिया निवासी समाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद जफर इकबाल कादरी ने कही। आगे उन्होने कहा की राम गरी पंडित के गुस्ताख़ाना बयानों ने हिंदुस्तान भर के मुसलमानों के जज़्बात को शदीद मजरूह किया है। इसके खिलाफ़ फ़ौरन काररवाई न करना मुसलमानों के मज़हबी हुक़ूक़ की संगीन पामाली होगी। हिंदुस्तान की जम्हूरियत और उसके सेक्यूलर असूलों के तहत तमाम मज़ाहिब का एहतिराम ज़रूरी है। राम गरी पंडित की गिरफ़्तारी से यह पैग़ाम जाएगा कि हुकूमत हिंदुस्तान में किसी भी मज़हबी गिरोह के जज़्बात के साथ खिलवाड़ करने की इजाज़त नहीं देगी। राम गरी पंडित की फ़ौरी गिरफ़्तारी के अहकाम जारी किए जाएं और उसके खिलाफ़ क़ानूनी कारवाई का आग़ाज़ किया जाए। इस मामले की अदालती कारवाई फ़ौरन और मुनसिफ़ाना बुनियादों पर की जाए ताकि हिंदुस्तानी मुसलमानों के जज़्बात को तसल्ली हो। हुकूमत को चाहिए कि वह इस मामले पर संजीदगी से ग़ौर करे ताकि मुल्क में मज़हबी हमआहंगी और क़ौमी यकजहती बरक़रार रहे। हमें यक़ीन है कि हमारे जायज़ मुतालिबात को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा, और हुकूमत-ए-हिंदुस्तान हमारी आवाज़ पर संजीदगी से ग़ौर करेगी।

## वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुल्तान अहमद ने धनबाद विधानसभा से उम्मीदवारी पेश की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देशानुसार झारखंड के सभी 81 विधानसभा मे कांग्रेस पार्टी से संभावित प्रत्याशी आवेदन पत्र जिला अध्यक्ष को जमा कर रहे हैं। इसी क्रम मे झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष सुल्तान अहमद ने धनबाद विधानसभा प्रत्याशी के लिये अपनी उम्मीदवारी पेश करते हुए जिला अध्यक्ष संतोष सिंह को अपना आवेदन पत्र सौंपा। इस मौके पर सुल्तान अहमद के साथ उनके सैकड़ों समर्थक एवं शुभचिंतक उपस्थित थे। सभी लोगों मे खुशी की लहर देखी गई। वहीं जीत के प्रति आश्वस्त दिख रहे सुल्तान अहमद ने कहा की लंबे समय से वो कांग्रेस पार्टी में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते आ रहें हैं और अब तक वो कांग्रेस पार्टी के विभिन्न पदों पर अपनी सेवा दे चुके हैं। कांग्रेस पार्टी ने जब भी उन्हें कोई दायित्व दिया तो उसे पुरी ईमानदारी, निष्ठा और लगन के साथ उन्होने निर्वहन किया है और कांग्रेस पार्टी को हमेशा से मज़बूती दी है। आगे उन्होने कहा की यदि पार्टी मुझे अपना प्रत्याशी घोषित करती है तो उनकी जीत सुनिश्चित है। गौरतलब है की सुल्तान अहमद एक स्वच्छ छवि के व्यक्ति एवं कद्दावर नेता हैं जो सदा कांग्रेस पार्टी के लिये समर्पित रहें हैं। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुल्तान अहमद को टिकट मिलना तय माना जा रहा है।

## सरिया में चार योजनाओं का शिलान्यास संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया(गिरिडीह) :** मंगलवार को सरिया प्रखंड में तीन सड़क व एक नाली का शिलान्यास कार्यक्रम संपन्न हुआ । उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि हेमलाल मंडल उपस्थित रहे । बताते चले की इन योजनाओं में तीन योजना बड़की सरिया नगर पंचायत के द्वारा एवं एक सड़क का विधायक मद से निर्माण किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत सरिया के कलाली रोड स्थित पीसीसी सड़क निर्माण, सरिया स्टेट बैंक के समीप नाली का निर्माण ,सरिया काला रोड स्थित सड़क का निर्माण एवं लगभग 85 लाख की लागत से सरिया डीएवी के समीप सड़क व गाडवाल निर्माण की आधारशिला रखी गई । उक्त कार्यक्रम के दौरान एक जनसभा का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा जनहित में लगातार कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही है । जिसमें मैया सम्मान योजना ,सर्वजन पेंशन योजना, छात्रवृत्ति योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, सावित्रीबाई फुले योजना शरीके कई योजनाएं धरातल पर उतारी जा रही है । जिसका सीधा लाभ आम लोगों को प्राप्त हो रहा है । और जो भी लोग इन योजनाओं के लाभ लेने से अभी तक वंचित रह गए हैं पुनः झारखंड सरकार के द्वारा सितंबर माह में हर पंचायत स्तर पर कैंप कर पुनः वैसे लोगों का आवेदन स्वीकृत कराया जाएगा ।साथ ही उन्होंने कहा कि आज भी



जिन-जिन योजनाओं का शिलान्यास कार्य संपन्न हुआ है। वहां के स्थानीय लोग कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। कार्य में अगर हल्की सी भी कोताही बरती जाती है तो इसकी शिकायत संवेदक व संबंधित विभाग से करने की पहल होनी चाहिए। ताकि निर्माण कार्य का गुणवत्ता बरकरार रहे अगर स्थानीय लोग इस सक्रियता से नहीं करेंगे तो निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर बाद में कई तरह के सवाल उठाए जा सकते हैं । वही इस कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रतिनिधि हेमलाल मंडल ने कार्यक्रम का संचालन कर रहे नगर प्रबंधक पर संबोधन में पक्ष पात करने का आरोप लगाया और इसका विरोध किए । मौके पर विधायक प्रतिनिधि भोला मंडल, जिम्मी चौरसिया, प्रमोद मंडल, फागु पंडित, सोनू शर्मा ,पंकज मंडल ,राजू, सुधीर स्वर्णकार,हरिहर मंडल, मुरलीमनोहर मंडल, अभिषेक पाण्डेय, पंकज, देवराज गुप्ता, रामबिलास पासवान, शशिप्रकाश, विशाल सिन्हा, गणेश, राजू मंडल, कुश कुशवाहा समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे ।

### एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ सफल आयोजन

# स्वस्थ शरीर से ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव : हरेन्द्र सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ एवं सामाजिक कार्यकर्ता हरेन्द्र सिंह ने अपने प्रयास ÷स्वस्थ शरीर स्वस्थ समाज÷ के तहत धनबाद प्रखण्ड के पांडरकनाली पंचायत भवन में मुखिया कुसुम देवी के सहयोग से एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना एवं समाज में कैंसर के लक्षण, बचाव के उपाय और स्वस्थ जीवनशैली के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसके प्रारंभिक स्तर के निदान को प्रोत्साहित करना था। इस एक दिवसीय शिविर में अनुभवी चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की एक टीम ने स्थानीय निवासियों के लिए समुदाय आधारित मूल्यांकन चेकलिस्ट फॉर्म के माध्यम से विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षणों का संचालन किया। शिविर में 150 से अधिक संख्या में लोगों ने भाग लिया और अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। शिविर में विशेष रूप से रक्तचाप, आरबीएस, प्लस, ऑक्सीजन संतृप्ति, तापमान, वजन, सामान्य स्वास्थ्य एवं कैंसर जैसी जांच सेवाएँ प्रदान की गई। इस अवसर पर विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मरीजों को उचित सलाह दिया और उनके स्वास्थ्य से संबंधित सवालों का जवाब दिया एवं मुफ्त दवाइयों का भी वितरण किया। इस अवसर पर हरेन्द्र सिंह ने कहा की स्वस्थ शरीर से ही एक स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। हमारा उद्देश्य है कि समाज के हर वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ पहुंच सके।

## राज्य सरकार के साथ-साथ गिरिडीह विधायक ने भी नगर निगम के कर्मियों को ठगने का काम किया है : सुरेश साव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साव ने प्रेसविज्ञप्ति जारी कर कहा कि राज्य लोकल बॉडिज के आव्हान पर पूरे राज्य भर के साथ- साथ गिरिडीह जिला में सफाईकर्मी 23 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है । वही उन्होंने कहा कि गिरिडीह नगर प्ररिषद के बाहर भी नगर परिषद के सफाई कर्मियों द्वारा धरना दिया गया, वो भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है सफाई कर्मियों का मांग है कि सेवा को स्थाई किया जाए जिस से उनका भी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके । उन्होंने कहा कि राज्य में हेमन्त सोरेन की सरकार ने 2019 में सेवा को स्थाई करने का वादा करके सत्ता में आई थी। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साव ने कहा कि राज्य सरकार के सफाई कर्मियों के साथ अन्याय कर रही है इनको ठगने का कम किया है जबकी राज्य सरकर ने 2019 में सत्ता में आने के लिए इन सभी से वादा किया था की इसको स्थाई करने का काम किया जाएगा



राज्य सरकर की लगभग 5 साल खत्म होने जा रहे हैं । इनकी काम को पूरा नहीं किया गया। जबकि करोना काल में स्वास्थ कर्मियों के साथ कंधे से कंधे मिलाकर लोगों की जान की बचाने का काम किया। करोना काल में जब लोग अपने घरों मैं थे तब यही सफाई कर्मो फ्रॉन्ट पर आकर लोगों के सेवा में लगे थे, हेमन्त सोरेन सरकार को इस इस विषय पर सोचना चाहिए। जो लोग हमें अपने जान की परवाह किए बिना सेवा दे रहे हैं उनकी छोटी सी है मांगों को हम पूरा नहीं कर सकते है। भाजपा नेता सुरेश साव ने कहा कि इनकी मांग कोई बड़ी नहीं है छोटी मांग है इसे जल्द पुरा करना चाहिए सरकार को। साव ने कहा की यहां के राज्य सरकर के साथ-साथ गिरिडीह स्थानीय विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने भी नगर निगम के कर्मियों को ठगने का काम किया है, इन्होंई कहा था की सभी को स्थाई करेंगे सभी का जीवन में बदलाव लाएंगे, नगर निगम का विकास होगा, लेकिन यह सिर्फ है लूटाने में व्यस्त है, हर विभाग से मोटे पैसों की उगाई कर रहे हैं।, नगर निगम के कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं। ना ही सही से कर्मियों पैसा मिलता है, इसके चलते गिरिडीह जिला में हर जगह गंदगी फैली हुई है कर्मी अपने काम पर नहीं आते हैं।, नगर,निगम में हर जगह गंदगी फैली हुई है। उक्त बात श्री साव ने कहा। हेमंत सरकर राज्य के युवाओं को मजदूर किसान भाइयों को ठगने का कम किया है, सत्ता में आने के लिए हेमन्त सरकर ने हर साल 5 लाख रोजगार देने का वादा किया, था 5 लाख रोजगार का क्या हुआ, महिलाओं को 72 क्या हुआ।

## जिप अध्यक्ष मुनिया देवी ने गांडेय विधानसभा क्षेत्र का किया दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह जिला परिषद अध्यक्ष सह भाजपा नेत्री मुनिया देवी मंगलवार को जानकारी मिलने के बाद तेलोनारी पंचायत के गमतरिया गांव पहुंची जहां जन-वितरण प्रणाली के डीलर अनिल सिंह के आकस्मिक निधन पर जिप अध्यक्ष पहुंचकर उनके परिवार जनों को हिम्मत दिलवाई । वही हर दुःख सुख समय साथ रहने की बात कहीं । साथ ही ताराटांड़ पंचायत के विभिन्न गांवों में जाकर लोगों की समस्या सुनी और हालचाल ली ग्रामीणों ने मुख्य रूप से रोड की समस्या बताई जिप अध्यक्ष ने विभाग से जानकारी लेकर बरसात खत्म होते ही काम चालू करवाने का भरोसा दिलाया ।

इधर ग्रामीणों ने ज़िप अध्यक्ष की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप ऐसे ही आप क्षेत्र में बने रहे। मौके पर उपस्थित बुधन साव, सुरेश राणा,अनिल कुमार, युगल प्रसाद यादव, बकोरी यादव, भागीरथ यादव, विजय कुमार दास, हरिहर दास, नथु यादव, किशोरी राणा, इंदर दास, राधिका देवी, सुगिया देवी, भुनेश्वर दास उपस्थित थे।

राज्यपाल ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट चीरी में ग्रामीणों से किया संवाद

# राज्यपाल द्वारा लाभुकों के मध्य विभिन्न योजनान्तर्गत परिसम्पत्तियों का किया गया वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट चीरी, लोहरदगा में ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि देश की आज़ादी के इतने वर्षों के उपरांत भी ग्रामीण क्षेत्रों में जाने पर विभिन्न समस्याओं की जानकारी देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए ग्रामीण क्षेत्रों का विकास आवश्यक है। उन्होंने कहा कि एक समय था कि केंद्र से लोगों के विकास हेतु भेजे गये राशि का लाभ लाभुकों तक पूरा नहीं पहुंचता था। वर्तमान में माननीय प्रधानमंत्री जी लाभुकों के मध्य विभिन्न योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुँचा रहे हैं। राज्यपाल महोदय ने कहा कि देश के किसी भी व्यक्ति की मृत्यु भूख से न हो, इसके लिए केन्द्र सरकार द्वारा 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है।



उन्होंने कहा कि मैं आप सभी के बीच यह जानने आया हूँ कि आपको केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है अथवा नहीं, आपकी विभिन्न समस्याएं जान सकूँ ताकि इससे सरकार को अवगत कराकर इसका निदान किया जा सके। मैं आप सबका विकास देखना चाहता हूं। राज्यपाल महोदय ने कहा कि किसानों के हित में प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना संचालित है। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई परिवार तो नहीं है जो निःशुल्क अनाज के लाभ की उपलब्धता से वंचित है और वे इस योजना के पात्र हैं। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार में वे कभी पेट्रोलियम मंत्री हुआ करते थे तथा लोगों के मध्य एलपीजी गैस की उपलब्धता हेतु पूर्णतः सक्रिय रहे हैं। वर्तमान में प्रत्येक परिवार तक एलपीजी गैस की उपलब्धता हो, इस हेतु माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा हमारी माताओं-बहनों के मध्य प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत निःशुल्क एलपीजी गैस कनेक्शन का लाभ प्रदान किया जा रहा है। राज्यपाल महोदय ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि स्वच्छ पेयजल नितांत आवश्यक है। विभिन्न वैज्ञानिक शोधों में बताया गया है कि गंदा पानी पीने से गंभीर बीमारियां होती हैं। उन्होंने ग्रामीणों से स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता की जानकारी ली। उक्त अवसर पर राज्यपाल महोदय के समक्ष सखी मंडल के सदस्यों ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि सखी मंडल से जुड़ने से पूर्व उनलोगों की आर्थिक स्थिति खराब थी, लेकिन अब इससे जुड़ने के उपरांत आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। राज्यपाल महोदय के समक्ष श्रीमती मुनि देवी (प्रमुख, कूड़ु, लोहरदगा), श्री एनुल अंसारी ( उप प्रमुख, कूड़ु, लोहरदगा), पंचायत के मुखिया श्री राजेश लोहरा, श्रीमती मीणा उराँव, जीमा बरवाटोली, चीरी, श्रीमती अनिमा एक्का, ग्राम-सुकमार, श्रीमती सुमिता खलखो, जीमा चटकपुर, श्री शमशाद अंसारी आदि ने संवाद किया। राज्यपाल महोदय ने उक्त अवसर पर नवजात शिशु आशिया परवीन का अन्न प्राशन किया। राज्यपाल महोदय द्वारा उक्त अवसर पर विभिन्न योजना अन्तर्गत लाभुकों के मध्य पावर स्प्रेयर व व्हील चेयर वितरण किया गया तथा प्रधानमंत्री आवास योजना का पूर्णतः प्रमाण पत्र,मनरेगा स्वीकृति प्रमाण पत्र,उद्योग विभाग द्वारा सहायतार्थ राशि प्रदान किया गया। उपायुक्त ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि माननीय राज्यपाल महोदय अपने व्यस्ततम समय में से निकालकर ग्रामीणों से संवाद करने के लिए यहाँ आये हैं, इस हेतु सभी आभारी हैं। इससे पूर्व राज्यपाल महोदय ने सखी मंडल की दीदियों के साथ नवाटोली, लोहरदगा में भेंट की तथा सखी मंडल की दीदियों को प्रोत्साहित किया।

# किस्को प्रखंड के कई वरिष्ठ आजसू कार्यकर्ताओं ने पार्टी छोड़कर झारखंड पीपुल्स पार्टी का दामन थामा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** झारखंड पीपुल्स पार्टी किस्को प्रखंड के अध्यक्ष मनोज उरांव की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी रामचंद्र गिरि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष सुनीता उरांव शामिल हुए। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए रामचंद्र गिरि ने कहा कि वर्तमान समय में झारखंड की स्थिति को देखते हुए लोगों की नजर तीसरी मोर्चा की ओर है और झारखंड पीपुल्स पार्टी तेजी के साथ तीसरे मोर्चे के रूप में उभर कर आई है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने लोहरदगा विधानसभा के पूर्व लोकप्रिय विधायक झारखंड आंदोलनकारी स्व कमल किशोर भगत के छोटे भाई अनिल टाना भगत को उम्मीदवार बनाने की घोषणा की है। यही वजह है कि पार्टी का विस्तार किया जा रहा है और भारी संख्या में नौजवान महिला -पुरुष पार्टी के साथ जुड़कर



आगामी विधानसभा चुनाव में अनिल टाना भगत को जिताने का मन बना रहे हैं। महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष सुनीता उरांव ने कहा कि अब तक राष्ट्रीय पार्टियों के द्वारा लोहरदगा को सिर्फ छलने का काम किया गया है । लोहरदगा बॉक्साइट जैसी खनिज संपदा से भरी नगरी होने के बाद भी गरीबी का दंश झेल रहा है। यहां के पढ़े-लिखे युवक -युवती बेरोजगारी का सामना कर रहे हैं और विकास नाम का कोई चीज यहां नहीं है । उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हम सभी को मिलकर अनिल टाना भगत को लोहरदगा का विधायक बनाना है और स्वर्गीय कमल किशोर भगत के सपनों को पूरा करते हुए यहां विकास की गंगा बहाना है। प्रखंड अध्यक्ष मनोज राव ने कहा कि बहुत जल्द किस्को प्रखंड का पूर्ण विस्तार कर एक सशक्त टीम के रूप में विकसित किया जाएगा और आने वाले विधानसभा चुनाव में भारी मतों से अनिल टाना भगत को जिताने की रणनीति तैयार की जाएगी । इस अवसर पर आजसू पार्टी किस्को की वरिष्ठ नेत्री ललिमा उरांव जगदीश गंझू, राजू उरांव,नवल कुमार,सुमित कुमार मुंडा,तबरेज अंसारी,घनश्याम कुमार आदि ने आजसू छोड़कर झारखंड पीपुल्स पार्टी का दामन थामते हुए कहा कि जे पी पी प्रत्याशी अनिल टाना भगत को जिताने में हम सभी कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

# श्री कृष्ण संपूर्ण मानव जाति का कल्याण करते हैं : बिपिन कुमार दास

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में श्री राधा कृष्ण रूप साज-सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें कक्षा षष्ठ से अष्टम तक के भैया/ बहन ने श्री कृष्ण एवं राधा जी के बाल स्वरूप को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ। रूप साज -सज्जा प्रतियोगिता सुप्रिया घोषाल के निर्देशन में भैया /बहनों ने श्री कृष्णा का बंसी बजाते हुए, माखन खाते हुए, एवं राधा जी का मनमोहक रूप धारण कर नृत्य के साथ खूब लुभाया। भैया /बहनों ने और राधा के रूप में ईश्वर का दर्शन कराया। साथ ही मनमोहन एवं मनभावन प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा सनातन धर्म में भगवान किसी न किसी रूप में धरती पर अवतरित होकर संपूर्ण मानव जाति का कल्याण करते रहे हैं। भगवान श्री कृष्ण हम सभी का मंगल करें। विषय प्रवेश जामवंती मिश्रा जी ने प्रस्तुत किया। साथ ही श्री कृष्ण जीवन दर्शन से परिचित कराकर उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। जिससे भारत समर्थ एवं शक्तिशाली बनेगा। कार्यक्रम के इस मौके पर विद्यालय की वरिष्ठ आचार्या मधुमिता शर्मा ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि श्री कृष्ण की बाल लीला भारतीय समाज को एक संदेश देती है। इस मौके पर विद्यालय के सभी आचार्य /दीदी जी एवं विद्यालय के भैया/ बहन उपस्थित थे।



# श्री कृष्ण की लीला निराली एवं अपरंपार है : सुमन राय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आज श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया इस अवसर पर रूप सजा प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन एवं वंदन का कार्यक्रम संपन्न हुआ सुश्री सुनीता जी द्वारा अतिथि परिचय किया गया आज के इस कार्यक्रम में राधा कृष्ण की युगल जोड़ी का आरती किया गया जो मुख्य अतिथियों के द्वारा संपन्न हुआ। अतिथियों को श्रीफल एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया कार्यक्रम के शोभा बढ़ाते हुए बहनों द्वारा गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए गए जिनके बोल थे श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी...राधा कृष्ण के रूप में सुसज्जित भैया बहनों का निर्णायक मंडली के द्वारा प्रतिभागियों का चयन किया गया रूप सजा में प्रथम स्थान राधा के रूप में इशिका आर्य इक्का द्वितीय स्थान प्रिंसी कुमारी एवं तृतीय स्थान व्यवंशी कुमारी तथा तथा कृष्ण के रूप में विराट कुमार साहू आलोक कुमार तथा अमन लोहार को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की बहन आद्या पाठक तथा उनकी सहेलियों द्वारा एक सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर आए हुए मुख्य अतिथियों द्वारा श्री कृष्ण के जीवन चरित्र एवं उनके आदर्शों को भैया मेहनत को बताया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्रीमती सुमन राय ने कहा भगवान श्री कृष्ण की लीला निराली है एवं अपरंपार है श्री कृष्णा 16 कलाओं से परिपूर्ण थे और हमें हमारी माता को यह जिम्मेवारी है कि हम अपने बच्चों को 16 कलाओं से परिपूर्ण करें। कृष्ण की बाल लीलाएं अति मनमोहक है। मूर्ति कला में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले भैया को 500 रुपए देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुमन राय रेणु अग्रवाल ममता सिंह सरिता जायसवाल कमला देवी नेहा पाठक के साथ-साथ सैकड़ो की संख्या में अभिभावक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य श्री अशोक कुमार सिंह, रवि रंजन कुमार, उपाध्याय लक्ष्मी देवी, सुश्री सुनीता जी महेंद्र मिश्रा, जगदीश पांडे, पूजा, दीपिका कुमारी, त्रिलोचन साहू, ने गणेश साहू समस्त आचार्य बंधु भगिनी का योगदान रहा।



# पोलियो अभियान के तहत डोर टू डोर भ्रमण कर बच्चों को पिलाया गया दवा



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र में पोलियो मुक्त अभियान का शुभारम्भ 25 अगस्त को बच्चे बच्चियों को पोलियो का ड्राप पिला कर प्रारम्भ किया गया था। जिसके तहत प्रखंड क्षेत्र में 0 से 5 वर्ष तक 13521 बच्चे बच्चियों को पोलियो दवा पिलाने का लक्ष्य था। वही 25 अगस्त को प्रखंड क्षेत्र के सभी 122 पोलियो बूथ पर बच्चों को पोलियो मुक्त दवा पिलाया गया था। जिसके पश्चात एएनएम, आंगनबाड़ी सेविका, सहिया और स्वाथ्यकर्मियों द्वारा 26 व 27 अगस्त को अपने अपने पोषक क्षेत्रों में डोर टू डोर भ्रमण कर बच्चों को पोलियो दवा पिलाया गया। पोलियो छोटे छोटे बच्चों में होने वाला घातक महामारी है। जिसे पोलियो बीमारी से ग्रसित बच्चे बच्चियां दिव्यांग हो जाते हैं। जिसे पोलियो से बचाव के लिये स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देशानुसार प्रत्येक वर्ष प्लस पोलियो अभियान चला कर बच्चों को दो बूंद पोलियो दवा पिलाया जाता है। वही शकुन्तला देवी, मरियम टोप्पो, रेखा देवी, पार्वती देवी, यशोदा कुमारी, गीता देवी, किरण कुमारी, हुमा समरीन, शांता, मिंज, रजनी देवी, टिंकी देवी, शहनाज बेगम, सहित अन्य सभी सहिया और आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा अपने आने पोषक क्षेत्रों में भ्रमण कर पोलियो दवा पिलाया गया।

# आगामी त्योहार करमा को लेकर करमा पुर्व संध्या कार्यक्रम हेतु कमिटी का किया गया गठन



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैरो ज्येष्ठ जतरा टांड़ में 26 अगस्त सोमवार को करमा पूर्व संध्या कार्यक्रम आयोजन को लेकर बुधवा उरांव की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें 12 सितंबर को ज्येष्ट जतरा टांड़ में पूर्व संध्या कार्यक्रम आयोजन करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अमरेंद्र पन्ना को अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष तिला उरांव, सचिव विकास उरांव, सह सचिव कृष्णा उरांव, कोषाध्यक्ष जगबन्धन भगत, सह कोषाध्यक्ष संतोष उरांव चुने गए। वहीं संरक्षक की जिम्मेवारी राम उरांव, बुधवा उरांव, धनपत उरांव, अंगनु उरांव, सुखदेव उरांव, बुदिया उरांव, सोमनाथ उरांव, सोमारा उरांव, विरेन्द्र उरांव, प्रेम उरांव को दी गई।

भाजपा नेत्री मार्ग्रेट पिंकी ने ग्रामीणों की समस्या सुनी

# क्षेत्र में सिर्फ वोट मांगने के लिए कांग्रेस विधायक की मौजूदगी दिखती : मार्ग्रेट पिंकी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** भाजपा नेत्री मार्ग्रेट पिंकी ने कुरडेग, केरसई तथा कुल्लुकेरा ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से वार्ता कर उनके समस्याओं को जाना। क्षेत्र के विकास की वस्तु-स्थिति से रूबरू हुई. हाथी प्रभावित क्षेत्र में ग्रामीणों की समस्या को सुन कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते हीं आपकी सारी समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने आदिवासी महिलाओं को एकजुट होकर भाजपा सरकार बनाने में समर्थन करने की बात कही। हेमंत सरकार के राज्य में आदिवासी बहन-बेटी कतई सुरक्षित नहीं है। लोभ-लालच देकर केवल गद्दी पाने की मंशा हेमंत सोरेन के गठबंधन सरकार की है। क्षेत्र में विकास की धारा नगण्य है। कांग्रेस विधायक पर भी टिप्पणी करते हुए ग्रामीणों से कहा कि क्षेत्र में सिर्फ वोट मांगने के लिए कांग्रेस विधायक की मौजूदगी दिखती और ग्रामीण क्षेत्र में कोई ऐसा काम नहीं कर रहे हैं, जिससे ग्रामीण जनता को राहत मिल सके। उन्होंने क्षेत्र की ग्रामीणों से रोजी-रोजगार, युवक-युवतियों के पलायन सहित ग्रामीण अर्थव्यवस्था के बारे में जाना। मार्गट पिंकी ने भाजपा सरकार आते हीं जनता की समस्याओं का निराकरण करने का भरोसा जताया।

# ठगनीति नहीं कार्य नीति ही झापा की पहचान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बोलबा :** ठगनीति नहीं, कार्य नीति ही झारखंड पार्टी की पहचान है, एनोस एक्का जो कहता है उसे पूरा करता है। जनता की सेवा करने से कोई रोक नहीं सकता। झापा के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का बेहरीनबासा गांव में आयोजित पार्टी के मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में क्षेत्र की जनता बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, सिंचाई जैसे मूलभूत समस्याओं से जूझ रही है लेकिन परेशान जनता की सुध लेने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी ही क्षेत्र की समस्या को दूर कर सकता है। धर्म के नाम पर गंदी राजनीति करने वाले नेताओं को जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि झापा के रहते किसी भी धर्म को कोई खतरा नहीं होगा। सभी को अपने अपने धर्म, संस्कार, संस्कृति, परंपरा को भव्य तरीके से मनाने में कोई परेशानी नहीं होगी। एनोस एक्का ने कहा कि हर एक लोगों को



खुश देखना ही उनके कार्यनीति का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम को संदेश एक्का, मतियस बागे आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जोन तिर्की ने किया। मौके पर ललन प्रसाद, हर्ष बारला, क्लीमेंट एक्का, लाजरुस कुल्ला, मार्टिन, अगुस्तीन कुल्ला, प्रमोद खेस, अमूष मिंज, शशि टोप्पो, बिरसा मांझी, सहदेव, किरण बा, अमृत चिराग तिर्की, धाम लुगुन, जोसेफ, मगरिता सहित कई लोग उपस्थित थे। झापा और एनोस एक्का के कार्यो पर भरोसा जताते हुए कांग्रेस के गढ़ बेहरीनबासा गांव के ग्रामीणों ने झापा का दामन थामा। ग्रामीणों ने कहा कि उन्हें ठगने और बरगलाने वाला नेता नहीं, काम करने वाला नेता चाहिए। झापा की सदस्यता ग्रहण करने वाले लोगों का पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का और अन्य झापा नेताओ ने पार्टी का दुपट्टा पहना कर स्वागत किया।

# निशीथ जायसवाल ने रोहित उरांव के सौजन्य से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच बांटे जर्सी



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के पुत्र युवा नेता रोहित उरांव के सौजन्य से विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल के द्वारा लोहरदगा प्रखंड के ग्राम भक्सो, बी आई डी, मधुबन आदि गांव के युवा खिलाड़ियों को जर्सी वितरण किया गया। इस मौके पर निशीथ जायसवाल ने कहा कि माननीय मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के पुत्र युवा नेता रोहित उरांव के द्वारा लोहरदगा के विभिन्न गांवों एवं शहरों में खिलाड़ियों खेल के लिए जर्सी का वितरण किया जा रहा जिससे खिलाड़ी में काफी हर्ष है। इस प्रकार के कार्यक्रम से ग्रामीण इलाको के खिलाड़ियों को बेहतर मंच मिलता है। इस मौके मुख्य रूप से रामदेव उरांव, गंगा उरांव, बबलू उरांव, रामदयाल उरांव, सुजीत उरांव, अभिजीत, अकास कुमार, कृष्ण, बिहारी मुंडा, संतोष उरांव आदि उपस्थित थे।

# एमबी डीएवी विद्यालय में विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में जूनियर डीएवी के प्रभारी शिक्षक अश्विन कुमार पात्रों द्वारा विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हमारे बुजुर्ग हमारे घर व परिवार की शान हैं। जिस घर में बड़े बुजुर्गों को मान दिया जाता है वह घर भरपूर और कुशल रहता है। बुजुर्गों के आशीर्वाद से हमारे काम सफल होते हैं और हम उन्नति करते हैं। वे हमारे घर की बुनियाद हैं। यदि बुनियाद सकुशल होगी तो ईमारत को बल और लाभ प्राप्त होगा।माता पिता बच्चों का पालन पोषण करते हैं। बच्चों की खुशी के लिए वे अपना सर्वस्व अर्पण करते हैं। बच्चे उनकी आँखों के तारे होते हैं। वे अपने बच्चों के लिए ऊँचे ऊँचे अरमान रखते हैं और सपने सजाते हैं। वे अपना आराम त्याग करके बच्चों को आराम देते हैं। इसलिए वे पूज्य होते हैं। हमें उनका आदर करना चाहिए। बड़ी उम्र में शरीर कमज़ोर हो जाता है और बीमारियाँ घेर लेती हैं। ऐसे में बुजुर्गों को सहारा देना हमारा कर्तव्य है। हमें उनके साथ प्रेम पूर्वक व्यव्हार करके उन्हें मानसिक संतोष प्रदान करना चाहिए। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए बच्चों के मन में अपने बड़ों के प्रति आदर सम्मान भाव जागृत करने हेतु कक्षा एलकेजी से द्वितीय तक के बच्चों के मध्य प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया जिसमें बच्चों को अपने दादा-दादी या नाना नानी के साथ मिलकर कोई भी अच्छे कर्म करते हुए वीडियो बनाना है। इस प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी में सांविका सौरभ, सूर्यांश वर्मा, प्रांशी विश्वकर्मा, भार्गवी भारद्वाज, स्वस्ति सोना, समज्ञा शशांक ने कक्षा एलकेजी में तृषा केसरी कक्षा यूकेजी में आहान उरांव विवान राज अली सबा अहमद रक्षित कुमार व ऋत्विक कुमार ने कक्षा प्रथम में दर्शील भगत तथा कक्षा द्वितीय में दिव्यांश मेहता गौरांग गोयल देवांश वर्मा अथर्व सिद्ध इजान अख्तर व प्रयास वर्मा ने प्रथम स्थान अर्जित किया इस प्रतियोगिता में अश्विन पात्रों संगीता मित्तल सोमिता दास रजनी प्रसाद देवकी कुमारी रागिनी कुमारी श्वेता कुमारी व अंजली कुमारी निर्णायक बनीं।



# मानवता हुई एक बार फिर शर्मशार, कोलेबिरा में एक नाबालिक से दुष्कर्म कि घटना आई सामने

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** कोलेबिरा में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म की घटना हुई. इसकी जानकारी मिलने के बाद जिला पुलिस ने 24 घंटे के अंदर दुष्कर्म में शामिल तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही पुलिस ने आरोपियों के पास से बाइक, मोबाइल समेत कई चीजें जब्त की हैं। कोलिबिरा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है द्य पुलिस ने घटना में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया है। पुलिस ने 24 घंटे में आरोपियों को पकड़ा और कार्रवाई की है द्य ये घटना 24 अगस्त की बताई जा रही है द्य जब नाबालिग पीड़िता अपनी बहन के साथ बाजार से शाम में अपने घर लौट रही थी द्य इसी दौरान तीन लड़कों ने नाबालिग पीड़िता को मोटरसाइकिल में बैठाकर जबरदस्ती दूसरे जगह ले गए द्य जहां इनमें से एक लड़के द्वारा दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया द्य घटना के बाद किसी तरह पीड़िता अपने घर पहुंची। जिसके बाद पीड़िता ने पूरी घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी द्य इसके बाद पीड़िता के बयान पर कोलेबिरा थाना में थाना कांड सं0 52/24, दिनांक-25.08.24, धारा-137 (2)/96/70 (2) बी0एन0एस0 एवं 4/6/8/10 पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया द्य घटना में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए एसडीपीओ पवन कुमार रात में ही क्षेत्र के लिए निकल पड़े। उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के अंदर ही घटना में शामिल अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया द्य एसडीपीओ पवन कुमार ने बताया कि घटना में शामिल तीन आरोपी ग्राम-टांगरटोली, अघरमा, थाना-कोलेबिरा को गिरफ्तार कर लिया गया है द्य वहीं, पुलिस ने अभियुक्त के पास से NTORQ TVS Scooty (घटना में प्रयुक्त) और दो मोबाइल फोन, अभियुक्त के पास से पल्सर बाइक (घटना में प्रयुक्त) और एक मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं द्य जबकि अभियुक्त के पास से एक मोबाइल जब्त किया गया है।



# एक पेड़ 100 पुत्र के समान : जितेंद्र महतो



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र महतो ने कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के मौके पर बड़ा तालाब सेन्हा के मेढ़ पर पीपल एवं बरगद का पेड़ लगाया। साथ ही इस मौके पर उन्होंने लोहरदगा के किसानों से अपील करते हुए कहा की पीपल, बरगद, डूमर, एव नीम, जैसे बड़े-बड़े विशाल औषधिय वृक्ष धरती से विलुप्त होते जा रहे हैं जिसके कारण स समय वातानुकूल प्राकृतिक लाभ हमें नहीं प्राप्त हो रही है। और इसलिए लोहरदगा के सभी किसान भाइयों एवं आम ग्रामीण जनता से आग्रह होगा एक पेड़ 100 पुत्र के समान इसी पारंपरिक नई सोच के साथ धरती माता की रक्षा के लिए आगे बढ़े और एक पेड़ अपनी मां के नाम÷ लगाने की कृपा करें।

## चलते चलते एक नजर

### महिला टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम का एलान



**नई दिल्ली :** आगामी महिला टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम का एलान हो गया है। मंगलवार को बीसीसीआई ने टीम की घोषणा की। हरमनप्रीत कौर टीम की अगुआई करेंगी। वहीं, स्मृति मंधाना टीम की उपकप्तान होंगी। महिला चयन समिति ने 15 सदस्यीय टीम का चयन किया। महिला टी20 विश्व कप इस साल संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट का यह नौवां संस्करण तीन से 20 अक्तूबर तक दुबई और शारजाह में खेला जाएगा। भारत को ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ रखा गया है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत चार अक्तूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी। वहीं, भारत और पाकिस्तान के बीच महामुकाबला छह अक्तूबर को खेला जाएगा। यह दोनों मुकाबले दुबई में खेले जाएंगे। इस टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। चयनकर्ताओं ने एक बार फिर शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की ओपनिंग जोड़ी पर भरोसा जताया है। वहीं, मध्यक्रम की जिम्मेदारी कप्तान हरमनप्रीत, जेमिमा, दीप्ति और ऋचा पर होगी। पूजा और श्रेयंका पर मैच फिनिश करने की जिम्मेदारी होगी। श्रेयंका को टीम में शामिल तो किया गया है, लेकिन टूर्नामेंट से पहले उनकी फिटनेस की जांच होगी।

### एनटीपीसी स्वयंसिद्ध महिला क्लब ने जरूरतमंद ग्रामीणों को आवश्यक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता)।** एनटीपीसी स्वयंसिद्ध महिला क्लब, कोयला खनन मुख्यालय,रांची ने सीएसआर पहल के तहत नामकुम, रांची स्थित महादेव टोली गांव में 40 जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सामग्री/किराने का सामान वितरित किया। यह पहल स्वयंसिद्ध महिला क्लब की अध्यक्ष श्रीमती रेखा जैन के मार्गदर्शन में और रॉबिन हुड आर्मी (स्वयं सेवी संस्था) के सहयोग से की गई। रेखा जैन उन्होंने स्वयंसिद्ध महिला क्लब की सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने किराने की सामग्री उपलब्ध कराने की पहल में पूरे दिल से योगदान दिया है और उन्हें जरूरतमंदों के उत्थान के लिए विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया, विशेष रूप से बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए। जैन ने रॉबिनहुड आर्मी के सदस्यों से भी बातचीत की और उन्हें इस पहल का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित किया और समाज की सेवा करने का अवसर प्रदान करने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।इस अवसर पर कल्याण प्रभारी एवं उपाध्यक्ष शिखा रस्तोगी, सांस्कृतिक प्रभारी एवं उपाध्यक्ष पूर्णिमा श्रीखंडे, कल्याण सचिव मनसा वर्मा, सांस्कृतिक सचिव अनिता प्रसाद और कोषाध्यक्ष स्निग्धा रानी माझी भी उपस्थित थीं। इस नेक पहल की लाभार्थियों द्वारा सराहना की गई।

# कर्म क्षेत्र में सफल नेतृत्व का ज्ञान देते हैं श्री कृष्ण : अविनाश देव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** संत मरियम आवासीय विद्यालय में सोमवार को भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां भगवान श्री कृष्ण के रूप में सुसज्जित नन्हे मुन्ने बच्चे छोटे-छोटे गैया छोटे- छोटे ग्वाल छोटे से मेरो मदन गोपाल पर ठुमकते बच्चे का दृश्य वाकई में मनमोहन रहा, साथ ही कई मीटर ऊंचाई पर बंधे मटकी को तोड़ने के लिए आवासीय बच्चों के द्वारा बनाए गए पिरामिड का दृश्य भी अद्भुत था। विद्यालय के चेयरमैन श्री अविनाश देव ने इस कार्यक्रम में भाग लिए



बच्चों पर पंचामृत की वर्षा कर स्नेह, समर्पण, एकता व भाईचारा के एक सूत्र में बंधने के लिए भगवान श्री कृष्ण से कामना किया। तत्पश्चात अपने संबोधन में कहा कि जन्माष्टमी सबसे व्यापक रूप से मनाए जाने वाले हिंदू त्योहारों में से एक है, जो भगवान विष्णु के आठवें अवतार भगवान कृष्ण के जन्म का प्रतीक है। यह खुशी का अवसर भक्ति, अनुष्ठानों और भगवान कृष्ण की आकर्षक कहानियों के पुनर्कथन से भरा होता है। पूरे भारत और दुनिया भर के हिंदुओं द्वारा बड़े उत्साह के साथ मनाया जाने वाला जन्माष्टमी लोगों को प्रेम, विश्वास और सांस्कृतिक एकता भावना से जोड़ता है। भगवान कृष्ण का जीवन प्रेम, ज्ञान और वीरता का एक आदर्श मिश्रण है जिनके प्रत्येक कहानी में एक सबक है जिसे हम अपने जीवन में लागू कर सकते हैं। मौके पर छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव, पूजा देव, विकास विश्वकर्मा, संतन सोनी प्रदीप जी समस्त कर्मचारी व बच्चे मौजूद रहे।

## गढ़वा में धूमधाम से मना भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** जिला मुख्यालय गढ़वा में जन्माष्टमी का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शहर के विभिन्न स्थानों में पूरे आस्था उल्लास के साथ पूजा अर्चना किया गया। साथ ही रंका मोड़, मुख्य मार्ग सहित अन्य स्थलों पर दही हांडी मटका भी फोड़ा गया। इस अवसर पर शहर के मुख्य मार्ग में स्थित श्रीकृष्ण राधिका मंदिर समेत बाबा सोमनाथ मंदिर सहीजना में विशेष रूप से भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा को सजाया गया था। वहीं कई स्थानों पर आकर्षक सज्जा के बीच डोली रखी गई थी। इस अवसर पर मुख्य मार्ग में कई स्थानों समेत रंका मोड़, बाबा सोमनाथ मंदिर सहीजना में दही हांडी का मटका लटकाया गया था। रात्रि 12 बजे के पश्चात उत्साही युवकों द्वारा गोल घेरा बना कर एक के ऊपर एक खड़े होकर मटका तोड़ा गया। वहीं लोगों ने पूरे दिन निर्जला व्रत रखा। आधी रात्रि तक चले भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के अवसर पर भारी संख्या में लोग आधी रात तक उपस्थित थे। वहीं मटका तोड़ रहे उत्साही युवकों पर पानी की बौछारें दी जा रही थी।

## राज्य सरकार ने झारखंड के बहुमूल्य पांच वर्षों को बर्बाद किया : चंद्र प्रकाश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष सह गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने मंगलवार को जनजागरण रथ को हरमू स्थित आजसू पार्टी केंद्रीय कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एलईडी स्क्रीन से युक्त वैन अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले जनजागरण पदयात्रा में लोगों को वीडियो के माध्यम से सरकार के वादों और हकीकत से रूबरू कराएंगे। मौके पर सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार ने झारखंड के बहुमूल्य पांच वर्षों को बर्बाद किया है। विकास की राह पर अग्रसर झारखंड को इन्होंने अपनी गलत कार्यशैली से पीछे धकेल दिया है। झूठे वादे कर सत्ता में बैठे लोगों से हम पूछना चाहते हैं कि उनके द्वारा किए गए कितने वादे पूरे हुए। पांच साल तक की जाती रही जनता के साथ धोखाधडी का यह मूल्यांकन का समय है। जनजागरण पद यात्रा के माध्यम से हम राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों में सरकार की नाकामियों के बारे में लोगों को बताएंगे।

इस मौके पर केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, रांची जिला परिषद अध्यक्ष सह केंद्रीय महासचिव निर्मला भगत, जिला परिषद सदस्य सह केंद्रीय सचिव राजेंद्र शाही मुंडा, बनमाली मंडल, हरीश सिंह, परवाज खान, डॉ. पार्थ पारितोष, सुनील यादव, दया शंकर झा, अब्दुल जब्बार अंसारी, अमित कुमार, अभिषेक शुक्ला, प्रियांशु शर्मा, रोहित चौधरी समेत पार्टी के कई कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## पलामू जिले के सभी मुखिया अनिश्चितकालीन हड़ताल पर : रानी

### मुखिया संघ ने समस्याओं के निपटारे के लिए उपयुक्त को सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर(पलामू):** झारखंड राज्य के मुखियाओं ने अपनी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर 27 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। इसे लेकर प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक जाकिर हुसैन पार्क राज भवन के समक्ष शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया जाएगा।इस संबंध में पलामू जिले के मुखिया संघ के जिला उपाध्यक्ष रानी सिंह ने उपायुक्त को एक पत्र के माध्यम से अवगत कराया है।इस संदर्भ में रानी सिंह ने बताया कि राज्यभर के सभी मुखिया अपनी लंबित मांगों के निराकरण के लिए हड़ताल पर जा रहे है हैं। इस हड़ताल में पलामू जिले के भी सभी मुखिया शामिल होंगे और



कहा कि मुखिया संघ की प्रमुख मांगों में पंचायती राज वित्त आयोग की राशि का शीघ्र वितरण,आकस्मिक मृत्यु या दुर्घटना के मामलों में मुआवजा, मानदेय में वृद्धि, सरकारी योजनाओं में प्रतिनिधियों के परिवारों का समावेश और वित्तीय शक्तियों की बहाली शामिल हैं।पंचायती राज वित्त आयोग की राशि का शीघ्र वितरण की मांग मुखियाओं का कहना है कि पंचायतों को विकास कार्यों के लिए वित्त आयोग द्वारा निर्धारित राशि का जल्द से जल्द आवंटन किया जाए। इस राशि के बिना गांवों में विकास कार्य रुक गए हैं, जिससे जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और पंचायत का विकास नहीं हो पा रही है। हड़ताल की दूसरी प्रमुख मांग है कि कार्यकाल के दौरान किसी भी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य, प्रमुख, या जिला परिषद सदस्य की आकस्मिक मृत्यु या दुर्घटना की स्थिति में उनके परिवार को 30 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए। यह मुआवजा उनके परिवार के भरण-पोषण हो सके। तीसरी मांग में मुखियाओं ने केरल राज्य के तर्ज पर अपना मानदेय 30 हजार रुपये प्रतिमाह करने की मांग की है।चौथी मांग में मुखियाओं ने राज्य सरकार से अनुरोध किया है कि वर्तमान में चल रही योजनाओं जैसे कि मईया सामान्य योजना और अबुआ आवास योजना में मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य,और जिला परिषद सदस्य के परिवारों को शामिल किया जाए।पांचवीं और अंतिम मांग में मुखियाओं ने जोर दिया है कि बिना जांच के किसी भी मुखिया की वित्तीय शक्तियां निलंबित न की जाएं। जिन मुखियाओं की वित्तीय शक्तियां जप्त की गई हैं, उन्हें तुरंत बहाल किया जाए।हड़ताल के कारण जिले में चल रहे विकास कार्यों पर भी असर पड़ सकता है। पलामू जिले के मुखियाओं का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक वे अपने पदों से हटने का कोई इरादा नहीं रहेगा।

# जन सेवा के लिए समर्पित है मेरा जीवन : मंत्री मिथिलेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर अपने विधानसभा क्षेत्र में लगातार जनसंवाद कार्यक्रम चला रहे हैं। वे प्रतिदिन विभिन्न प्रखंडों में एक दर्जन से अधिक गांवों में भ्रमण कर जनसंवाद के माध्यम से लोगों से रू-ब-रू हो रहे हैं एवं उनकी समस्याओं का निदान भी कर रहे हैं। इस क्रम में मंत्री ने मंगलवार को मेराल प्रखंड के चेचरिया एवं खोरीडीह पंचायत के दर्जन भर गांवों में जनसंवाद किया। इस दौरान चेचरिया प्रखंड के ग्राम बाजुडीह में देवी धाम के समीप, ग्राम बोकेया में देवी धाम के समीप, ग्राम खोलरा में स्कूल के समीप, ग्राम छपरवार खुर्द में दुर्गा मंडप के समीप, ग्राम चेचरिया में पंचायत भवन के समीप, ग्राम अटौला में शिव मंदिर



के समीप, पंचायत खोरीडीह के ग्राम तरके में उमवि तरके के समीप, ग्राम औरईया के टोला लिखनिया में शिव स्थान के समीप, ग्राम औरईया एवं हारनदुबे का औरईया स्कूल के समीप, ग्राम छपरवार कला में शिव स्थान का समीप, ग्राम खोरीडीह में रविदास मंदिर के समीप जनसंवाद का आयोजन किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जन सेवा ही मेरे जीवन का उद्देश्य है। अपना जीवन जन सेवा के लिए समर्पित कर चुका हूं। गढ़वा की जनता ने मुझे अपना सेवक चुना और सेवा करने का मौका दिया, यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। आज गढ़वा वासियों के आशीर्वाद से मैं लोगों का बेहतर सेवा करने के काबिल बना हूं। किसी भी परिस्थिति में मैं गढ़वा वासियों की सेवा करने, क्षेत्र का विकास करने का कोई भी मौका मैं गंवाना नहीं चाहता। यही कारण है कि प्रतिदिन प्रत्येक गांव और प्रत्येक टोला में घूम-घूम कर सभी लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत होकर उसे दूर कर रहा हूं। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, प्रमुख दीपमाला, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय, उदय पाल, अजय राम, गंगा राम, राजेंद्र चौधरी, मंजय राम, हरि प्रसाद राम, सिकेश कुमार, नरेश चौधरी, ब्रजेश राम, मो. इब्राहिम खान, अशोक साव, धनंजय चौधरी, रंजन कुमार चौधरी, सुनेश्वर चौधरी, कमलेश चौधरी, अमृत चौधरी, श्याम बिहारी वर्मा, सुनील कुमार, लव कुमार, गुड्डू कुमार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन

**रांची :** सामाजिक संस्था शारदा फाउंडेशन की ओर से मंगलवार को ज्ञानोदय उच्च विद्यालय में निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। डेंटावीटा डेंटल क्लिनिक कांके रोड की डॉ सौम्या सिन्हा ने 200 से अधिक छात्राओ की दांतों की जांच कर उसकी देखभाल के लिए भी जागरूक किया। बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए शारदा फाउंडेशन ने डेंटावीटा डेंटल क्लिनिक के साथ मिलकर यह दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। डॉ सौम्या ने कहा कि बच्चे दांतों की सफाई पर ध्यान नहीं देते हैं। इस कारण दांतों में कैविटी ज्यादा जमा हो जाती है। इससे दांतों में सड़न होने लगती है। इसलिए दांतों की स्वच्छता पर हमें विशेष ध्यान देना चाहिए। शिविर में पायरिया, ज्लोरोसिस, कैविटी के ज्यादा रोगी पाए गए। इस अवसर पर सैकड़ों ग्रामीण क्षेत्रों के बालिका विद्यार्थियों के बीच सैकड़ों टूथ पेस्ट ,टूथ ब्रश वितरित किए गए।

# सांसद कंगना रनौत को पार्टी से निष्कासित करे भाजपा : अजय

एजेंसी

**वाराणसी :** किसान आंदोलन पर भाजपा सांसद अभिनेत्री कंगना रनौत के दिए गए बयान को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने केन्द्र सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश शुरू से रहा है। किसान इस देश की रीढ़ है। हमारी अर्थव्यवस्था का सबसे बड़ा आधार है किसान और खेती। लेकिन दुर्भाग्य देखिए कि पिछले दस वर्षों से भी अधिक समय से देश के अन्नदाता को अपने वाजिब हक के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मंगलवार को अपने महामंडल नगर लहुराबीर स्थित आवास पर मीडिया कर्मियों से मुखातिब थे। उन्होंने किसान आंदोलन पर भाजपा सांसद कंगना रनौत के बयान की निंदा कर कहा कि कंगना ने पूरे देश के किसान भाईयों को गाली दी। जिस किसान



आंदोलन में लगभग साढ़े सात सौ निर्दोष किसानों ने अपनी शहादत दी, उस आंदोलन को इस तरह अपमानित करना और किसानों के इस पूरे संघर्ष को गाली देना, किसान भाईयों को ही नहीं बल्कि समूचे देश को गाली देने जैसा है। हम सब किसान पुत्र हैं और हमारी रगों में किसानी लहू बहती है। भाजपा नेतृत्व से हमारी मांग है कि कंगना को पार्टी से तत्काल निष्कासित करे। सिर्फ कंगना के बयान से किनारा करने या फिर उनका व्यक्तिगत मत कह देने भर से काम नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि किसानों को लेकर जनता का चुना हुआ प्रतिनिधि इस तरह की बात करे वो भी महिला होकर यह काफी निंदनीय है। कंगना नशे की बात करती है या ये खुद नशे में रहती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय में महामना मालवीय गंगा, नदी विकास एवं जल संसाधन प्रबंधन शोध संस्थान के बंद होने पर सरकार को सीधे निशाने पर लिया।

# पंडरा में जमीन कब्जा करने के लिए फायरिंग की शिकायत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** पंडरा ओपी में ग्रामीणों ने मंगलवार को संयुक्त रूप से आवेदन देकर रांची के आईटीआई रोड स्थित बजरा जतरा मैदान पर कब्जा करने की नीयत से जमीन कारोबारियों पर फायरिंग करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराया है। ग्रामीणों का आरोप है कि शनिवार को 50 से अधिक की संख्या में जमीन कारोबारियों के पक्ष में कुछ महिलाएं और असामाजिक तत्व बाजरा स्थित जमीन पर कब्जा करने के लिए पहुंचे थे। जब ग्रामीणों ने जमीन कारोबरियों का विरोध किया तब उन पर फायरिंग की गई। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने जमीन कारोबारियों के पक्ष में आए लोगों को खदेड़ा और जमकर पीटा भी। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए जमीन कारोबारियों के पक्ष में आए लोग मौके से फरार हो गए। इसको लेकर मंगलवार को ग्रामीणों ने जमीन कारोबारियों के जरिये की गई फायरिंग का वीडियो भी जारी किया है। वीडियो में भगदड़ की जैसी स्थिति दिख रही है और रुक-रुककर गोलियां भी चल रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जमीन कारोबारी उनकी जमीन पर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं, जिसका वे विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक, यह जमीन आदिवासियों का जतरा स्थल है।

हर साल यहां फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन होता है। मुहल्ला में यही एक मात्र मैदान बचा हुआ है। इसपर भी जमीन कारोबारियों की नजर है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से जमीन कब्जे को लेकर लिखित शिकायत की है। इसके अलावा ग्रामीणों द्वारा जारी किए गये वीडियो फुटेज की भी जांच की जा रही है ताकि जमीन कारोबारियों की पहचान कर उन पर कार्रवाई की जा सके।

## राजस्थान हाई कोर्ट से पैरोल पर कड़ी सुरक्षा के बीच आसाराम इलाज के लिए मुंबई रवाना

**जोधपुर :** अपने ही आश्रम की नाबालिग के साथ यौन शोषण के आरोप में जोधपुर सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम को कड़ी सुरक्षा के बीच मंगलवार को उपचार के लिए मुंबई ले जाया गया। आसाराम के साथ जोधपुर पुलिस के जवान और दो अटेंडेंट भी साथ भी गए हैं। पहले आसाराम को एयर एंबुलेंस से ले जाने की बात सामने आई थी लेकिन फिर रूटीन फ्लाइट से ले जाया गया। जोधपुर पुलिस ने आसाराम को ले जाने के लिए मंगलवार को जेल से एयरपोर्ट तक ले जाने के लिए सुरक्षा के खास इंतजाम किए। जोधपुर जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे यौन शोषण के आरोपी आसाराम की ओर से कई बार पैरोल के लिए याचिकाएं लगाई गई लेकिन पहली बार उपचार के लिए 13 अगस्त को जस्टिस पुष्पेंद्र भाटी और जस्टिस मुन्नारी लक्ष्मण की खंडपीठ ने जोधपुर एम्स की मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर सात दिन की पैरोल दी।

# केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन मध्य प्रदेश से राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित

एजेंसी

**भोपाल :** केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के राज्यमंत्री जॉर्ज कुरियन मध्य प्रदेश से राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। उन्हें भाजपा ने मध्य प्रदेश की एक रिक्त सीट पर हो रहे उप चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया था। मंगलवार को नाम वापसी के अंतिम दिन भाजपा के डमी प्रत्याशी कांतदेव सिंह के नाम वापसी के बाद कुरियन को निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र रिटर्निंग अधिकारी और विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा ने सौंपा। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा मौजूद रहे। हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के गुना-अशोकनगर संसदीय क्षेत्र से निर्वाचित होने के बाद मप्र से राज्यसभा की एक सीट खाली हुई थी। इसके बाद इस सीट पर शेष कार्यकाल के लिए उपचुनाव कराया



गया। मप्र विधानसभा में संख्याबल के हिसाब से इस सीट पर भाजपा उम्मीदवार कुरियन का निर्विरोध चुना जाना तय माना जा रहा था। इसीलिए कांग्रेस ने कोई उम्मीदवार नहीं उतारा था। भाजपा ने जॉर्ज कुरियन को उम्मीदवार बनाया था। राज्यसभा उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख 21 अगस्त तक कुल तीन नामांकन दाखिल हुए थे। इनमें भाजपा उम्मीदवार जॉर्ज कुरियन के अलावा भाजपा के डमी प्रत्याशी कांतदेव सिंह और भोपाल निवासी कुलदीप बेलावत ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल किया था लेकिन कुलदीप बेलावत का नामांकन स्क्रूटनी के दौरान विधायकों के प्रस्तावक नहीं होने के चलते निरस्त कर दिया गया था। कांत देव सिंह के नाम वापसी की प्रक्रिया मंगलवार को पूरी होने के बाद निर्वाचन आयोग द्वारा जॉर्ज कुरियन के निर्विरोध निर्वाचित होने की घोषणा की गई। कुरियन का इस सीट पर जून 2026 तक के लिए राज्यसभा सदस्य निर्वाचित हुए हैं। कुरियन मूलतः केरल के रहने वाले हैं और मोदी सरकार में अल्पसंख्य कार्य एवं मत्स्य पालन, पशुपालन-डेयरी विभाग के राज्यमंत्री हैं। केरल के एट्टुमानूर से आने वाले जॉर्ज कुरियन 1980 में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना के समय से ही पार्टी से जुड़े हुए हैं। उन्होंने केरल में पार्टी संगठन को खड़ा करने में लंबा संघर्ष किया है। वह भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति के सदस्य रहे हैं। वह राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष बनने वाले पहले मलयाली थे। जॉर्ज कुरिएन का जन्म केरल से आने वाले एट्टुमानूर जिले के नम्बियाकुलम में हुआ था। उनकी शिक्षा कोट्टायम जिले में हुई। वह सीरो-मलाबार कैथोलिक चर्च के सदस्य हैं। जॉर्ज कुरियन ने एलएलबी और मास्टर ऑफ आर्ट्स की डिग्री हासिल की है।